वर्ष 19 | अंक 115 | पृष्ठ 12
देवघर
रविवार, 27 अक्टूबर 2024
मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ

पेज 12 : आस्ट्रेलिया और दक्षिण...

www.shwetpatra.co.in
देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित
E-mail : shwetpatra10@gmail.com

संक्षिप्त समाचार

क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा जोखिम

मुंबई (एजेंसी)। क्रिप्टोकरेंसी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और मॉनेटरी स्टेबिलिटी के लिए बहुत बड़ा जोखिम है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में आयोजित एक कार्यक्रम में



यह बात कही। उन्होंने कहा – मैं वास्तव में इस राय का हूं कि यह ऐसी चीज है जिसे फाइनेंशियल सिस्टम पर हावी होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। यह ऐसी स्थिति भी पैदा कर सकता है जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति से नियंत्रण खो सकता है। यदि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति से नियंत्रण खो दे तो बैंकिंग सिस्टम में उपलब्ध लिक्विडिटी की जांच कैसे करेगा।

दिल्ली में स्कूल के बाहर आतंकी पन्नू ने लिखवाए नारे

अमृतसर (एजेंसी)। खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस ने दिल्ली के व्हाइट लीफ पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के पूर्व उच्चायुक्त संजय वर्मा के खिलाफ नारे लिखे हैं। आतंकी पन्नू ने एक वीडियो जारी कर कहा कि नारे उसने लिखवाए हैं। इसमें पीएम और वर्मा को हिंदू

आतंकवादी कहा है। आतंकी पन्नू का यह रिएक्शन वर्मा के एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू के बाद आया है। जिसमें वर्मा ने कहा था कि कनाडा ने भारत को धोखा दिया। कनाडा की राजनीति में खालिस्तानी आतंकियों का असर है। निज्जर की हत्या के आरोप भी राजनीति से प्रेरित हैं। पन्नू ने वीडियो में वर्मा को चेतावनी भी दी है। वह खालिस्तान समर्थकों की निगरानी में हैं।

भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए जारी की स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। इन नामों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह जैसे दिग्गज नेताओं

के नाम शामिल हैं। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। भाजपा की स्टार लिस्ट में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह के नाम भी शामिल हैं। भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में 40 नाम शामिल हैं।

'बटेंगे तो कटेंगे' सीएम योगी के बयान को संघ का समर्थन

मथुरा में दत्तात्रेय बोले-बहुत जल्द सुलझेगा मथुरा का मामला

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान का आरएसएस ने समर्थन किया है। जिसमें सीएम योगी ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि बटेंगे तो कटेंगे। योगी के इस बयान के बाद विपक्षी दलों ने आलोचना की थी। हालांकि, अब योगी के इस बयान का आरएसएस ने समर्थन किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि बयान का मतलब एकता लाना जरूरी है। हिंदू एकता लोक कल्याण के लिए आवश्यक है। हिंदू को तोड़ने के लिए लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने मथुरा मामले पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मथुरा का मामला अब न्यायालय में है और हमें उम्मीद है कि न्यायालय इसे जल्दी सुलझाएगा। जिस तरह अयोध्या मामले का निपटारा हुआ, हर मामले को उसी तरह से सुलझाना जरूरी नहीं हैज्हमें न्यायपालिका पर भरोसा रखना चाहिए, यह मुद्दा अभी भी चल रहा है और लोग अपनी आवाज उठा रहे हैं। अगस्त में आगरा में बोलते हुए आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में अशांति का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि बटेंगे तो कटेंगेज्एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं है। हमारी ताकत हमारी एकता में निहित है।

इजराइल का 'बम' वार

ईरान का आसमान किया धुआं-धुआं

● 100 मिसाइलों से बोला भीषण हमला, 20 ठिकाने कर दिए हैं तबाह ● दो सैनिकों की मौत, मिसाइल फैक्ट्रियों-सैन्य अड्डे को बनाया निशाना

तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)। इजराइल ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार तड़के पलटवार किया। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक 3 घंटे में 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल

फैक्ट्री और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास भी हमला हुआ है।

हमले स्थानीय समयानुसार देर रात 2.15 बजे शुरू हुए और तड़के 5 बजे तक जारी रहे। यरुशलम पोस्ट के मुताबिक इजराइल ने ईरान पर हमला करने के लिए 100 से ज्यादा फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया। हमले में एफ-35 का भी इस्तेमाल किया गया। सीरिया में रडार ठिकानों

पर इजराइल ने शुरुआती हमला किया। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया।

इजराइल डिफेंस फोर्स ने रात में 2.30 बजे इसकी जानकारी दी। आईडीएफ के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा- 1 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। ईरान और मिडिल ईस्ट में उसके सहयोगी 7 अक्टूबर 2023 से 7 मोर्चों पर हम पर हमले कर रहे हैं। हमें भी जवाब देने का हक है। अपनी रक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे। हमले के बाद ईरान ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं।

एक हुए बृजभूषण सिंह और बबीता फोगाट के सुर

एक ने बजरंग तो एक ने साक्षी मलिक के पति को ठहराया 'दोषी'

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के कुछ युवा रेसलर शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया के घर के बाहर पहुंचे थे। इन खिलाड़ियों की मांग थी कि वह वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं जिससे रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने नाम वापस ले लिया था। खेल मंत्रालय ने खिलाड़ियों को भेजने का फैसला किया। इसके बाद रेसलर बबीता फोगाट और फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने इसे साजिश का नाम दिया है। फेडरेशन के चैंपियनशिप से हटने के फैसले के बाद बजरंग पूनिया ने गंभीर आरोप लगाया था। खेल मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद बबीता ने फोगाट ने ट्वीट किया और बजरंग को ही इसका कारण बता दिया। बबीता ने एक्स पर लिखा, '28 अक्टूबर से शुरू होने वाली विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में खेल मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा भारतीय टीम को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भेजने का फैसला अत्यंत सुखदाई है। कुश्ती जैसे पवित्र खेल जो हरियाणा की शान है और देश की जान है को कुछ लोगों ने उसकी गरिमा को धूमिल किया।

ज्ञानवापी के पूरे परिसर का अभी नहीं होगा सर्वे

● कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका की खारिज, वकील बोले-हाईकोर्ट जाएंगे

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी में ज्ञानवापी के पूरे परिसर का सर्वे नहीं होगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शुक्रवार को इससे जुड़ी हिंदू पक्ष की याचिका खारिज कर दी। हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि मुख्य गुंबद के नीचे 100 फीट



का शिवलिंग मौजूद है। ऐसे में पूरे परिसर की खुदाई कराकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराया जाए। हिंदू पक्ष के वकील जय शंकर रस्तोगी ने बताया कि हम इस मामले को लेकर अब हाईकोर्ट जाएंगे। एक अन्य वकील मदन मोहन ने बताया, वजू खाना और एएसआई सर्वे कराने की मांग पहले से ही हाईकोर्ट में लंबित है। उसके विरोधाभास में जिला कोर्ट कोई आदेश नहीं दे सकती थी। शायद इस वजह से यह याचिका खारिज कर दी गई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 1991 में दायर याचिका पर फैसला सुनाया। इसे 33 साल पहले स्वयंभू ज्योतिर्लिंग की ओर से पं. सोमनाथ व्यास, डॉ. रामरंग शर्मा और पं. हरिहर नाथ पांडेय ने पूरे परिसर की एएसआई सर्वे की मांग उठाई थी। हालांकि, तीनों की मौत हो चुकी है। अब वादी वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी हैं। पूरे परिसर के सर्वे मांग वाली याचिका पर 8 महीने से फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई चली। इस दौरान मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने दलील दी थी कि जब ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वेक्षण एक बार पहले हो चुका है, तो दूसरा सर्वेक्षण करने का कोई औचित्य नहीं है।

पंजाब के 4 हाईवे अनिश्चितकाल के लिए हुए बंद

किसान बोले-

लिफ्टिंग शुरू होने तक नहीं खुलेंगे रास्ते, इमरजेंसी सेवाएं रहेंगी जारी

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब में धान की लिफ्टिंग ना होने से खफा किसानों ने शनिवार को राज्य के 4 हाईवे बंद कर दिए हैं। किसान 1 बजे सड़कों पर बैठ गए। ये प्रदर्शन तब तक जारी रहेगी, जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारें दोनों ही उनकी मांगों की तरफ

ध्यान नहीं दे रहीं। किसान मजदूर मोर्चा और किसान संयुक्त मोर्चा नॉन (पॉलिटिकल) जॉइंट फोरम के नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि आज 1 बजे के बाद से पंजाब के 4 हाईवे जाम किए गए हैं। 1 बजे के बाद आवाजाही को बंद कर दिया गया। पंधेर ने कहा कि फूड सप्लाई मंत्री के साथ शैलरों की बैठक हुई थी। शैलरों की मांग थी कि धान में से कम चावल निकलता है और उन्हें 2-3 किलो की अधिक छूट दी जाए।

साइक्लोन 'दाना' से पश्चिम बंगाल में 4 लोगों की मौत

ओडिशा में 1.75 लाख एकड़ में फसल हुई बर्बाद

भुवनेश्वर (एजेंसी)। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन 'दाना' शनिवार रात तक पूरी तरह बेअसर हो जाएगा। तूफान के चलते पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान, दक्षिण 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा में 4 लोगों की मौत हो गई है। ओडिशा में किसी की जान नहीं गई, लेकिन बारिश और तूफान से 1.75 लाख हेक्टेयर इलाके में फसल बर्बाद हो गई है। ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी ने बताया कि तूफान से पहले 8 लाख लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया था। दाना का असर आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में भी

पड़ा। बिहार और झारखंड में बारिश जारी है। झारखंड में तापमान 6 डिग्री गिर गया है। अगले 24 घंटे तक बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में बारिश का अनुमान है। पेड़-बिजली के खंभे उखड़े, बिहार-झारखंड में भी बारिश ओडिशा में सबसे ज्यादा नुकसान केंद्रपाड़ा, भद्रक और बालासोर जिलों में हुआ है। तेज हवा से कई पेड़ उखड़ गए। बिजली के खंभे टूट गए हैं। इससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। तूफान के चलते नजदीकी राज्यों झारखंड, बिहार में भी बारिश हो रही है।

जेवीएनएल के पेंशन फंड का 56 करोड़ 50 लाख रुपये का बैंकिंग घोटाला

सेंट्रल बैक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर सहित 6 लोग गिरफ्तार

रांची (एप्र)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बिरसा चौक ब्रांच के मैनेजर लोलस लकड़ा को एटीएस की टीम ने करोड़ों रुपये गबन के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीआईडी ने इनके अलावा अन्य पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही इनके पास से कुल 1 करोड़ 23 लाख 20 हजार 300 रुपये नगद और 16 लाख 70 हजार रुपये कीमत की ज्वेलरी भी बरामद की गयी है। जानकारी के मुताबिक झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लॉईज मास्टर ट्रस्ट अभियंत्रण भवन एचईसी (जेवीएनएल) से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बिरसा चौक ब्रांच ने डाक में 56,50 लाख रुपये अपने बैंक में मंगवाये थे। लेकिन उक्त रकम को ब्रांच मैनेजर लोलस लकड़ा और अन्य की मिलीभगत से गबन कर लिया गया। इस संबंध में जेवीएनएल के वरीय प्रबंधक

(वित्त एंव लेखा) ने सीआईडी विभाग के साईबर थाने में 4 अक्टूबर को गबन का मामला दर्ज कराया था। राज्य के पुलिस कप्तान द्वारा सीआईडी में दर्ज मामले में कारवाई के लिए एटीएस के एसपी के हवाले कर दिया। जिसके बाद टीम कार्रवाई करते हुए बैंक के ब्रांच मैनेजर लोलस लकड़ा को नगड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम डहुटोली से हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें उन्होंने गबन की बात स्वीकारी। उसके बाद एटीएस टीम ने उनकी निशानदेही पर ओबरिया रोड के एकता नगर स्थित शांति कंस्ट्रक्शन कंपनी के ऑफिस से 30 लाख 2 हजार 500 रुपये और 7 लाख 1600 रुपये (कुल 37 लाख 18 हजार 500 रुपया) और इस घोटाला में इस्तेमाल किये गये मोबाइल को ब्रांच मैनेजर लोलस लकड़ा के घर से बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक सीआईडी के द्वारा अब तक 350 बैंकों के अकाउंट की जानकारी हासिल कर उसे फ्रिज कर दिया गया है। साथ ही अब तक कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गठित एसआईटी ने गबन के 56.50 करोड़ में से अब तक 1,23,20,300 रुपयों की बरामदगी कर चुकी है। बाकी रकम की बरामदगी के लिए टीम आगे की कारवाई में लगी हुई है।

मुआवजे के लिए पीड़ितों ने किया है क्लेम ट्रिब्यूनल का रुख

ज्यादा मुआवजा चाहते हैं बालासोर रेल हादसे के 'पीड़ित'

नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले साल जून 2023 में ओडिशा के बालासोर में एक भयानक रेल हादसा हुआ था। इस रेल हादसे में 297 लोग मारे गए थे और 800 से अधिक लोग घायल हुए थे। हालांकि पीड़ितों के परिजन अभी भी मुआवजे के लिए परेशान हैं। सैकड़ो पीड़ितों ने रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल का रुख किया है। रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल के सामने अधिक मुआवजे के लिए 841 याचिकाएं दायर की गई है। रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल में पीड़ित परिजन अधिक मुआवजे के लिए याचिका दायर करते हैं। परिवारों का प्रतिनिधित्व वकीलों द्वारा किया जाता है। रिकॉर्ड को पढ़ा और इसमें पता चला कि मुआवजे के लिए अधिकतम राशि



215 लोगों के मामलों में रेलवे ने मांगा 'उपस्थिति' का सबूत

पश्चिम बंगाल के निवासी को दी गई। इस हादसे में उसके लेफ्ट हैंड की कलाई जल गई थी और उसका दाहिना हाथ फैक्चर हो गया था। नियम के अनुसार उसे 2 लाख रुपये का मुआवजा मिलना था लेकिन उसे 5.4 लाख रुपये मिला। वहीं तीन मामलों में अनुग्रह राशि से केवल 10 हजार रुपये अधिक मुआवजा दिया गया।

वहीं रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल ने मौतों के 183 मामले में हर एक परिजन को 8 लाख रुपये का अतिरिक्त मुआवजा दिया है। इन परिवारों ने कहा था कि जिनकी मृत्यु हुई है, वह परिवार में एकमात्र कमाने वाले थे। वहीं

मौत से जुड़े 9 मामलों में अभी याचिका लंबित है। इसमें कोलकाता के 4, पटना के तीन और रांची के दो मामले शामिल हैं। वहीं कोलकाता के एक मामले को खारिज कर दिया गया।

जब यह हादसा हुआ तो दौरान रेलवे ने मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल और विकलांगों के लिए 2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए 50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया था। हादसे के 16 महीना में 1102 यात्रियों में से 76त्न लोगों ने बेहतर राहत के लिए कोलकाता, भुवनेश्वर, रांची, पटना, चेन्नई और भोपाल में रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल का रुख किया है।

एक नजर

स्कूल में दीपोत्सव कला व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

राजगंज (एप्र)। संत मैथ्यूज हाई स्कूल राजगंज में शनिवार को दीपोत्सव कला व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने दिया सजावट कर एवं रंगोली प्रतियोगिता में सुंदर रंगोलियां बनाकर सबका मन मोह लिया। जिसमे दीपावली रंगोली, मधुबनी पेंटिंग, नारी शक्ति आदि रंगोलियां सम्मिलित थीं। इस प्रतियोगिता में कक्षा छः से कक्षा दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल कुमार दे ने छात्र-छात्राओं को जीवन में त्योहारों का सही मतलब,जीवन में रंगों का महत्व को समझाया। रंगोलियों का चयन स्कूल के शिक्षक एवं प्रधानाचार्य राहुल कुमार दे के द्वारा किया गया।दोनों ग्रुप के सफल छात्रों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया निर्णायक मंडली में अजय सर, सृष्टिधर बाउरी,अंजलिरानी,पिंकी,लक्ष्मी आदि मौजूद थे।

विधानसभा चुनाव को लेकर तिसरा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

अलकडीहा(एप्र)। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में तिसरा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। यह मार्च गोलकडीह थाना मोड़ से शुरू होकर जयरामपुर मोड,चांद कुइया मोड, एमओसीपी आदि क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान फ्लैग मार्च का नेतृत्व तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने किया, जिसमें बीएसएफ की 88 बटालियन भी शामिल थी। थाना प्रभारी ने बताया कि इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे किसी भी भय से मुक्त होकर निष्पक्ष रूप से मतदान कर सकें।

सांसद ढुल्लू महतो के प्रयास से मृतक के परिजनों को मिला मुआवजा

बाघमारा (एप्र)। बीते शुक्रवार को राजगंज जीटी रोड पर राजेंद्र उप्पाध्या की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई।जिसके बाद धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के निरंतर प्रयासों से कंपनी से बातचीत कर मृतक के परिजनों को 5 लाख का मुआवजा दिलाने का काम किया और उनकी पत्नी के लिए रोजगार की सहमति भी बनाई।मृतक धनबाद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत थे। मौके पर डुमरा के मुखिया बिनोद महतो, बेहराकुदर के मुखिया जालिम रजक, उदयपुर के मुखिया प्रेम महतो, प्रिंस कुमार, सपन तिवारी और ब्रमांडीहा के मुखिया विवेक पासवान भी उपस्थित थे।

वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से पुलिस ने 78,500 रुपये किए बरामद

अलकडीहा (एप्र)। तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कल रात अलकडीहा के नजदीक वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल पर लोदना जा रहे प्रकाश निषाद से उसके बैग से 78,500 रुपये बरामद किए। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि प्रकाश पैसे क्यों और किस काम से ले जा रहा था। हालांकि, प्रकाश ने बताया कि वह आवश्यक कार्य के लिए पैसे ले जा रहा था। थाना प्रभारी ने पैसे से संबंधित जरूरी दस्तावेज पेश करने के लिए कहा है, जबकि प्रकाश ने दस्तावेज लाने की बात कहकर वहाँ से चला गया। तीसरे थाना प्रभारी क्षेत्र में लगातार वाहन चेकिंग और छापेमारी कर रहे हैं, विशेषकर चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। अब तक कई स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है, जिसमें शराब और गांजा भी पकड़ा गया है।

राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए लोदना क्षेत्र को चल वैजयंती शील्ड से किया गया सम्मानित

अलकडीहा (एप्र)। बीसीसीएल के मुख्यालय में राजभाषा हिंदी की कॉपोरेट तिमाही बैठक का आयोजन निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया की अध्यक्षता में हुआ। इस बैठक में महाप्रबंधक (राजभाषा) के अलावा मुख्यालय और क्षेत्र के अधिकारियों तथा हिंदी संवर्ग के कर्मचारियों ने भाग लिया। सितंबर की तिमाही में लोदना क्षेत्र को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए चल वैजयंती शील्ड से सम्मानित किया गया था, और यह शील्ड महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती को शनिवार को सौंपी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक) दीपक कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रशासन) अरिंदम कुंडू, नोडल अधिकारी (राजभाषा) सौरभ सिंह, हिंदी टंकक विश्वनाथ धीबर, अनुवाद (प्रशिक्षु) रौशन कुमार शर्मा, लिपिक राकेश कुमार तथा किशोर कुमार भी उपस्थित थे।

आठवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वर्गीय रघुनाथ महतो

गोमो (एप्र)। तोपचांची के दुमदुमी पंचायत सचिवालय के निकट स्वर्गीय रघुनाथ महतो की आठवीं पुण्यतिथि शनिवार को मनाई गई। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम का संचालन स्वर्गीय रघुनाथ महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष सदानंद महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय महतो के परिवार के सदस्यों ने सबसे पहले उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिप सदस्य वाणी देवी सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे। मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि स्वर्गीय रघुनाथ महतो क्रांति के प्रतीक थे, जबकि सदानंद महतो ने उन्हें एक लेखक और दार्शनिक जननायक बताया, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित किया। उन्होंने आगे कहा कि समाज में वर्तमान में भटकाव और बिखराव है, जिसे एकजुट करने की आवश्यकता है। वाणी देवी ने कहा कि स्वर्गीय रघुनाथ महतो स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो के सहपाठी थे और उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। कार्यक्रम का समापन अनंत लाल महतो ने धन्यवाद ज्ञापन देकर किया।

प्रमंडलीय आयुक्त ने प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक

- **आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत सीमा पर चेकनाका पर हथियार, शराब, नगद सहित गैरकानूनी वस्तुओं पर विशेष चौकसी के निर्देश**

धनबाद (एप्र)। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल,हजारीबाग पवन कुमार ने आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित झारखंड व पश्चिम बंगाल के प्रशानिक अधिकारियों के साथ शनिवार को मैथन के चेयरमैंन गेस्ट हाउस में समीक्षात्मक बैठक किया। इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की गई। दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि झारखंड से लगने वाले सीमा धनबाद,बोकारो एव रामगढ़ के सभी सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई जाए और हर गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी गई है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत सीमा पर चेक नाका पर हथियार, शराब नगद सहित गैरकानूनी वस्तुओं पर विशेष चौकसी रखी जाए। साथ हीं उन्होंने होटल ,ढाबा पर भी विशेष नजर रखने हेतु दोनों राज्य के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अवैध कारोबार पर लगाम लगाया जा सके।बंगाल प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है कि सीमा पर लगने वाले मिरर चेकपोस्ट को और भी सक्रिय बनाएँ ताकि हमारी जांच में अगर कुछ छूट गई है तो बंगाल में उसे ट्रेस किया जा सके एवं कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्पर रहे।मौके पर डीआईजी बोकारो रेंज सुरेंद्र कुमार झा, धनबाद उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा,बोकारो उपायुक्त विजया जाधव, धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन,डीआईजी सीआरपीएफ बोककरो रेंज ब्रजेश सिंह, बोकारो एसपी मनोज स्वगीर्यारी, सिटी एसपी अजीत कुमार,ग्रामीण एसपी कपील चौधरी,एसीपी कुलटी एस के जावेद हुसैन, डीडीसी सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला,कमांडेंट सीआरपीएफ राजीव रंजन, एसडीओ रघुनाथपुर, एसडीपीओ रघुनाथपुर, समेत पश्चिम बंगाल के सभी सीमावर्ती क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

भाजपा केंदुआ मंडल ने की बैठक,जीत सुनिश्चित करने के लिए बनाई रणनीति

लोयाबाद (एप्र)। भारतीय जनता पार्टी के केंदुआ मंडल की बैठक हिंदी भवन स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुई, जिसकी अध्यक्षता गोविंदा राउत ने की। बैठक का संचालन रणधीर सिंह ने किया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा नेतागण, धनबाद विधायक राज सिन्हा और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव और सभी बूथों के लिए विशेष सुझावों पर चर्चा की गई, साथ ही धनबाद सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियाँ बनाई गईं। विधायक राज सिन्हा ने झामुमो सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार विकास के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही है और युवाओं को रोजगार देने के नाम पर धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि 2019 में हेमन्त सोरेन की सरकार बनने के बाद से मईया सम्मान योजना की कोई चर्चा नहीं थी, लेकिन चुनाव के दो महीने पहले यह योजना अचानक सामने आई। बैठक में जौनपुर के सांसद केपी सिंह, सुनील पासवान, गोविंद राउत, तमल रॉय, रणधीर सिंह, और राजा चौरसिया जैसे नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

बजरंगी महथा निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव, नामांकन फार्म खरीदा



देवघर (एप्र)। बजरंगी महथा देवघर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। शनिवार को एसडीओ ऑफिस पहुंचकर बजरंगी ने नामांकन फार्म खरीदा। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को बिना ताम-झाम के अपनी पत्नी व समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। बजरंगी ने कहा कि देवघर विधानसभा की जनता राजद के सुरेश पासवान और भाजपा के नारायण दास से ऊब चुकी है। इसीलिए यहां के लोग अब एक नए विकल्प की तलाश में है। देवघरवासी उस विकल्प को रूप में मुझे देख रहे हैं। बजरंगी का दावा है कि स्थानीय लोगों का उन्हें काफी समर्थन मिल रहा है और वह जीत के प्रति पूरी तरह से आश्वस्त हैं।

खेलो झारखंड वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

गोड्डा, एप्र। झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत गोड्डा की मेजबानी में राज्य स्तरीय अंडर 17 बालक एवं बालिका प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार शाम स्थानीय राज कचहरी वॉलीबॉल मैदान पर किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो एवं जाने माने उद्योगपति सह समाज सेवी संजीव आनंद उर्फ रिंकू आनंद ने किया। मौके पर डा महतो ने कहा कि 26 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित इस शिविर में झारखंड के विभिन्न जिला से 20 बालक तथा 18 बालिकाओं को आमंत्रित किया गया है। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर चयनित 12 - 12 खिलाड़ियों की टीम उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित एसजीएफआई नेशनल अंडर 17 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

झारखंड सरकार ने युवाओं और महिलाओं के साथ किया है भेदभाव : बिरेंद्र पासवान

लोयाबाद (एप्र)। लोयाबाद के सक्रिय और संघर्षशील भाजपा नेता बिरेंद्र पासवान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में झारखंड की जनता ने बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टीकरण और दलित-आदिवासी -पिछड़े समुदायों के उत्पीड़न से भरे ठगबंधन की सरकार का सामना किया है।झामुमो,कांग्रेस और राजद के जंगलराज से परेशान झारखंड के लोग इस बार बदलाव की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार ने युवाओं और महिलाओं के साथ भेदभाव किया है। बाघमारा क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों से विधायक रहे ढुल्लू महतो ने हमेशा मजदूरों,पीड़ितों, दलितों,पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के हित में काम किया है,जिसके चलते जनता ने उन्हें हमेशा समर्थन दिया। इसी तरह, शत्रुघ्न उर्फ शरद महतो भी पिछले 15 वर्षों से मजदूरों के लिए समर्पित रहे हैं और भाजपा ने उन्हें बाघमारा विधानसभा से उम्मीदवार बनाया है, जहाँ जनता उन्हें भी विजय दिलाने का वादा कर रही है। वहीं, कांग्रेस ने जलेश्वर महतो को बाघमारा से उम्मीदवार बनाया है, जो अपने पिछले कार्यकाल में जनता को ठगने का काम कर चुके हैं। उन्होंने लोयाबाद को राजनीति का केंद्र बनाया है और बाघमारा की जनता के हित में कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया। यही कारण है कि पिछले 15 वर्षों से बाघमारा की जनता ने उन्हें नकारते हुए सत्ता से दूर रखा है।

पूर्व पार्षद रणविजय महतो के निधन पर शोक सभा का आयोजन

धनबाद (एप्र)। मनईटॉड़ बस्ती में मां काली क्लब द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता मुनेश्वर महतो ने की, जिसमें पहले सार्वजनिक काली पूजा कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व पार्षद स्वर्गीय रणविजय महतो के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और कार्यों के बारे में चर्चा की। मनईटॉड़ बस्ती में सार्वजनिक काली पूजा इस साल 50 साल पूरे कर रही है, लेकिन रणविजय महतो के निधन के कारण इस वर्ष पूजा साधारण तरीके से मनाई जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में सप्पू महतो, राणा चट्टराज, दिनेश महतो, सृष्टिधर महतो, मुकेश सोनकर, रमेश महतो,धनंजय महतो,लाला बाल्मीकि, विशंभर महतो,रंजीत महतो आदि शामिल हुए।संघर्षशील परिवर्तन संस्था ने बरमसिया में भी स्वर्गीय रणविजय महतो को श्रद्धांजलि दी। इस सभा की अध्यक्षता कल्याण घोषाल ने की, जिसमें सचिव जयदीप बनर्जी, भारत दत्त, बादल सरकार, राणा चट्टराज, गणेश महतो, सोना विश्वास, अर्जुन महतो, कमल महतो, सृष्टिधर महतो, विशंभर महतो सहित अन्य उपस्थित थे। स्वर्गीय रणविजय महतो के भाई विक्रम और मुकेश महतो भी इस श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

सोशल मीडिया के जरिए मतदाताओं को किया जाएगा जागरूक

देवघर (का.प्र.)। विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती की अध्यक्षता में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर एवं कंटेंट क्रिएटर के साथ बैठक का आयोजन सूचना भवन में किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर फर्स्ट टाइम वोटर के साथ युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में विभिन्न प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी मतदाता दिनांक 20.11.2024 को अपने घरों से निकलकर मतदान करें इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किये जा रहे हैं। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से मतदाताओं को जागरूक करने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें,वोट प्रतिशत में वृद्धि हो इसके लिए यह बैठक आयोजित की गई है। इंफ्लुएंसर की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली माध्यम है। एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं, जिसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा सकता है। इस दौरान सभी इनफ्लुएंसर ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने अपने विचार रखे। साथ ही संगीत, रील्स, ब्लागर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावा जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं सोशल मीडिया इंफुलेन्सर व क्रियेटर उपस्थित थे।

मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

मधुपुर (निसं)। दीपावली पर शनिवार को रोटरी क्लब आफ मधुपुर के द्वारा सहेली सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में 20 बच्चियों ने अपनी भागीदारी निभायी। मेहंदी प्रतियोगिता में स्नेहा अरशद ने प्रथम,राजनंदनी ने द्वितीय तथा सानिया निशात व खुशी नाज ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।वही रंगोली प्रतियोगिता में आलिया निखत एवं शाकिफा परवीन शाहजहां ने संयुक्त रूप से पहला तथा तहसीन परवीन,फिरोजा परवीन व अजका तन्हार ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज डालमिया, संजय शर्मा,प्रसाद चटर्जी,रितेश मोदी,प्रकाश चमड़िया, रिचा मोदी,सरोज चिडिया आदि ने अपनी सफल भागीदारी निभाई।

मधुपुर महाविद्यालय के छात्र का चयन

मधुपुर (निसं)। बीआईटी पटना में आयोजित होने वाली पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना झारखंड, के 16 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है। इसमें मधुपुर कॉलेज का छात्र जयसवाल विनोद का भी चयन हुआ है। बताया जाता है कि यह शिविर 10 दिनों तक चलेगी। जिसमें चयन होने के बाद स्वयंसेवक गणतंत्र दिवस परेड - 2025 में राजभवन दिल्ली के राजपथ पर परेड का प्रदर्शन करने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होगा। इस हेतु महाविद्यालय एनएसएस यूनिट- 03 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनीता गुआ हेंब्रम एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ० रत्नाकर भारती ने विनोद को ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

जरूरतमंदों को कराया भोजन

मधुपुर (निसं)। लायंस क्लब मधुपुर शाखा द्वारा मानव सेवा के तहत शुक्रवार को हाजी गली में 80 गरीब जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष शौकत नाज ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को फूड फॉर हंगर कार्यक्रम में मानव सेवा के तहत गरीबों के बीच भोजन और सूखा राशन का वितरण किया जाता है। लायंस क्लब द्वारा शहरी क्षेत्र में गांधी चौक, रामयश रोड समेत कई स्थानों में आरओ वॉटर प्याऊ की व्यवस्था की गई है।

1 किलो 70 ग्राम गांजा बरामद

लोयाबाद (एप्र)। पुटकी पुलिस ने देर रात गुप्त सूचना के आधार पर लोयाबाद-पुटकी थाना क्षेत्र में पारबाद रेल पुल के पास एक ध्वस्त रेलवे आवास के समीप स्थित काली मंदिर के निकट छापेमारी की। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जानकारी पर पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था नौसाद आलम के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गए। जांच के दौरान पुलिस को एक चबूतरे पर एक थैले में लगभग 1 किलो 70 ग्राम गांजा मिला,जिसे उन्होंने जब्त करके थाना ले गई।

12 घरों के पुनर्वास से हिलटॉप आउटसोर्सिंग पैच के विस्तारीकरण का रास्ता हुआ साफ

लोयाबाद (एप्र)। सिजुआ क्षेत्र 5 के मोदीडीह कोलियरी के मेगा प्रोजेक्ट पर तेतुलमुड़ी स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग पैच के विस्तारीकरण का रास्ता एक बार फिर खुल गया है। कंपनी की जमीन की कमी के कारण 4 महीने से ठप पड़ा आउटसोर्सिंग कार्य जल्द ही शुरू होगा। पैच के विस्तार में बाधा डालने वाले मोदीडीह 6/10 बस्ती के लगभग 12 घरों को सहमति और पुनर्वास के आधार पर खाली कराया जा रहा है। इस दौरान एक कांग्रेस महिला नेत्री सहित अन्य लोगों के आवास को तोड़कर उन्हें अन्य स्थानों पर बसाया गया है। इसके अलावा, कॉलोनी के आसपास के कंपनी आवासों को भी ध्वस्त किया जा रहा है। महिला नेत्री के हटने के बाद मोदीडीह परियोजना प्रबंधन ने राहत की सांस ली है और दूसरे घरों को हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। कोलियरी प्रबंधन ने बताया कि लगभग एक सप्ताह में जमीन खाली करा दी जाएगी, और नवंबर से आउटसोर्सिंग कार्य शुरू होने की संभावना है। हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में पैच के विस्तारीकरण के अभाव में कंपनी ने करीब 3 महीने से उत्खनन कार्य रोक दिया था, जिससे लगभग 150 मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह परियोजना पिछले अगस्त से पूर्ण रूप से बंद है, जिससे 150 मजदूरों को काम से निकाल दिया गया। कंपनी ने अपने कर्मचारियों के लिए नो वर्क, नो पे नीति लागू की और पैच में लगाए गए सभी उपकरण परियोजना से हटा लिए गए हैं। कुछ श्रमिकों को, जैसे टेक्नीशियन और मैकेनिकल वर्करों, को नागपुर और अन्य स्थानों पर भेज दिया गया। इस विषय में कंपनी के जीएम अंजय सिंह से संपर्क करने पर उनका फोन नेटवर्क से बाहर आ रहा था।

टिकट न मिलने पर बगावत पर उतरे पूर्व मंत्री के आवास पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रदेश संगठन प्रभारी

लक्ष्मीकांत : राजनीतिक जीवन में कठिनाई आती है, रास्ता निकलेगा

राज पलिवार : वार्ता सौहार्दपूर्ण रही, अच्छे व सुखद परिणाम की अपेक्षा

श्वेत-पत्र/देवघर (का.प्र.)।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह संगठन के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी शनिवार को पूर्व मंत्री राज पलिवार के पंडित बीएन झा पथ स्थित आवास पहुंचे। मधुपुर से भाजपा का टिकट नहीं मिलने के कारण राज पलिवार इन दिनों अपनी पार्टी से बगावती तेवर अपनाए हुए हैं। उन्होंने मधुपुर से निर्दलीय चुनाव की घोषणा की है और फॉर्म भी खरीद लिया है। साथ ही भाजपा आलाकमान को सोचने के लिए दो दिनों को अल्टीमेटम भी दिया था। इस बीच भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह संताल परगना प्रभारी बाल मुकुंद सहाय के राज पलिवार के घर पहुंचने को डैमेज कंट्रोल के रूप में देखा जा रहा है। आवास पर राज और लक्ष्मीकांत बाजपेयी में लंबी बातचीत हुई।

प्रारंभिक वार्ता हुई है

पत्रकारों से बातचीत में लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि राज पलिवार भाजपा के कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ता के नाते इन्होंने बहुत सुनहरा समय पार्टी को दिया है। राजनीतिक जीवन में इस प्रकाश की कठिनाई आती है। राज से प्रारंभिक बातचीत हुई है। इनकी तरफ से कोई ऐसी बात नहीं आई है, जिससे कि बातचीत को आगे नहीं बढ़ाया जाए। शालीनता और सम्मान के साथ बात हुई है और इसका रास्ता निकलेगा, ऐसा मुझे विश्वास है। बस इतना समझ लीजिए कि जो कठिनाइयां राज पलिवार को हो रही है, वह दूर हो जाएगी।

बदले हुए राजनीतिक हालत का किया आकलन

राज पलिवार ने कहा कि घर पर पार्टी के संगठन के झारखंड प्रभारी का आगमन हुआ है। बदले हुए राजनीतिक हालत और उसकी परिस्थितियों का आकलन और मूल्यांकन हमलोगों ने किया है। बातें हुई हैं। कुछ सवाल मेरे भी थे, जिसमें कुछ का जवाब मिला है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातें हुई है, इसमें कोई संदेह नहीं है। अच्छे और सुखद परिणाम आने की कामना बाबा बैद्यनाथ से करता हूं।

राज ने सोशल मीडिया पर बयां की थी पीड़ा

तीसरी बार भाजपा ने मधुपुर से राज पलिवार का टिकट काटने पर सोशल मीडिया पर उन्होंने अपनी पीड़ा बयां की थी। राज ने लिखा था- झारखंड भाजपा को मधुपुर में उस कार्यकर्ता को टिकट देना चाहिए था, जिसने सालों से बिना किसी स्वार्थ के अपने खून-पसीने से पार्टी को सींचा है। यह बेहद दुखद है कि ऐसे समर्पित कार्यकर्ता की जगह एक धनवान व्यक्ति को चुना गया। टिकट न मिलने का व्यक्तिगत दर्द उतना नहीं, जितना यह देखकर पीड़ा होती है कि जिसने पार्टी के लिए सब कुछ त्याग दिया, उसे आज इस कदर नजरअंदाज किया गया। यह वास्तव में पार्टी के उस जमीनी कार्यकर्ता के लिए एक करारी चोट है, जो केवल सम्मान और पहचान का हकदार था। इसके बाद राज पलिवार ने अपने सर्मथकों के साथ बैठक मधुपुर में बैठक कर पार्टी को दो दिनों का अल्टीमेटम दिया था।

नाराज तूफान महथा से भी मिले प्रदेश प्रभारी

उधर, देवघर विधानसभा से टिकट नहीं मिलने पर नाराज भाजपा नेता तूफान महथा से भी प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजयेपी मिले और उनकी पीड़ा सुनी। उन्होंने कहा कि यह नाराजगी एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और जो भी नेता रूठे हैं, उन्हें पार्टी मना ली है। जो बाकी हैं, उन्हें मनाने का प्रयास जारी है। तूफान महथा ने कहा कि प्रभारी और गोड्डा सांसद ने किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से फोन पर मेरी बात कराई। भाजपा जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने तूफान महथा को संगठन का काम करने को कहा है।

बड़ी पार्टी के भीतर ऐसी परिस्थितियां आती है : सहाय

भाजपा के संताल परगना प्रभारी बालमुकुंद सहाय ने कहा कि राज पलिवार पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता रहे हैं। पार्टी को इस क्षेत्र में खड़ा करने में इनका बड़ा योगदान है। सब कोई मिलजुल कर हमलोग साथ चले, यहीं प्रयास रहेगा। आने वाला समय

सुखद रहेगा। बड़ी पार्टी के अंदर कभी-कभी इस तरह की परिस्थितियां आती हैं। लेकिन कुल मिलाकर सब ठीक रहेगा और पार्टी को आगे ले जाएंगे। मौके पर राज पलिवार की पत्नी महालक्ष्मी पलिवार, पुत्र समेत अन्य परिजनों ने अपने आवास पर दोनों नेताओं का स्वागत किया।

एक नजर

फाइलेरिया जांच को लिया ब्लड सैंपल

बैद्यनाथधाम (निसं)। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आंबेडकर नगर मोहल्ले में जाकर लोगों को फाइलेरिया

से बचाव की जानकारी दी। टीम ने बसमत्ता में 310 और आंबेडकर नगर में 306 लोगों का फाइलेरिया जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया। टीम में एलटी नीलम सेठी, एमपीडब्लू राकेश कुमार झा, फार्मासिस्ट बिरेंद्र कुमार सुमन, सुमन कुमार, शंकर दयाल, कासिम अंसारी, अमरेंद्र कुमार, सेविका, सहायिका, सहिया शामिल थी।

तीन दिवसीय विज्ञान मेला शुरू

देवघर (का.प्र.)। कुंडा के उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय क्षेत्रीय विज्ञान मेला शनिवार से शुरू हुआ। इसका उदघाटन

क्षेत्रीय मंत्री रामअवतार नारसरिया ने किया। मौके पर ख्यालीराम, कुमार अनुपम, नकुल कुमार शर्मा, रामलाल, अजय कुमार तिवारी, संजीत कुमार, राजा राम शर्मा मौजूद थे। उपस्थित अतिथियों का परिचय सह अभिनंदन विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकुल कुमार जी के द्वारा किया गया। कुमार अनुपम सिन्हा ने विज्ञान मेले की प्रस्तावना पर प्रकाश डाला। ख्यालीराम कहा कि विज्ञान मेला का उद्देश्य बाल वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाना तथा उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना है। अध्यक्षीय संबोधन में रामअवतार नरसरिया ने विद्या भारती द्वारा आयोजित विज्ञान मेले की महत्ता बताते हुए कहा कि इससे कुशल बाल वैज्ञानिकों को तैयार कर देश के विकाश में अहम योगदान दिया जाता है। धन्यवाद ज्ञापन में विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव डॉ. भारती प्रसाद ने किया।

एम्स के पास से हटाई गई अवैध अस्थाई दुकानें

बैद्यनाथधाम (निसं)। देवीपुर अंचल के अंचलाधिकारी खोपलाल राम के द्वारा दो दिन का अल्टीमेटम देने के बाद एम्स स्थित अवैध अस्थाई दुकानें स्वयं दुकानदार ने हटा ली है। हालांकि अभी भी कई दुकानदार अपने गुंगटी, बक्सा टेबल कुर्सी वगैरह नहीं हटाया है। लेकिन दुकान बंद रखा है। इस संबंध में अंचलाधिकारी खोपलाल राम ने बताया कि पूर्व में भी अंचलाधिकारी के द्वारा अवैध दुकानों को हटाकर खाली करवाया गया था और इस बार भी खाली करवा दिया गया है। एम्स प्रबंधन को चाहिए कि वह अपना जमीन अपने कब्जे में करें। ताकि कोई अवैध दुकान नहीं लगा सके।

केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार

बैद्यनाथधाम (निसं)। पूर्व सांसद रवींद्र राय को भाजपा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के जिला मंत्री चंद्रशेखर खवाड़े ने केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। खवाड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश में पहली बार पूर्ण बहुमत और 5 साल चलने वाली सरकार रवींद्र राय के कार्यकाल में बनी थी। उस गति को पुनः बरकरार रखने के लिए रवींद्र राय को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना एक सार्थक कदम है।

तीन वारंटी गिरफ्तार

बैद्यनाथधाम (निसं)। देवीपुर थाने की पुलिस ने तीन वारंटी सरलु महतो उर्फ गणेश प्रसाद महतो, पुकली राउत उर्फ बुनाली राउत और सीताराम महतो उर्फ सीताराम यादव को गिरफ्तार किया है।सभी गिधैया गांव के रहने वाले हैं।

किशोरी की हत्या में दो पर केस दर्ज

बैद्यनाथधाम (निसं)। देवीपुर के लंबा गांव में 13 वर्षीय किशोरी गुड़िया की हत्या मामले में दो महिलाओं पर केस दर्ज कराया गया है। मृतका की मां कमली देवी ने मामले में गीता देवी और आरती देवी को आरोपी बनाया है। दोनों टटकियो गांव के रहने वाले हैं। महिला का आरोप है कि आपसी दुश्मनी को लेकर उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है।

चुन्ना का समर्थन नहीं, चाहे पार्टी मुझे क्यों न निकाल दे : भोक्ता

चुनाव के बाद नए विकल्प पर पूर्व विधायक करेंगे विचार

चितरा (एप्र)। झारखंड विधानसभा के चुनाव में सारठ विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से नाराज झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता सह झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता ने शनिवार को अपने चितरा आवास में अपने सर्मथकों के साथ रायशुमारी की। इसमें 64 पंचायतों से जुटे झामुमो कार्यकताओं ने एक स्वर में पार्टी आलाकमान द्वारा सारठ विधानसभा से चुन्ना सिंह को पार्टी का टिकट दिए जाने पर विरोध जताया।

झारखंड आंदोलन को कुचलने वाले को टिकट

शशांक शेखर भोक्ता ने कहा कि 34 सालों से पार्टी का सिपाही बनकर खड़ा रहा, पार्टी की विचारधारा को अपनाते हुए सारठ क्षेत्र में सामंती सोच और दबंगई के खिलाफ लड़कर पार्टी की नींव को मजबूत किया। लेकिन इनाम में मुझे पार्टी ने जो सिला दिया कि आज मैं हाशिए पर आ गया हूं। झारखंड आंदोलन में शिबू सोरेन के साथ लड़ते हुए जेल तक गया। जो लोग झारखंड आंदोलन को दबाने और इसे कुचलने का प्रयास किए, आज आलाकमान ने उन्हें ही सारठ का टिकट दिया है। जिसे सहन नहीं किया जा सकता है। चुनाव का वक्त है और समय भी बहुत कम है। कार्यकताओं ने रायशुमारी के दौरान कई नए विकल्प की बात कही है। चुनाव के बाद इस पर विचार होगा और कार्यकताओं से रायशुमारी के बाद नए विकल्प और नए सिरे से ग्रासरूट पर नई तैयारी की जाएगी।

रायशुमारी में ये थे मौजूद

उन्होंने अपने विचारों से पार्टी के शीर्ष नेताओं को भी अवगत करा दिया है कि वो सारठ में पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेंगे। चाहे उन्हें पार्टी रखें या निकाल दे, इसकी तनिक भी परवाह नहीं है। मौके पर राममोहन चौधरी, युगल किशोर राय, प्रशांत शेखर, रामकिशोर मंडल, राजकुमार यादव, माणिक चंद्र महतो, मुन्ना कुमार, नसीम अंसारी, रतन दास, सपन दास, आनंद महतो, सुरेश मुर्मू, सोनालाल हंसदा, इम्तियाज अंसारी, रजाउल मिया, इदरीश मिया, भूदेव यादव, सनातन, जब्बार अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। वहीं मंच का संचालन राजेश राय ने की।

भारी बारिश की आशंका से सभी सीओ-बीडीओ रहे अलर्ट : डीसी

श्वेत-पत्र/देवघर (का.प्र.)।

दाना तूफान को लेकर जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसे लेकर डीसी विशाल सागर ने सभी प्रखंडों के सीअ-बीडीओ और संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्पर रहने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि खराब मौसम में बारिश व वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। ऐसे में सभी प्रखंडो के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी के साथ संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखेंगे तथा किसी प्रकार की आपात सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारी को अवगत कराएंगे। आंधी तूफान के कारण किन्ही पथों पर अगर आवागमन बाधित होती है तो पथ को यथावत चालू कराने के संदर्भ में समुचित कार्रवाई करेंगे। लागातार हो रही बारिश को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के ढहने की संभावना है। खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां कच्चे मकान हैं। ऐसे में सभी प्रखंडों में इस बात विशेष रूप ध्यान रखें कि किसी भी व्यक्ति या परिवार को आश्रय की समस्या होने पर पास के स्कूल भवन, पंचायत भवनों या किसी अन्य उपयुक्त भवन के राहत शिविर में उन्हें सुरक्षित रहने की आवश्यक सुविधा मुहैया कराई जा सके। डीसी ने जिलावासियों से अपील की है कि खराब मौसम होने पर प्रयास करें कि अपने परिजनों के साथ अपने घरों मे ही रहें। विशेष परिस्थिति में ही अपने घरों से बाहर निकलें।

10 साल का कार्यकाल ट्रेलर था, फिल्म बाकी है : रणधीर

सारठ(एप्र)। भाजपा के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम सारठ प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित किया। इस दौरान अलुवारा, सबैजोर, झिलुवा, केराबांक, मंझलाडीह, बोचबांध, नवादा बसाहाटांड़, बभनगमा, पथरडा, सधरिया, सारठ, केंचुआबांक, जमुआसोल, फूलचूआ पंचायतों के विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में प्रत्याशी रणधीर सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 10 साल का मेरा कार्यकाल ट्रेलर था, फिल्म अभी बाकी है। हमारी सरकार बनेगी तो सबसे पहले गोगो दीदी योजना पहले कैबिनेट से मंजूरी दिलाने का काम करेंगे। वर्तमान सरकार ने भाजपा सरकार की जितनी भी योजनाएं बंद की है, उसे पुनः चालू करने का भी काम किया जाएगा। इस सरकार की मंसूबा सही नहीं है। साढ़े चार साल तक बिजली बिल माफ नहीं किया। 57 महीने से मंईयां सम्मान योजना नहीं ला पाई। अबुआ आवास योजना बबुआ आवास योजना बनकर रह गई। मौके पर बूथ सह प्रभारी, पन्ना प्रमुख, पन्ना सह प्रमुख, पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष,मंडल महामंत्री, सहित भाजपा कार्यकताओं ने भाग लिया। बारिश के मौसम में भी भाजपा कार्यकताओं का जन्म से लाभ नजर आया और भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विधायक यशवंत हुड्डा, जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया, मधुपुर विधानसभा के भाजपा नेता संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी, मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, परमानंद ठाकुर, संजय तिवारी, रूपेश मिश्र, सोहन बिस्तू, राजा तिवारी, जय देव शाह, सुनिल शाह, आशीष पांडे, जय कुमार महरा, मुकेश राय, बलराम शाह, अभय रवानी, बापी रूज, शुभम सिन्हा, गुड्डू झा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

सारठ विधानसभा

गंगा नारायण ने कई गांवों का किया दौरा

बैद्यनाथधाम(निसं)। देवीपुर प्रखंड के अमडीहा पंचायत के दर्जनों गांव में भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने अपने पक्ष में वोट करने की लोगों से अपील की। अपने समर्थकों के साथ गंगा नारायण बलनाडीह, घोंघाडीह, गढ़वा गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिले।

मधुपुर विधानसभा

तेजस्वी यादव कल देवघर में कॉलेज मैदान में होगी जनसभा

सुरेश पासवान के पक्ष में करेंगे चुनाव प्रचार

श्वेत-पत्र/देवघर (का.प्र.)।

देवघर विधानसभा के महागठबंधन के प्रत्याशी सुरेश पासवान 28 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, पूर्व विधायक संजय यादव मौजूद रहेंगे। सुरेश पासवान ने बताया कि नामांकन से पूर्व देवघर कॉलेज के मैदान में सुबह 10 बजे से तेजस्वी यादव समेत राजद के उक्त सारे नेताओं की जनसभा होगी। जनसभा को संबोधित करने के बाद नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में फिर से महागठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने जा रही है। मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना से लोगों का भरोसा राज्य सरकार ने जीता है। इसलिए देवघर विधानसभा में भी इस बार परिवर्तन होगा। उन्होंने मुख्य बाजार टावर चौक, आजाद चौक, मंदिर मोड़ और बाबा मंदिर के आसपास जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं जमुनियाटांड़ गांव पहुंचे और रिटायर सूबेदार के जनाजे में शामिल हुए। साथ ही मानिकपुर में स्वास्थ्य की समस्या से रू-ब-रू हुए।

देवघर विधानसभा

भाजपा प्रभारी ने बताए जीत के गुर

मोहनपुर (एप्र)। देवघर विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी नारायण दास के नामांकन को लेकर पार्टी के घोरमारा मंडल में शनिवार को भाजपा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश मंडल ने की। बैठक में विधानसभा प्रभारी अशोक एवं जिला महामंत्री संतोष उपाध्याय ने संयुक्त रूप से कार्यकताओं संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि झारखंड से वर्तमान निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है और भाजपा की सरकार बनाना है। विधायक नारायण के नामांकन में अधिक से अधिक कार्यकताओं को जुटाने पर जोर दिया गया। प्रत्येक बूथ में भाजपा प्रत्याशी को बढ़त दिला कर जीत के लिए कई टिप्स बताए गए। बैठक में पंचानंद मंडल, अजित कुमार मंडल, लीलू मंडल, बलवंत सिंह, नकुल तांती, मुखिया त्रिपुरारी दास, रोहित दास, सुभाष मंडल, मनोज मंडल, कमलेश कुंदन, अवधेश मंडल, गौतम यादव, प्रकाश मंडल, महाराणा सिंह, देवेंद्र यादव, बुधन सिंह, शेखर सुमन, सुजीत कुमार, धीरज गोस्वामी, सहदेव राय, पंकज कुमार, हेमंत कुमार, जनार्दन मंडल, झगरू पंडित, संजय भंडारी सहित दर्जनों कार्यकता मौजूद थे।

एक नजर

आयुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों संग गुब्बारा उड़ाकर मतदान वृद्धि का दिया संदेश

पाकुड़(एप्र)। संथाल परगना दुमका आयुक्त लालचंद डाडेल शुक्रवार को पाकुड़ में स्वीप कोषांग के द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तरह- तरह की गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान 20 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता वोट डालने पहुंचे और लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भागीदारी हो, इसके लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पड़ोसी जिलों के अधिकारी जिसमें जामताड़ा के उपायुक्त, साहेबगंज व जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक एवं दुमका के परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तैयार मतदाता मोबाईल स्टीकर व वाहन स्टीकर को लांच किया गया। वहीं समाहरणालय परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली एवं सेल्फी पॉइंट में पदाधिकारियों ने तस्वीरें खिंचवाई। वहीं हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर तथा गुब्बारे उड़ाकर मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने का संदेश दिया।

आयुक्त ने डिजिटल जागरुकता वैन को किया रवाना

पाकुड़(एप्र)। आगामी 20 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर जिले में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार संथाल परगना आयुक्त लालचंद डाडेल, जिला निर्वाचन पदाधिकारी पाकुड़, जिला निर्वाचन पदाधिकारी जामताड़ा, पुलिस अधीक्षक पाकुड़, पुलिस अधीक्षक दुमका, पुलिस अधीक्षक साहेबगंज एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए दुमका द्वारा समाहरणालय परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके माध्यम से तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। वहीं संथाल परगना आयुक्त लालचंद डाडेल ने बताया कि जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने स्वीप कोषांग पाकुड़ द्वारा किए जा रहे कायों की प्रशंसा की और कहा डिजिटल वैन के माध्यम से तीनों विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर गांव, कस्बों, टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक के जरिए लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक करेगा।

कस्तूरबा की छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

लिट्टीपाड़ा(एप्र)। विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शनिवार को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने रैली निकाली गई। रैली निकाल कर वोटरों को जागरूक किया गया। रैली कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से तिलकामांझी होते हुए लिट्टीपाड़ा के विभिन्न गली मुहल्लों में घूम-घूम कर लोगों को जागरूक करते हुए पुनः विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्राएं हाथों में वोट देने की तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान, उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन के साथ लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। मौके पर विद्यालय की वार्डन तथा शिक्षिका सहित अन्य मौजूद थी।

मतदान के लिए किया जागरूक

हिरणपुर(एप्र)। प्रखंड के मॉडल प्लस- टू उच्च विद्यालय हिरणपुर के छात्रों के द्वारा विधानसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही सिटी बजा व दरवाजा खटखटा कर लोगों को आगामी 20 नवंबर को मतदान के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने कहा कि मजबूत सरकार गठन के लिए एक-एक वोट काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए चुनाव के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। यब रैली विद्यालय से रवींद्र चौक तक गई और पुनः वापस विद्यालय तक आई। मौके पर शिक्षक रमेश प्रसाद गोस्वामी, कुमुद रंजन साहा, रूपेश कुमार, आलोक कुमार, नोएल किस्कू, स्वेता कुमारी, पिंकी कुमारी, सोनाली दत्ता आदि मौजूद थे।

हेमोग्लोबिन की कमी से जूझ रही थी बच्ची, यूथ चैरिटी ने ब्लड मुहैया कराया

पाकुड़(एप्र)। सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में इलाजरत बच्ची सदर प्रखंड के इलामी गांव की सबाना खातून (पिता- आकमाल शेख) को यूथ चैरिटी ने ब्लड मुहैया कराया। जिससे उसका इलाज संभव है पाया। सबाना खातून एक छोटी बच्ची है और उसके शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी है। जिस वजह से डॉक्टरों ने उसके परिजनों को ए पॉजिटिव समूह का ब्लड चढ़ाने के लिया कहा। मरीज के परिजनों ने खून के लिए यूथ चैरिटी समूह के सक्रिय सदस्य राफिउज्जामान से संपर्क किया। तभी राफिउज्जामान ने इसकी जानकारी आसफारुल हक और शोयब अख्तर को दी। जिसमें आसफारुल ने यूथ चैरिटी व्हाट्सएप ग्रुप में ब्लड की आवश्यकता के लिए मैसेज साझा किया और फिर मनीरामपुर गांव के आसराफुल शेख को हमारे यूथ चैरिटी के संस्था चालक आकीमुद्दीन शेख आसराफुल शेख को कांटेक्ट के जरिए बताया।आसराफुल रक्तदान करने के लिए तैयार हो गए और रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया। मौके पर यूथ चैरिटी के सचिव आसफारुल हक, अध्यक्ष शोयब अख्तर तथा रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार मौजूद थे। इसके अलावा यूथ चैरिटी के सदस्य आजहारुल तथा सादिक भी मौजूद थे।

डीसी-एसपी ने मतदान केंद्रों में जरुरी सुविधाओं को दुरुस्त करने को दिए सख्त निर्देश

दीपावली और छठ पूजा को लेकर अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

पाकुड़(एप्र)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने चुनाव तथा दीपावली व छठ पर्व के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को बैठक की। बैठक में अधिकारियों से मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, पहुंच पथ, फर्नीचर, रैंप, शौचालय जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली गई। सभी बूथों के रूट मैपिंग, पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, दिव्यांग, बुजुर्ग आदि वोटर्स के लिए सुविधा से संबंधित अद्यतन तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित तैयारियों के विषय में भी चर्चा की गई। एएमएफ को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों के जांच रिपोर्ट के अलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने

मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की प्राथमिक सुविधाओं की जांच करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित बीडीओ, सीओ एवं पुलिस पदाधिकारी को हेलिपैड हेतू स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दीपावली एवं आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों पर किए जाने वाले इंतजामों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी छठ घाटों की मरम्मती, तालाबों व नदियों की साफ-सफाई, जलकुंभी की सफाई, छठ घाटों के समीप स्ट्रीट लाईटों की मरम्मती के अलावा विशेष साफ-सफाई व कचड़ा प्रबंधन को लेकर प्रशासक नगर परिषद को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि दीपावली और छठ पर्व के त्यौहार जिले में बड़े धुमधाम से मनाया जाता है। ऐसे में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी घाटों की साफ-सफाई ससमय सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार असुविधा किसी को न हो। उपायुक्त ने छठ पर्व को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारियों व थानों को छठ समितियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए ससमय सभी कार्यों को पूर्ण करने का निदेश दिया। ताकि विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यावस्था से जुड़ी किसी प्रकार की समस्या न हो। आगे उपायुक्त ने छठ घाटों पर विद्युत व्यवस्था व विद्युत कनेक्शन से जुड़े बिंदुओं पर संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को छठ पर्व के दौरान बरती जाने वाले सावधानियों को लेकर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग, गोताखोर, यातायात पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को चौबीसों घंटे एक्टिव रहने के साथ अपने-अपने विभाग के विशेष दस्ता दल को क्षेत्र में सक्रिय रखने का निर्देश दिया हैं। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी प्रकार से शराब, नगदी, उपहार, ड्रग्स आदि का उपयोग होता है तो कड़ी निगरानी रखें, सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका पर भी विशेष निगरानी रखे जाने की आवश्यकता है। दीपावली एवं छठ पूजा के मद्देनजर हमें सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि कोई अप्रिय घटना न घटित हो। कहा कि प्रशासन की नजर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बनी रहेंगी। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, मुख्यालय डीएसपी जितेंद्र कुमार, पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद, महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

एसडीपीआई प्रत्याशी हंजिला शेख ने किया जनसंपर्क

पाकुड़(एप्र)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) प्रत्याशी जिला परिषद सदस्य हंजिला शेख ने शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने संग्रामपुर गांव से जनसंपर्क शुरू किया और रामचंद्रपुर, बेलडांगा, पाली, गगन पहाड़ी, पीतांबरा आदि गांव में पहुंचे। एसडीपीआई प्रत्याशी हंजिला शेख ने ग्रामीणों से मुलाकात कर समर्थन मांगा। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, सड़क और किसानों की समस्याओं को मुद्दा के रूप में ग्रामीणों के बीच रखा। इन मूलभूत सुविधाओं पर काम करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पाकुड़ में स्थानीय विधायक होना चाहिए, जो स्थानीय लोगों की परेशानियों को समझें और उन परेशानियों को दूर करने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि पाकुड़ में एक मेडिकल कॉलेज नहीं है। यहां उच्च शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी नहीं है। यहां के छात्रों को दूसरे जिलों में जाकर पढ़ाई करना पड़ता है। यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली की वजह से मरीजों को बंगाल जाना पड़ता है। पानी और बिजली जैसी समस्याओं से भी लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने किसानों की विभिन्न समस्याओं को भी रखा और उस पर काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने ग्रामीणों से लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मत का प्रयोग जरूर करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह अपने-अपने बूथ पर पहुंचकर मतदान जरूर करें।

आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

पाकुड़(एप्र)। आगामी 20 नवंबर को होने वाले मतदान में वृद्धि को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत समाहरणालय परिसर में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के द्वारा भारत के मानचित्र पर दीया जलाकर जिला के प्रत्येक मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारियों सह परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, एपीआरओ पवन कुमार, डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश, जिला सहित स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी दीया जलाकर मतदान के लिए अपील किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आगामी 20 नवंबर को फेस्टिव मूड में मतदाता बूथ पर पहुंचे और मतदान करें। यह अवसर हमें अपने जनप्रतिनधि चुनने का है, निर्भिक होकर मतदान करें, बिना किसी लालच, लोभ, भय के मतदान करें ताकि सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

डीसी व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

पाकुड़(एप्र)। उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने शनिवार को आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने काली भसान, टीन बंग्ला पोखर, शीतला मंदिर पोखर, बागतीपाड़ा, श्मसान काली तल्ला मंदिर काली पूजा पहुंच कर घाटों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि घाटों के अवलोकन दौरान विशेष रुप से सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई सहित आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं को तंदुरूस्त रखने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने बताया कि यदि घाटों पर पानी की गहराई अधिक है, तो सुरक्षित स्थान तक बैरिकेडिंग करने, घाट तक आने वाले रास्तों समेत सभी घाटों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने, व्रती जन के लिए चेंजिंग स्थल सहित शौचालय सुविधा, पीने का पानी रखने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी निर्देशित किया गया है, ताकि कहीं से भी कोई अप्रिय सूचना प्राप्त ना हो तथा जिलावासी हर्षोल्लास व रीति-रिवाज के साथ लोक आस्था के पर्व को मना सकें।

अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दमखम

पाकुड़(एप्र)। डीपीएस पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालयी वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंग्रेजी में आने वाले वर्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव बुद्धिमत्ता को बदलने के लिए तैयार है और हिंदी में एक भारत, श्रेष्ठ भारत प्रतियोगिता का मुख्य विषय था।प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने बताया कि बच्चों की तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता एक सरल माध्यम है। अंतर विद्यालय प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न स्कूलों के बच्चों को ना सिर्फ एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता

है, बल्कि एक दूसरे को जानने, समझने और मंच साझा करने का भी अवसर प्राप्त होता है। जिससे उनमें एक स्वास्थ्य, जिम्मेदारी भरी सामाजिकता का विकास होता है। इससे उन में आत्मविश्वास की भी वृद्धि होती है। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, पाकुड़, डीएवी पब्लिक स्कूल, पाकुड़, सेंट डॉन बोस्को, पाकुड़, सेंट जोसेफ स्कूल, पाकुड़, राज प्लस- टू हाई स्कूल, पाकुड़, होलीफेथ अकादमी, धुलियान (पश्चिम बंगाल), एलिट पब्लिक स्कूल, पाकुड़, जिदातो गर्ल्स हाई स्कूल, पाकुड़, हरिंडांगा उच्च विद्यालय, पाकुड़ के छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कुल 36 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के लिए निर्णायक मंडली में केकेएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. शिव प्रसाद लोहरा, केकेएम कॉलेज के शिक्षक डॉ हिमांशु शेखर महतो, डॉ. महबूब आलम और डॉ. शकील अहमद (केकेएम कॉलेज में प्राणि विज्ञान विभागाध्यक्ष) को शामिल किया गया। पाकुड़ के सभी शिक्षाविदों ने प्रतियोगिता को निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं विद्यालय के द्वारा निर्णायक मंडली के सभी सदस्यों को आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान पक्ष और विपक्ष के बच्चों का जोश देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों तथा उनके विद्यालयों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

ये रहे सफल प्रतिभागी

हिंदी (पक्ष में)- श्रेया कुमारी (सेंट जोसेफ), आहोना बैनर्जी (डीएवी) तथा आदित्य कुमारी शर्मा (जिदातो)
हिंदी (विपक्ष में)- ओम भगत (डीपीएस), साक्षी भगत (डीएवी) तथा हिमांशु साहा (एलिट पब्लिक स्कूल)
अंग्रेजी (पक्ष में)- अनुषा खातुन (होलीफेथ अकादमी), अद्विता रंजन (डीएवी) तथा सुमैया तबस्सुम (डॉन बोस्को)
अंग्रेजी (विपक्ष में)- अबुल कासिम (सेंट जोसेफ), कुमार अंश (डी.पी.एस) तथा कात्यायनी विद्यार्थी (डीएवी)

आजसू नेता व एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम का भाजपा ने किया अभिनंदन

पाकुड(एप्र)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से शनिवार को होटल आरके पैलेस में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम बंगाल के उत्तर मालदा के सांसद सह साहिबगंज जिले के क्लस्टर प्रभारी खगेन मुर्मू शामिल हुए। प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी, जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संपा साह, जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, पवन भगत, धर्मेंद्र त्रिवेदी, सोहन मंडल आदि सहित सैंकड़ों कार्यकताओं ने समारोह में हिस्सा लिया। वहीं मंच का संचालन मिठू भगत ने किया। आयोजित समारोह में एनडीए प्रत्याशी व आजसू नेता अजहर इस्लाम का भव्य अभिनंदन हुआ। उनके साथ आजसू के केंद्रीय महासचिव अजय कुमार सिंह भी मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने अजहर

इस्लाम को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी ने बारी-बारी से फुल माला पहनाकर अभिनंदन किया। आयोजित समारोह में आजसू नेता सह एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम की जीत सुनिश्चित करने को लेकर वक्ताओं ने बातें रखी। उत्तर मालदा के सांसद खगेन मुर्मू ने कहा कि आजसू पार्टी भाजपा का सहयोगी दल है। पाकुड़ विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम एनडीए गठबंधन की ओर से मैदान में उतरे हैं। प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो, इसके लिए हमें एकजुटता दिखानी है। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी को हराकर पाकुड़ के साथ-साथ झारखंड में एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता सहयोगी दल आजसू के साथ खड़े हैं। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। इसके लिए हमें एकजुट होकर चुनावी मैदान में डटकर मुकाबला करना है। आयोजित समारोह में अजहर इस्लाम ने सभी से सहयोग की अपील की और कहा कि आप सबों के सहयोग से ही पाकुड़ विधानसभा सीट से एनडीए की परचम लहराएगी और झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी।

कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम के दौरे को सफल बनाने पर चर्चा

पाकुड़(एप्र)। सदर प्रखंड अंतर्गत झिकरहटी पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह कांग्रेस नेता अबू ताहिर उर्फ मुकुल ने शनिवार को अपने आवास में जोनल कमेटी 04 की बैठक की। जिसमें 30 अक्टूबर को कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम के दौरे का रुट चार्ट तैयार किया गया। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी के दौरे को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। मुखिया अबू ताहिर ने बैठक में शामिल कांग्रेस समर्थकों से अपील किया कि कार्यक्रम के दिन सभी तैयार रहेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम का जोरदार स्वागत किया जाना है। जिसमें अधिक से अधिक कार्यकताओं को शामिल होना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए हमें एकजुट होकर धरातल पर काम करना है। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विकास कार्यों को जनता के बीच रखना है। गठबंधन की सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता को बताना है। महिलाओं के सम्मान में लाई गई मंईयां सम्मान योजना के बारे में घर-घर पहुंचकर बताना है। कांग्रेस की विचारधारा से लोगों को अवगत कराना है। इस बार कांग्रेस की अप्रत्याशित जीत होगी। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगी।

एक नजर

भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया सेल की बैठक आयोजित

गिरिडीह (निस)। आज गिरिडीह विधानसभा कार्यालय स्वर्ण चित्र मंदिर में भारतीय जनता पार्टी जिला आईटी सेल एवं सोशल मीडिया की एक

अहम बैठक हुई , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सोशल मीडिया के प्रभारी अरिंदम दे० एवम झारखंड प्रदेश आईटी सेल संयोजक विवेक विकास उपस्थित हुए , यहाँ जिले भर से आये सोशल मीडिया एवं आईटी सेल के कार्यकताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सुझाव दिए, साथ ही सभी ने मिल कर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई , जहां युद्ध स्तर पर सभी को काम करने, सोशल मीडिया में विपक्ष का पोल खोलने एवम भारत सरकार द्वारा जिले में किये जा रहे काम को जनता के सामने सोशल मीडिया के जरिये पहुचाने के लिए सुझाव दिया गया ।इस कार्यक्रम के अंत मे भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे के साथ सभी युवाओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को प्रचण्ड बहुमत से जीतने का संकल्प लिया। इस बैठक का संचालन आईटी सेल संयोजक साहिल शर्मा कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जिला मंत्री रंजीत राय, आईटी सेल सह-संयोजक नीरज राय, सोशल मीडिया के संयोजक सूरज मोदी, धनबाद प्रमंडल के सह प्रभारी दीपक कुमार युवा मोर्चा के आकाश सिंह, पंकज कुमार, आदित्य यादव , श्रेयांश सिन्हा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

डॉ रविंद्र राय को झारखंड प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई

गिरिडीह (निस)। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के द्वारा झारखंड प्रदेश भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष का भाजपा गिरिडीह के कार्यकताओं द्वारा केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया, साथ ही पूर्व सांसद रविंद्र राय को सभी कार्यकताओं की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। इस कार्यकताओं द्वारा कहा गया कि रविंद्र राय के नेतृत्व में ही 2014 में झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी, एवं सभी को आशा है और पूर्ण विश्वास है इस बार भी श्री राम के नेतृत्व में झारखंड में पूर्ण बहुमत की सरकार और स्थाई सरकार बनेगी। कहा गया कि आम कार्यकताओं के लिए आज बहुत ही हर्ष का दिन है कि आपके जैसे कुशल संगठन करता को पार्टी ने फिर से एक बड़ी जिम्मेवारी दी है बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से संजीत सिंह पप्पू श्री प्रकाश सेठ दीपक पंडित, सदानंद राम ,सुमित कुमार, कन्हैया ओझा,अरविंद चंद्र राय ,फलेंद्र सिंह, ऋषिकेश चंद्र, देवराज, बुधन साब, डॉ दशरथ नायक, दीपक शाह, दिलीप मारिक, प्रदीप राय, संत कुमार लल्लू, विवश जालान, मुकेश जालान, प्रकाश दास ,बासुदेव बर्नवाल इत्यादि कार्यकताओं ने बधाई दिया और गिरिडीह के कार्यकताओं में बहुत ही खुशी एवं हर्ष व्याप्त हुआ है की फिर से एक बार राष्ट्रीय नेतृत्व ने गिरिडीह पर ही भरोसा जताया है बाबूलाल मरांडी और डॉ रविंद्र राय दोनों की जोड़ी इस प्रदेश में कमल खिलाएंगे और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे।

डालसा सचिव ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

गोड्डा एप्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने शक्रवार को मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राधिकरण की ओर से मुहैया की जाने वाली विधिक सहायता सहित अन्य मुद्दों की पड़ताल की। इस संबंध में एलएडीसी न्याय रक्षक को कई निर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रंदीप कुमार ने बताया कि नालसा के निर्देश के आलोक में जेल का निरीक्षण किया गया इसमें वंदियों को जेल से मिलने वाली आधारभूत सुविधाएं, विधिक सहायता की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने वंदियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की भी पड़ताल की। कहा कि बंदियों को भी आम लोगों की तरह संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में उनके अधिकारों की रक्षा करना सभी का दायित्व है। इस दौरान प्रभारी जेलर प्रियरंजन कुमार, एलएडीसी सह न्याय रक्षक रीतेश कुमार सिंह एवं लीली कुमारी, अधिकार मित्र नवीन कुमार उपस्थित थे।

अनुमंडल पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चलाया छापेमारी अभियान

चुनाव में हथियार व शराब को खपाने की थी तैयारी, 3 धराये

महागामा संवाददाता। महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने शनिवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे प्रेस वार्ता कर बताया कि आगामी विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर ध्यान में रखते हुए महागामा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस कप्तान अनिमेष नैथानी के निदेर्शानुसार महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में महागामा अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, आग्नेयास्त्र की खरीद-बिक्री एवं अवैध रूप से शराब तस्करी कारोबार का धंधा करने वाले के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान महागामा थाना क्षेत्र स्थित नयानगर मोड़ के समीप गठित पुलिस बल की छापेमारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से आग्नेयास्त्र एवं जिंदा कारतूस गोली के साथ दो व्यक्तियों को रंगे हाथ गिरफतार कर लिया गया। इस संदर्भ में महागामा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस घटना में शामिल अभियुक्त हनवारा थाना क्षेत्र

72 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

स्थित हनवारा निवासी शेख मजरूल हक का पुत्र शौकत अली उर्फ शक्ति एवं अजय साहू का पुत्र अमन राज को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गोड्डा भेज दिया गया। दोनों अभियुक्तों के पास से बरामद देशी पिस्टल, 2 मैग्जीन एवं 9 जिन्दा कारतूस जप्त कर महागामा थाना लाया गया है। वहीं दूसरी ओर हनवारा पुलिस की टीम द्वारा हनवारा थाना क्षेत्र स्थित मिल्की हनवारा चौक के समीप शुक्रवार देर शाम वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर का एक तीन पहिया टोटो गाड़ी से विभिन्न कंपनियों का अलग-अलग मात्रा में अवैध रूप से रखा अंग्रेजी शराब कुल 72 बोतल बरामद किया गया। वहीं एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है। इस संदर्भ में हनवारा थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। घटना में शामिल आरोपी बिहार भागलपुर जिला अंतर्गत गोराडीह थाना क्षेत्र स्थित बडहडी गांव निवासी सुरेन्द्र दास का 30 वर्षीय पुत्र शिशुपाल दास है। उसे न्यायिक हिरासत गोड्डा भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर बोआरीजोर थाना क्षेत्र स्थित बोआरीजोर थाना पुलिस बल की टीम द्वारा बाघमारा हटिया में अवैध रूप से देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी कर करीब 100 लीटर देशी महुआ शराब जब्त कर थाना लाया गया। इस संदर्भ में बोआरीजोर थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत 2-3 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। महागामा एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद एवं पुलिस इंस्पेक्टर उपेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार इस तरह के कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध कारोबारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस की इस छापेमारी टीम में मुख्य रूप से महागामा पुलिस इंस्पेक्टर उपेन्द्र कुमार महतो, महागामा थाना प्रभारी शिव दयाल सिंह,हनवारा थाना प्रभारी राजन कुमार राम, बोआरीजोर थाना प्रभारी बिजय कुमार केरकट्टा, महागामा थाना जेएसआई रोमा कुमारी एवं मनोज कुमार पाल सहित तीनों थाना के सशस्त्र पुलिस बल जवान मुस्तैद थे।

ड्रग कारोबार में संलिप्त युवक के घर छापेमारी

देसी पिस्टल और जिंदा गोली बरामद

गोड्डा संवाददाता। ड्रग के कारोबार में संलिप्त निशु खान के आवास पर छापेमारी कर पुलिस ने एक देशी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद किया। मामला नगर थाना अंतर्गत चपरासी टोला की है। नगर पुलिस को यह सूचना मिली कि निशु खान के घर पर ड्रग रखा हुआ है इस सूचना पर जब पुलिस पहुंची तो निशु खान पुलिस को देखकर घर से फरार हो गया। घर की तलाशी दिए जाने के बाद घर के सीढ़ी के नीचे से डिब्बा मे रखा एक देशी पिस्टल एवं एक जिंदा गोली बरामद किया गया। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

उपायुक्त के फेक व्हाट्सएप आईडी से लोग रहें सावधान

गोड्डा संवाददाता। उपायुक्त के फेक व्हाट्सएप आईडी से लोग रहे सावधान रहें। अगर +977 984-7416160 नंबर से किसी प्रकार के संदेश प्राप्त होने पर उक्त नंबर को तुरंत ब्लॉक कर दे। इसको लेकर उपायुक्त जिशान कमर ने आमलोगों को आगाह किया है। उपायुक्त जिशान कमर के फोटो युक्त फेक व्हाट्सएप आईडी +977 984-7416160 बनाए जाने का मामला संज्ञान में आने पर उपायुक्त श्री कमर ने सभी जिलेवासियों से अपील कर कहा कि उक्त व्हाट्सएप नंबर से किसी प्रकार के संदेश या मैसेज पर कोई प्रतिक्रिया न दें तथा उक्त नंबर को ब्लॉक कर दें। उन्होंने कहा कि अगर आपको लगता है कि कोई व्यक्ति उपायुक्त की फेक व्हाट्सएप आईडी का उपयोग कर रहा है, तो आपको तुरंत उचित कदम उठाना चाहिए। सबसे पहले, यह पुष्टि करें कि व्हाट्सएप आईडी वास्तव में फेक है और उपायुक्त की आधिकारिक आईडी नहीं है। उपायुक्त कार्यालय को इस बारे में सूचित करें और उन्हें फेक आईडी के बारे में बताएं। फेक आईडी का उपयोग किसी गलत उद्देश्य के लिए किया जा रहा है, तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। व्हाट्सएप की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फेक आईडी की रिपोर्ट करें। अपने परिचितों और अन्य लोगों को इस फेक आईडी के बारे में सूचित करें, ताकि वे भी सावधान रहें।

मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने किया योजनाओं का भौतिक निरीक्षण

दुमका (काप्र)। मनरेगा लोकपाल कल्पना झा शिकारीपाड़ा प्रखंड के सिमानीजोर पंचायत अंतर्गत बाबू पाड़ा एवं हल्दी पहाड़ी मौजा अंतर्गत मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। मनरेगा लोकपाल के अनुसार उन्हें टीसीबी निर्माण योजना जिसमें वर्तमान समय में मजदूरी भुगतान के लिए मास्टर रोल का निकासी किया गया है का अवलोकन के साथ मजदूरों का जॉब कार्ड देखना था, लेकिन मनरेगा कर्मियों द्वारा उन्हें ना तो एक भी टीसीबी योजना दिखाई गई और ना ही एक भी मजदूरों का जॉब कार्ड उन्हें देखने को मिला। हल्दी पहाड़ी मौजा में निमार्णाधीन एक कूप का निरीक्षण किया लेकिन इसमें भी जॉब कार्ड का मांग करने पर बताया गया कि एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने इस कूप निर्माण कार्य में काम किया है, लेकिन जॉब कार्ड नहीं दिखा पाए। लोकपाल कल्पना झा ने बताया कि सिमानीजोर पंचायत के खजुरिया, शहरबेड़ा, नौ पहाड़, हकीमपुर आदि गांव में टीसीबी योजना में मास्टर रोल की निकासी की गई है लेकिन मनरेगा कर्मियों द्वारा एक भी योजना का अवलोकन नहीं कराया गया और ना ही एक भी मास्टर रोल देखने को मिला। टीसीबी के महत्व पर पत्रकारों द्वारा पूछने पर मनरेगा लोकपाल कल्पना झा ने बताया कि यह बहुत ही उपयोगी एवं महत्वाकांक्षी योजना है इसे टीला नुमा जमीन पर बनाना है ताकि उपर का पानी आकर के नीचे सर जमीन पर रुके और जमीन में नमी बरकरार रहे।

राजधनवार से चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद निरंजन राय को मनाने सांसद निशिकांत दुबे पहुंचे उनके आवास

गिरिडीह (निस)। राजधनवार विधानसभा सीट से समाज सेवी निरंजन राय के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे उनके आवास पहुंचे उन्हें मनाने के लिए, हालांकि काफी देर के बैठक के बाद निशिकांत दुबे के जाने के बाद निरंजन राय ने कार्यकताओं एवं समर्थकों से कहा कि निशिकांत दुबे क्यों आए थे यह आप लोगों को आभास है, आप सभी को यह बता दें की मैं उनके बातों को नहीं माना, मैं चुनाव लड़ूंगा। बता दे की निरंजन राय राजधनवार के जाने-माने समाजसेवी है उनके समाज सेवा से राजधनवार का बच्चा-बच्चा वाकिफ है, श्री राय राजधनवार के अत्यंत प्रभावशाली समाजसेवी होने के साथ-साथ स्वर्ण वर्ग से होने के कारण भाजपा को भारी चिंता सता रही है। बता दे की राजधनवार सीट से बाबूलाल मरांडी चुनाव मैदान में उतरे हैं, जबकि विपक्ष में इंडिया गठबंधन दो भागों में बटंकर झामुमो एवं माले अपना-अपना पर्चा भर चुके हैं। झामुमो से निजामुद्दीन अंसारी एवं माले से राजकुमार राज अपना नॉमिनेशन कर चुके हैं। इंडिया गठबंधन के बंट जाने से एनडीए को लग रहा था कि चुनाव जीतना बाबूलाल मरांडी के लिए काफी आसान हो गया है। लेकिन राजनीति में एक नई ट्वीट आ जान से भाजपा को बड़ी परेशानी हो गई एवं चिंता सताने लगी थी निरंजन राय के निर्दलीयों उम्मीदवार होने से भाजपा का ही वोट कटने वाला है, यही वजह थी कि निशिकांत दुबे उन्हें मनाने उनके आवास पहुंचे थे। बहरहाल देखना यह होगा की निरंजन राय यह चुनाव लड़ते हैं या नहीं।

राजेश यादव फॉरवर्ड ब्लॉक में हुए शामिल

गिरिडीह (एप्र)। गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी तथा पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने अपने तमान समर्थकों के साथ ऑल इंडिया फारवार्ड ब्लाक मैं, फारवर्ड ब्लाक के पार्टी के राज्य महामंत्री कॉमरेड अरुण मंडल के समक्ष, महामंत्री के आवासीय कार्यालय में शामिल होने की घोषणा की। महामंत्री श्री मंडल ने शामिल होने वाले सभी साथियों को फारवर्ड ब्लाक का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। शामिल होने वाले सभी साथियों के पार्टी की सदस्यता फार्म भरकर, प्रतिज्ञा पत्र का पाठ किया। इस अवसर पर महामंत्री ने कहा कि, गाण्डेय विस क्षेत से पार्टी चुनाब लड़ेगी और राजेश कुमार उर्फ राजेश यादव पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी होंगे और जनता के हक अधिकार की, लड़ाई आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने श्री यादव सहित सभी साथियों को शुभ कामनाएं दी। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से रावेन्द्र मंडल, राजू ठाकुर शिवनंदन यादव, रामलाल मंडल, संजय चौधरी, शंभू तुरी, मनोज यादव, महादेव महतो, मुस्लिम अंसारी, महेश विराला, सुदामा डोम आदि मौजूद रहे।

पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा संपन्न

दुमका (का प्र)।

सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में चल रही पीजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई। उक्त परीक्षा 18 से 26 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी। शनिवार को अंतिम दिन द्वितीय पाली में गैर प्रायोगिक विषयों की परीक्षा हुई जिसमें इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गणित, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र एवं उर्दू विषय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सामुदायिक नेताओं का सम्मान समारोह संपन्न

दुमका (काप्र)। जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के सभागार में संताल परगना के विभिन्न जिलों दुमका, पाकुड़, गोड्डा एवं साहिबगंज से आए सामूदायिक नेताओं का सम्मान समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संताल परगना के विभिन्न संगठनो की ओर से सामुदायिक नेता उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि इएसपी पिछले 9 वर्षों से सामाजिक, आर्थिक और संविधानिक मुद्दों को लेकर जमीनी स्तर पर कार्यरत है। जिसका मुख्य उद्देश्य अलग अलग सक्रिय संगठनों को यूनिट बनाकर तथा ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण देकर नये सामुदायिक नेताओं को सामाजिक कार्यों में आगे आने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे अपने सामुदाय की अगुवाई कर सके। सम्मान समारोह में जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र दुमका, लहंती ,काठीकुंड, गोटा भारोत सिदो कान्हू हुल बैसी दुमका, आदिवासी विकास ट्रस्ट गोड्डा, पहाड़िया सेवा समिति ,सठिया अमन प्रयास, पाकुड़,आतो लहांती बैसी, बाथानी उपस्थित हुए। सामुदायिक नेताओं को सम्मान स्वरुप परम्परागत पहनावा पंची और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही सामुदायिक नेताओं ने अपने कायार्नुभव तथा चुनौतियों को साझा किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में इएसपी के जेवियर सोरेंग जयंता पात्रा, पीएम टोनी झारखण्ड स्टेट कोऑर्डिनेटर, तारामानी साहू एवं सुभाष हेम्ब्रम स्टेट लेवल ट्रेनर ने अपने वक्तव्य में उपस्थित सभी सामुदायिक नेताओं को सुभकामना दी एवं अपने वक्तव्य में सामूदायिक नेताओं को उर्जा एवं उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि चुनौतियों के बीच किस तरह से कार्य करें जिससे हमारा समाज सामाजिक, आर्थिक और राजनीति दृश्टिकोन से हासिये से उपर आकर आधुनिक युग के सामंतर आ सके । कार्यक्रम का संचालन सुलेमान मरांडी एवं सुशांत सोरेन द्वारा किया गया।

गिरिडीह : डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल में मनाया गया ग्रीन डे

गिरिडीह (निस)। शुक्रवार को डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल, गिरिडीह के प्रांगण में ग्रीन डे (हरा दिवस) ई ई डी पी के बच्चों के द्वारा मनाया गया। शुक्रवार की प्रातः कालीन सभा संयुक्त रूप से हुई। मंच का संचालन भी छोटे बच्चों ने किया। ई ई डी पी के बच्चों ने प्रातः कालीन सभा को अपने कला एवं प्रतिभा से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। ग्रीन डे (हरा दिवस)पर ईईडीपीके बच्चों ने मानव जीवन एवं पूरी धरती के लिए पेड़ पौधों और जल के महत्व पर विशेष बल दिया। कैसे पेड़ों को कटने से बचाना है,जल को बर्बाद नहीं करना है इन बातों पर विशेष ध्यान दिया ।छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से प्रातः कालीन सभा में पेड़ पौधों एवं जल का संरक्षण संरक्षण करने के उपाय बताए। सभा में उपस्थित रहे। सारे बच्चे, सारे शिक्षक एवं कर्मचारीयों एवं दर्शक के रूप में मौजूद अभिभावकों का भी मन मोह लिया ।हरे-हरे परिधानों में कोई बच्चा पेड़, तो कोई पक्षी, कोई हरा हरा भरा पहाड़ बनकर पर्यावरण के प्रति अपना समर्पण दिखाया।आज एलजी के एक बच्चे ने सारे कक्षाओं के बच्चों को अपने देश, माता-पिता, विद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति सम्मान और निष्ठा की शपथ दिलवाई। छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा देख सभी बड़े बच्चे हतप्रभ रह गए। इस मौके पर प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल ने कहा कि पर्यावरण के बिना धरती पर जीवन संभव नहीं है और पेड़ पौधों एवं जल के बिना पर्यावरण संभव ही नहीं है। अतः हम सब का यह दायित्व बनता है कि कैसे पर्यावरण को संरक्षित कर सके इस पर विशेष ध्यान देना होगा। बच्चों की इस अद्भुत प्रतिभा की भूरि भूरि प्रशंसा प्राचार्य ने किया। आयोजन को सफल बनाने में ईईडीपी की अनीता ओझा, जुली कुमारी, स्मिता दे,पूजा सिन्हा, रूबी तिवारी, निधि सिन्हा, वीणा भारती, नेहा कुमारी एवं सुष्मिता कुमारी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पौड़ेयाहाट विधानसभा की सीट इंडी गठबंधन को मिलने से झामुमो कार्यकर्त्ता नाराज

गोड्डा (संवाददाता)। राजनीतिक रूप से हमेशा सुर्खियों में रहने वाला पौड़ेयाहाट विधानसभा की सीट इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में जाने के बाद झामुमो नेताओं को मायूसी हाथ लगी है। इस सीट पर सीटिंग विधायक प्रदीप यादव पर कांग्रेस ने अपना विश्वाश जताते हुए एक बार फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। बतौर विधायक प्रदीप यादव इस बार छठी बार अपना किस्मत आजमाने चुनावी मैदान में उतरेंगे। भाजपा के बैनर तले राजनीति में अपना कैरियर बनाने वाले प्रदीप यादव बाद में भाजपा छोड़कर बाबूलाल मरांडी सहित अन्य लोग भाजपा से आग होकर झाविमो बनाया था और विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे थे। कांग्रेस के टिकट पर पहली बार मैदान में आयेंगे। पौड़ेयाहाट सीट पर कभी झामुमो का दबदबा होता था। झारखंड आंदोलन में अगुवा बने गुरुजी शिबू सोरेन के साथ लड़ाई लड़ने वाले सूरज मंडल का इस सीट पर प्रतिनिधित्व करते हुए विधायक बने थे। बाद में उनकी विरासत सम्हालने का काम प्रशांत मंडल ने किया था। वर्ष 2000 के बाद से युवा नेता के रूप में प्रदीप यादव का उदय हुआ और उन्होंने इस सीट पर कब्जा जमाया जो लगातार पांचवीं बार विधायक बने। 2024 के चुनाव में झामुमो के स्थानीय नेताओं कार्यकताओं को यह उम्मीद थी कि इस बार के चुनाव में पौड़ेयाहाट सीट गठबंधन से बाहर निकलेगा और झामुमो के खाते में यह सीट आएगी। इस उम्मीद से बहुत से नेता सक्रिय हुए और अपना भाग्य आजमाने की जुगत लगाने लगे। इसके लिए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रखंड से लेकर पंचायत और बूथ तक मेहनत कर कार्यकताओं को जगाने का कार्य कर रहे थे। जब यह सीट गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में चली गई तो पार्टी के स्थानीय नेताओं मे मायूसी छा गई। ऐसे कई नेताओं ने बताया कि पार्टी के संगठन को मजबूत किया जा रहा था मगर अब कांग्रेस के समर्थन में वोट मांगने का काम करना झामुमो कार्यकताओं के सामने दुविधा वाली स्थिति पैदा कर दिया है।

वरीय अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा आयोजित

गोड्डा एप्र। जिले के वरीय अधिवक्ता विजय कुमार झा के आकस्मिक निधन पर जिला अधिवक्ता संघ भवन में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने दो मिनट मौन रखकर मृतात्मा की शांति को लेकर ईश्वर से प्रार्थना किया एवं शोक संतप्त स्वजनों के प्रति संवेदना प्रगट की। मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव योगेश चंद्र झा ने बताया कि सदर प्रखंड के चपरी गांव निवासी 77 वर्षीय विजय कुमार झा जिला मुख्यालय के हटिया चौक पर मकान बनाकर रह रहे थे। वे पिछले पांच दिनों से सदर अस्पताल में भर्ती थे। उनका निधन गुरुवार की शाम हो गया। वे कोर्ट में बतौर नौटरी भी कार्य करते थे। उनके निधन से अधिवक्ता संघ को अपूरनीय क्षति हुई है। इस अवसर पर दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।

सुभाषितम्

मूर्खों से बहस करके कोई भी व्यक्ति, बुद्धिमान नहीं कहला सकता, मूर्ख पर विजय पाने का एक उपाय यही कि उसकी ओर ध्यान नहीं दिया जाए। **- संत ज्ञानेश्वर**

देश में चल रहा ईडी के नाम पर ठगी का रैकेट

राजधानी दिल्ली में फर्जी ईडी अधिकारी बनकर करोड़ों की ठगी करने की कोशिश का मामला सामने आया है। हाल ही में दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके के फार्म हाउस में 7 लोगों ने फर्जी ईडी अधिकारी बनकर फार्म हाउस मालिक से पांच करोड़ रुपये की मांग की। यही नहीं ईडी के फर्जी अधिकारियों ने फार्म हाउस में घुसकर वहां के लोगों को डराया धमकाया और रातभर बंदी बनाकर रखा। गैंगस्टर की तरह उन्हें धमकाया और उनके साथ मारपीट भी की गई। उनके मोबाइल छुड़ा लिए गए। अपराधी गिरोह के सदस्यों की तरह बंदी बनाए गए लोगों को धमकाया गया। तथाकथित ईडी के अधिकारी फार्म हाउस पर रातभर रुके रहे। डरा धमकाकर सुबह बैंक में मलिक को बैंक में ले जाकर उससे रकम वसूलने की कोशिश की। इसी बीच फार्म हाउस के मालिक ने अपने वकील और दोस्तों को फोन कर दिया। बैंक अधिकारियों ने भी गेट बंद करने की कोशिश की। इससे घबराकर फर्जी ईडी के अधिकारी बैंक से बाहर निकल गए। उन्होंने अपने साथियों को फार्म हाउस में भी सूचना दे दी, वहां से वह भी भाग गए। फार्म हाउस के मालिक की सूझ-बूझ से इस घटना का पदार्फाश हुआ। वह लुटने से बच गया। जब इसकी शिकायत पुलिस और ईडी के अधिकारियों को दी गई। ईडी के अधिकारियों ने छापे की कोई पुष्टि नहीं की। उसके बाद पुलिस ने लुटेरों को ढूंढने की कार्रवाई शुरू की। अभी तक पुलिस किसी को भी गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पाई है। यह घटना भारत में कानून और व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करती है। भारत में जांच एजेंसी किस तरह से काम करती हैं। उनका किस तरह का भय आम लोगों के बीच है, यह उजागर होता है। इस घटना से स्पष्ट है कि ईडी के नाम पर ठगी का रैकेट देश के विभिन्न हिस्सों में किस तरह से चल रहा है। प्रवर्तन निदेशालय, जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक अपराधों और मनी लॉन्ड्रिंग पर नियंत्रण रखना है। ईडी को जांच और गिरफ्तारी के लिए विशेष अधिकार मिले हुए हैं। ईडी का भय और उसकी अपराधिक छवि गैंगस्टर की तरह बनती जा रही है। ईडी जिन लोगों को गिरफ्तार करती है और पिछले वर्षों में ईडी के अधिकारियों ने जिन्हें गिरफ्तार किया। उनमें बड़े-बड़े राजनेता, मुख्यमंत्री, मंत्री, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और बड़े-बड़े कारोबारी शामिल थे। उनकी कई महीने तक न्यायालय से जमानत नहीं हुई। जिसके कारण ईडी का भय आम लोगों में बड़ी तेजी के साथ फैल गया है। ईडी का नाम सुनते ही लोगों में डर और भय पैदा हो जाता है। ईडी के नाम का फायदा उठाकर अपराधी गिरोह भी बड़े पैमाने पर ठगी करने लगे हैं। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों, जिनके पास व्यापक रूप से गिरफ्तारी के अधिकार हैं, उन जांच एजेंसी के अधिकारी किस तरह से लोगों को प्रताड़ित करते हैं। किस तरह से झूठे मामले बनाते हैं। अब यह बात किसी से छिपी हुई नहीं रही। समय-समय पर जांच एजेंसी के अधिकारी और कर्मचारियों के आचार-व्यवहार की जांच सरकार को करानी चाहिए। अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। ताकि कोई व्यक्ति जांच एजेंसियों के नाम का दुरुपयोग ना कर सके। राजधानी दिल्ली के पास छतरपुर में इस तरह की घटनाओं का होना हर किसी को डराने के लिए पर्याप्त हैं। कानून व्यवस्था को सशक्त बनाने और लोगों के मन में जांच एजेंसियों को लेकर विश्वास बहाल करने के लिए सरकार को विशेष प्रयास करने होंगे। पिछले कुछ महीनो में जिस तरह ईडी के अधिकारियों द्वारा वसूली किए जाने के मामले सामने आए हैं। उसके बाद से अपराधी गिरोह और ठग ईडी के अधिकारी बनकर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और ठगी करने लगे हैं। भारत में पिछले कुछ वर्षों में ठगी के मामले बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। गुजरात के गांधीनगर में हाल ही में नकली कोर्ट, नकली जज, नकली वकील और नकली फैसले से किस तरह से लोगों को ठगा जा रहा है। यह भी सामने आ चुका है। ऐसी स्थिति में सरकार को ठगी की इन घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। जिस तरह से ठगी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। उसके बाद सरकार की छवि पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को इस मामले में सजग होने की जरूरत है।

चिंतन-मनन

स्वस्थ समाज के लिए करें आत्म जागरण

पिछले कुछ समय से अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद का प्रभाव बढ़ा है। इसी वजह से अध्यात्म के क्षेत्र में भी अवमूल्यन हुआ है। अतः स्वस्थ समाज के लिए आत्म जागरण जरूरी है। जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के अनुसार अध्यात्म के क्षेत्र में बाजारवाद ने प्रभाव डाला है और यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आर्थिक युग है। इसमें पदार्थ की अधिक इच्छा के कारण व्यक्ति अशांत रहता है। अति योगवाद स्वच्छंद और अनियंत्रित भोगवाद के कारण स्वस्थ समाज का निर्माण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए हर मनुष्य को अनुशासित व संस्कारित होना होगा, तभी वह समाज व सृष्टि के लिए उपयोगी होगा और व्यक्ति को संस्कारित करना ही अध्यात्म का काम है। आज मनुष्य उपभोक्ता बनकर रह गया है। जागो ग्राहक के नारे पर सिर्फ बाहर से जगाया जा रहा है, जबकि आज आवश्यकता है आत्म जागरण की। आध्यात्मिक अनुष्ठान से ही व्यक्ति के अंतर को जगाया जा सकता है। मनुष्य ने जल, वायु और पृथ्वी की निरंतर उपेक्षा से बहुत कुछ बिगाड़ दिया है। आज पीने लायक जल सिर्फ डेढ़ प्रतिशत बचा है। अगर अब भी मनुष्य नहीं जागा तो जल संकट और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने का काम हो रहा है, ऐसे में अत्यंत प्राचीन काल में बने रामसेतु को भी संरक्षित करना चाहिए। यह धर्म विशेष नहीं बल्कि मानव मात्र की योग्यता और क्षमता का ऐतिहासिक प्रमाण भी है। उत्तरकाण्ड एक ऐसी कथा का वर्णन है जिसमें सभी का निचोड़ है। जो व्यक्ति अपनी ज्यादा प्रशंसा सुनना पंसद करता है, वह कभी ऊंचाई नहीं छू पाता। यही अवगुण दशानन रावण में भी था। वह अपनी गलती को स्वीकार न करते हुए प्रशांसा सुनने में ज्यादा मन लगाता था।

धर्मनिरपेक्षता पर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के निहितार्थ

ललित गर्ग

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो हालिया फैसलों में धर्मनिरपेक्षता की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसे और मजबूती दी है। असल में धर्मनिरपेक्षता को लेकर संविधान-निमार्ताओं का मुख्य उद्देश्य धार्मिक सहिष्णुता, समानता एवं बंधुत्व भाव से था, लेकिन बाद में यह शब्द भ्रामक हो गया और इसने धर्म के अस्तित्व को ही नकार दिया। राजनेताओं ने अपने-अपने हितों को साधने के लिये इस धर्मनिरपेक्षता शब्द के वास्तविक अर्थ एवं भावना को ही धुंधला दिया। सर्वोच्च अदालत ने बीते सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के बाबत धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की आधारभूत संरचना का हिस्सा बताया और स्पष्ट संकेत दिया है कि धर्मनिरपेक्षता को पश्चिमी देशों से आयातित शब्द के नजरिये से देखने के बजाय भारतीय संविधान की आत्मा के रूप में देखना चाहिए। धर्मनिरपेक्षता को भारतीय संविधान की मूल विशेषता बताते हुए कोर्ट ने कहा कि संविधान में वर्णित समानता व बंधुत्व शब्द इसी भावना के आलोक में वर्णित हैं। साथ ही धर्मनिरपेक्षता को भारतीय लोकतंत्र की अपरिहार्य विशेषता बताते हुए कहा कि यह समाज में व्यापक दृष्टि वाली उदार सोच को विकसित करने में सहायक है। जिसके बिना स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं की जा सकती है। जो राष्ट्रीय एकता का भी आवश्यक अंग है।

ध्यातव्य है कि 42वें संविधान संशोधन के बाद भारतीय संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया, लेकिन पन्थनिरपेक्ष शब्द का प्रयोग भारतीय संविधान के किसी अन्य भाग में नहीं किया गया है। वैसे संविधान में कई ऐसे अनुच्छेद मौजूद हैं जिनके आधार पर भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है क्योंकि भारत का संविधान देश के नागरिकों को यह विश्वास दिलाता है कि उनके साथ धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। संविधान में भारतीय राज्य का कोई धर्म घोषित नहीं किया गया है और न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया गया है। इसका कारण भारत में अनेकों धर्म और सम्प्रदाय प्रचलित हैं। अतः संविधान निमार्ताओं ने इसको धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्वीकार किया। भारतीय समाज का बहुधर्मी व विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता होना भी इसकी अपरिहार्यता को दशार्ता है। निश्चित रूप से अदालत ने इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक सुविधा के लिये तल्खी दिखाने वाले नेताओं को भी आईना दिखाया है। पूर्व राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन् ने धर्म निरपेक्षता शब्द के व्यापक हार्द को स्पष्ट करते हुए कहा था- धर्मनिरपेक्ष होने का अर्थ अधर्मी होना अथवा संकुचित धार्मिकता पर चलना नहीं होता, वरन इसका अर्थ पूर्णतः आध्यात्मिक होना होता है। निरपेक्ष का अर्थ है कि राष्ट्र की ओर से किसी धर्म विशेष का प्रचार-प्रसार नहीं किया जाएगा। सब धर्मों के प्रति समानता का व्यवहार किया जाएगा। भारत के लोकतंत्र एवं संविधान की यही विशेषता है कि इसमें किसी एक धर्म को मान्यता न देकर सभी धर्मों

को समान नजर से देखा जाता है।

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग इन दो फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई है। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी है कि क्या मदरसे मुख्यधारा में आने को तैयार है? क्या मदरसे एक धर्म-विशेष से जुड़ा मामला नहीं है? अदालत का यह मानना कि मदरसों पर रोक लगाने के बजाय उनके पाठ्यक्रम को वक्त की जरूरत और राष्ट्रीय सोच के अनुरूप ढाला जाना चाहिये, उचित एवं संविधान की मूल भावना के अनुरूप है। जिससे छात्रों की व्यापक दृष्टि विकसित हो सके। लेकिन क्या ऐसा संभव है? क्या मदरसे अपने पाठ्यक्रम को संकीर्ण दायरों से बाहर निकाल कर व्यापक परिवेश में नया रूप दे पायेंगे? ऐसा होता है तो अदालत की सोच से भारत की एकता एवं अखण्डता को नयी ऊर्जा मिलेगी। फिर तो अदालत का दो टूक कहना कि यदि किसी भी प्रकार से धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कमजोर पड़ती है तो अंततः इसका नुकसान समाज व देश को ही उठाना पड़ेगा, सही है। भारतीय समाज में सदियों से फल-फूल रही गंगा-जमुनी संस्कृति के पोषण देने के लिये सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को समानता से, बंधुत्व भावना से एवं उदारता से ही देखा जाना चाहिए।

आज धर्म-निरपेक्षता शब्द को लेकर राजनेता एवं राजनीति दो भागों में बंटी हुई है। समाज भी दो भागों मे बंटा है। आजादी के समय एवं संविधान को निर्मित करते हुए अंग्रेजी के सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्म करना भ्रामक हो गया। तब के इसी धर्म-निरपेक्ष शब्द के कारण आज विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाती, जिसका परिणाम यही है कि आज विद्यार्थियों का सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण नहीं हो रहा है। मैंने अणुव्रत आन्दोलन के प्रवर्तक आचार्य तुलसी के साथ विभिन्न राजनेताओं, धर्मगुरुओं, साहित्यकारों, पत्रकारों की इस शब्द को लेकर चचाओं में सहभागिता की। व्यापक सोच वाले आचार्य तुलसी का विश्वास रहा कि हिन्दुस्तान सम्प्रदाय निरपेक्ष होकर अपनी एकता को बनाए रख सकता है किन्तु धर्महीन होकर एकता को सुरक्षित नहीं रख सकता। लोकतंत्रीय राष्ट्र पर किसी सम्प्रदाय अथवा पंथ का आधिपत्य हो तो वह अपने लोकतंत्रीय स्वरूप को सुरक्षित नहीं रख सकता। इसलिए लोकतंत्रीय राष्ट्र का सम्प्रदाय अथवा पंथ-निरपेक्ष होना अनिवार्य है। साम्प्रदायिक कट्टरता में सहिष्णुता नहीं होती है अतः राजनीति किसी सम्प्रदाय विशेष की अवधारणा से संचालित नहीं होनी चाहिए। इसलिये संविधान में धर्मनिरपेक्ष के स्थान पर सम्प्रदाय-निरपेक्ष, मजहब-निरपेक्ष अथवा पंथ-निरपेक्ष शब्द का प्रयोग होना चाहिए। सम्प्रदाय निरपेक्ष होने का तात्पर्य धर्मनिरपेक्ष, धर्महीन या धर्मविरोधी होना नहीं हैं।

इसी कारण धर्मनिरपेक्ष शब्द के कारण राजनैतिक दलों के अलग-अलग खेमे बन गए। इससे धर्म विशेष को लेकर पार्टी के द्वारा वोटों की राजनीति चलने लगी। इसीलिये आचार्य श्री तुलसी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और पी. वी. नरसिम्हाराव से इस संदर्भ में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा- जब तक सेक्युलर शब्द का सही अर्थ नहीं होगा, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों की समस्या नहीं सुलझ सकती। राजीव गांधी ने इस संदर्भ में नोट्स मांगे। उन्हें विस्तार से सारी बातें उपलब्ध कराई गईं। कुछ समय बाद संविधान में सेक्युलर शब्द का अर्थ धर्मनिरपेक्ष बदलकर संप्रदायनिरपेक्ष कर दिया गया। लेकिन संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी। इसीलिये संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस की उदारता भाजपा के लिए चिंता का विषय

दिलीप कुमार पाठक

महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। महायुति में सीटों के बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ सहमति पहले ही बन चुकी है। अब महा विकास अघाड़ी की बारी है। हालाँकि महा विकास आघाडी ने 85-85-85 सीटों का फामूर्ला निकाला था, बांकी बची हुई सीटों पर कांग्रेस लड़ना चाहती है, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस को पूरी सीटें देना नहीं चाहते। वक़्त कोई भी हो सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा बिल्कुल भी आसान नहीं होता। राजनीति पल - पल बदलती है, खासकर राजनीति नम्बरों पर ही टिकी हुई होती है। हरियाणा की जीती हुई बाजी हारने के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में बेहद कम सीटों पर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि महाराष्ट्र में भी कांग्रेस खासी मजबूत स्थिति में है। जिस महाराष्ट्र में कभी कांग्रेस अपने दम पर सरकार चलाती थी, अब स्थिति ऐसी हो गई है कि गठबंधन के सहारे चलना कांग्रेस की मजबूरी बन गई है। पिछले कई चुनावों में शरद पवार के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ती रही है, जबकि अब तो शरद पवार - और कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे भी आ गए हैं। हालाँकि ज़्यादा मजबूत सहयोगियों के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करना ही पड़ता है। यही गठबंधन धर्म है जो कांग्रेस निभाती हुई दिख रही है। जो तात्कालिक हरियाणा हार की कीमत है जो महाराष्ट्र में चुकानी पड़ रही है। यही कीमत है जो हर बार कांग्रेस चुकाती है सिर्फ. और सिर्फ. अपने क्षेत्रीय नेताओ के कारण जो खुद ही सबकुछ हासिल करना चाहते हैं।

कहाँ तो कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर महाराष्ट्र के महा विकास आघाडी में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। हरियाणा हार - जाने के बाद कांग्रेस को भाजपा से सीधी टक्कर में बेहद कमजोर माना जा रहा है, कांग्रेस हरियाणा में भाजपा से सीधे टक्कर में थी यही कारण है कि हरियाणा हारने के बाद कांग्रेस को निधाना बनाया गया है। यही कारण है ये भी है कि शरद पवार - संजय राउत कांग्रेस के साथ अच्छी खासी बार्गेनिंग करके फायदा उठा रहे हैं। जबकि कांग्रेस की उदारवादी सोच भाजपा के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हालाँकि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में लोकसभा वाला शानदार प्रदर्शन नहीं दोहरा पा रही है। हरियाणा इसका एक बड़ा उदाहरण है, जहां पर जीती हुई बाजी पार्टी ने गंवाई है। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 सीटें जीती हैं, यहां भी 11 सीटों पर उसने बीजेपी प्रत्याशी को मात दी थी। अतः अब संदेश देने का प्रयास हो रहा है कि बीजेपी को हराने में सिर्फ कांग्रेस सक्षम है। ऐसे में पार्टी को अगर फिर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करनी है उसे हर कीमत पर अपने पारंपारिक वोटबैंक को मजबूत करना होगा। यानी कि पार्टी को दलित, मुस्लिम और आदिवासी वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव ने मराठवाड़ा के मराठा आंदोलन ने कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाई, फिर कुछ वैसा ही कमाल पार्टी को करना पड़ेगा। स्थानीय मुद्दों को आगे लेकर चलना होगा।

महाराष्ट्र में 85 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना सीएम नहीं बना पाएगी, अब तो यही लग रहा है। चूंकि पिछली बार कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी कि सीएम पद तो उद्धव ठाकरे को दे दिया गया था क्योंकि समय की डिमांड कुछ ऐसी ही थी। अब जाहिर है कि कांग्रेस इस बार महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में नहीं है, यही कारण है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में वैसी नहीं दिख रही जैसी कांग्रेस कभी होती थी। महाराष्ट्र में भाजपा - कांग्रेस दोनों एक दूसरे को रोकने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं की बलि दे रहीं हैं, जहां बेहद कम सीटों वाले शिंदे को भाजपा ने सीएम बना दिया था। जबकि कांग्रेस ने अपने सिद्धांतो से समझौता करते हुए उद्धव ठाकरे को सीएम बना दिया था। देखा जाए तो हर राज्य का चुनाव दूसरे राज्यों से अलग होता है, सभी के मुद्दे अलग होते हैं। भाजपा महाराष्ट्र को हरियाणा की तरह जीतना चाहती है, जबकि महाराष्ट्र एवं हरियाणा में कुछ फर्क. हैं जो कांग्रेस के लिए राहत की बात हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी हर बार आपसी खींचतान अंदरुनी कलह, गुटबाजी में अव्वल रही है, कांग्रेस में अनुशासन की भारी कमी दिखती रही है, जबकि भाजपा अपनी अंदरुनी मामलों को पहले ही निपटा लेती है। कांग्रेस की अंदरुनी कलह भाजपा के लिए हमेशा फायदे का सबब होती रही है। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश इसके ताजा उदाहरण हैं। हालाँकि कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी। एमपी में कमलनाथ की मनमानी थी। लेकिन महाराष्ट्र में तो उसके अलग-अलग इलाकों में अलग स्थानीय नेता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। ऐसे में महत्वकांक्षा या सत्ता की वो रस्साकशी यहां देखने को नहीं मिलने वाली। उदाहरण के लिए लातूर में अमित देशमुख, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में विजय वडेट्टीवार, भंडारा में नाना पटोले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं, महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओ की अंदरुनी कलह जैसी कोई स्थिति नहीं है जबकि अभी सीएम बनने - बनाने की बात अभी दूर की बात है क्योंकि अभी महा विकास आघाडी चुनाव लड़ने पर फोकस करना चाहेगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का अपने नेताओं पर अंकुश पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है जबकि भाजपा के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि भाजपा के लिए जीत की राहें यहीं से बनना शुरू होती हैं।

अटल के सपने का लेखक गांव बनाया निशंक ने!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

मैंने अभी तक प्रत्यक्ष रूप में तो इस गांव को देखा नही है,लेकिन मेरे बडे भाई एवं साहित्यिक मित्र डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने मेरे सामने देश के महान साहित्यकार एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की लेखकों के प्रति सम्मान सोच को साकार करते हुए जो शब्द चित्र में सामने उकेरे है,निश्चित ही उनसे एक ऐसे लेखक गांव ने जन्म लिया है,जहां ज्ञान की देवी सरस्वती अपने पुत्रों के माध्यम से निर्बाध बहेगी।देहरादून से 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित देश में अपनी तरह के इस पहले लेखक गांव का उद्घाटन 24 नवंबर को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उत्तराखंड के राज्यपाल ले जन गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य, कला और संस्कृति महोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले इस उदघाटन समारोह के दौरान केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी तथा लेखिका ममता कालिया जैसे अनेक दिग्गज मौजूद रहेंगे ,वही 65 से अधिक देशों के लेखन, कला और संस्कृति से जुड़े लोग इस भव्य एवं दिव्य साहित्यिक महोत्सव में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी शुभकामनाएं देंगे, जिनमें से 40 देशों से लोग यहां आ भी रहे हैं । जिनमें साहित्यिक जिज्ञासु छात्र भी शामिल हैं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं देश के शिक्षा मंत्री रहे डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने देहरादून के निकट सुरम्य हिमालयी क्षेत्र थानो में यह लेखक गांव विकसित किया है, जहां लेखकों,साहित्यकारों,पत्रकारों व विचारकों को अपनी कृतियों के सृजन के लिए शांत एवं रचनाशील वातावरण मिल सकेगा।पद्मश्री डॉ कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर अपनी साहित्यिक रचनाओं को जन्म देने के लिए अक्सर मसूरी प्रवास करते थे,जहां मां सरस्वती की अनुभूति से उन्होंने अनेक पुस्तकों की रचना की।लेखक गांव के इस पहले साहित्यिक यज्ञ में तीन दिनों तक 30 सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें लेखन, संस्कृति, प्रकृति और कला से जुड़े विषयों पर चर्चा एवं विचार–विमर्श किया जाना शामिल है। महाकवि कालीदास, स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी जैसी कालजयी हस्तियों का उल्लेख करते हुए लेखक गांव के जन्मदाता डॉ निशंक बताते है कि हिमालय हमेशा प्रेरणा का केंद्र रहा है और इस धरती में कोई तो ऐसी बात है कि लोगों ने यहां से प्रेरणा लेकर दुनिया में अपना नाम किया।उन्होंने जानकारी दी कि लेखक गांव में पुस्तकालय, ध्यान-योग केंद्र, प्रेक्षागृह, हिमालयी संग्रहालय, संजीवनी भोजनालय, नक्षत्र वाटिका, ग्रह वाटिका जैसी सभी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही है, ताकि लेखक, लेखन कुटीर में रहकर अपनी सृजनशीलता को श्रेष्ठतम रूप दे सकेंगे और देश व समाज के लिए अच्छा साहित्य सामने लाया जा सके।यह पूछने पर कि उन्हें लेखक गांव की प्रेरणा कैसे मिली तो डॉ निशंक ने बताया कि लेखक गांव की सोच का जन्म पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी अटलजी के मन से हुआ है। अटल जी के मन में इस बात की बहुत पीड़ा थी कि इस देश में लेखकों का सम्मान नहीं है।

आज का राशिफल

मेष अगर आप किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता प्राप्त होगी।

वृषभ आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको दिन भर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

मिथुन आज करियर में सफलता मिलेगी और बेहतर होगा कि आप फिजूल के खर्चे से बचें।

कर्क आज भाग्य की दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा और आपको परिश्रम का फल अच्छा मिलेगा।

सिंह दिन आपके लिए मिश्रित फलकारक है। आपको मानसिक शांति और खुशी प्राप्त होगी।

कन्या आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

तुला आज दिन शुभ फलकारक है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक मामले में मिलेजुले फल प्राप्त होंगे और कुछ योजनाएं पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

धनु आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन सफलता से भरा होगा।

मकर कुछ ऐसे अनावश्यक खर्चे करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

कुंभ आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप जो भी कार्य अपने करियर को लेकर करेंगे।

मीन आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान के करियर को लेकर किसी विवाद का हल निकलेगा।

राजकाज

झारखंड में आदिवासियों को बांट दिया भाजपा

झारखंड के विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने आदिवासियों को आदिवासियों में ही बांट दिया है। लोकसभा के चुनाव में सभी आदिवासी सीटों से बीजेपी हार गई थी। भाजपा का कोई भी नेता आदिवासियों के बीच में अपनी जगह नहीं बना पाया था।भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को भाजपा में शामिल कर लिया है। उनको कोल्हान का टाइगर कहा जाता है।भाजपा ने इस बार आदिवासी नेताओं को आपस में समूहों के बीच बांट दिया है। हेमंत सोरेन और शिबू सोरेन को छोड़कर सभी पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा में शामिल हैं। चुनाव परिणाम के बाद पता चलेगा, पांच पूर्व मुख्यमंत्री मिलकर वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हराने में सफल होते हैं, या नहीं।

दिल्ली बनी अंधेर नगरी और चौपट राजा

देश की राजधानी दिल्ली है। यहां पर केंद्र सरकार है। सुप्रीम कोर्ट है। हाईकोर्ट है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल है। प्रदूषण नियंत्रण मंडल है। दिल्ली सरकार है। दिल्ली के लोगों का पिछले कई वर्षों से प्रदूषण और धुएं के कारण दम घुट रहा है। प्रदूषण नियंत्रण को लेकर केंद्र सरकार का कानून है। दिल्ली सरकार का कानून है। दिल्ली में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में उपराज्यपाल बैठे हुए हैं। प्रदूषण के कारण समय के पहले लोगों की मौत हो जा रही है। तब दिल्ली की यह हालत है। तमाम नियम कायदे कानून और सुरक्षा के इंतजाम होते हुए, दिल्ली में प्रदूषण को लेकर एक दूसरे के ऊपर ठीकरा फोड़कर अपने आप को बचा लेते हैं।जिनकी जवाबदारी है,वह दूसरे के सिर पर ढ़ीकरा फोड़ कर बच जाते हैं।जनता कैसे मरने से बचे। यह जनता को समझ में नहीं आ रहा है। आखिर भरोसा करे,तो किस पर करे। जब कहीं बस ना चले तो भगवान ही मालिक है। इसी को कहते हैं, अंधेर नगरी और चौपट राजा।

कार्टून कोना

आज का इतिहास

1499 तुर्की और वेनिस में युद्ध भड़का। 1535 इंग्लैंड में सर थामस पर राजद्रोह का मुकदमा शुरू हुआ। 1784 हैदर अली और अंग्रेजों के बीच पोटो नोवो की लड़ाई हुई। 1840 नेपोलियन बोनापार्ट के दबाव में हालैंड नरेश लुई ने गद्दी छोड़ी। 1862 कोलकात्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ। 1882 डॉ.विधानचंद्र राय का जन्म हुआ। 1909 क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा ने लंदन में विलियम विलो और डॉ.लाल काका को गोली मार दी। 1910 दक्षिण अफ्रीका संघ ब्रिटिश साम्राज्य का अंग बना। 1926 दक्षिण अंगोला सीमा पर विवाद इंग्लो पुर्तगाली समझौता हुआ। 1934 कोरिया में चीन विरोधी दंगे भड़के ।1955 इम्पीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण कर भारतीय स्टेट बैंक लाया गया। 1962 डॉ.विधानचंद्र राय का निधन हुआ। 1962 रवांडा और बुरंडी स्वतंत्र हुआ। 1992 सैनिकों की संख्या में कटौती संबंधी समझौता नाटो और वारसा संधि के देशों में हुआ।

दैनिक पंचांग

27 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



| ग्रह स

एक नजर

डीएवी में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के तहत कई प्रतियोगिता आयोजित

जामताड़ा (एप्र)। सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, जामताड़ा में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के तहत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई एलकेजी समूह में प्रकृति आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में राधिका कुमारी प्रथम, सान्वी यादव द्वितीय एवं उत्कर्ष राज और तृषा सान्वी टुडू तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी समूह में अद्विका रमानी प्रथम, अरविंद बाउरी द्वितीय एवं आराध्या कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पहली एवं दूसरी में मानविक गण, सुप्रियो दत्ता और शिवांग वैभव प्रथम, आयरा नेयाज और ऋत्वन राज द्वितीय एवं शौर्य सिंह चौहान और कोमल सरखेल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तीसरी और चौथी में दीपावली के लिए शुभकामना कार्ड निर्माण प्रतियोगिता में प्रियांशु बनर्जी प्रथम, अदिति द्वितीय एवं इशानी और अंजू तृतीय स्थान पर रहे। हरित गृह आधारित रंगोली निर्माण में कक्षा पाँचवीं-सातवीं वर्ग में सपना कुमारी और समूह प्रथम, स्नेहा मरांडी व समूह और प्रियांशी व समूह द्वितीय एवं श्रेया गौतम व समूह और आकांक्षा भारती व समूह तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं वर्ग में श्रेष्ठा वर्मा व समूह और तन्मयी मिश्रा व समूह प्रथम, कृष्णा प्रिया प्रदीप व समूह द्वितीय एवं रिकी रिमी व समूह तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को बधाई देते हुए प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने कहा कि बच्चों में प्रकृति संरक्षण एवं प्रकृति प्रेम की भावना होना परमावश्यक है। वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक चुनौतीपूर्ण समस्या है। बचपन से ही इस क्षेत्र में जागरूकता पैदा करना आवश्यक है। शुभकामना पत्र निर्माण उनके कलात्मक सोच को विकसित करेगा। हरियाली का संदेश देती रंगोलियां पर्यावरण के बारे में सोचने पर विवश करती हैं। हमारे विद्यार्थियों ने जिस मनोयोग से इन विषयों पर अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित किया है, वह प्रशंसनीय है। प्रतियोगिता के संचालन में प्रभारी प्रदीप्तो दास, स्नेह प्रभात दुबे, निर्णायक मीठु कुमारी, सुपर्णा राय, करुणा सिन्हा, शांता पाल, इरशाद अहमद, अंजू कुमारी, सिमरन कुमारी, अनित कुमार मंडल, सुचित्रा सिंह, राकेश सिंह, भोला महतो, संगीता पानीकर, शबनम जहां, देवाशीष दास, छायाकार संतोष कुमार, तकनीकी सहायक शांतनु चक्रवर्ती एवं बीएन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

फिल्ड मॉनिटर ने किया नियमित टीकाकरण का अवलोकन

नाला (एप्र)। फिल्ड मॉनिटर शिवधन मरांडी ने आंगनवाड़ी केंद्र डुमरिया सहित विभिन्न जगहों में चल रहे नियमित टीकाकरण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हेड काउंट, ड्यूलिस्ट आदि का निरीक्षण किया साथ ही सेशन साइट्स पर उपलब्ध चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मालूम हो कि गोपालपुर टू में एएनएम इंदु कुमारी, धवाटांड़ में एएनएम अर्पिता दे, डुमरिया में राजलक्ष्मी मंडल, बासुडीह में शीमारानी तिर्की, कुंजबोना में कुमारी पुजा, मड़ालो टू में निर्मला देवी, सिमलडूबी टू में हेमलता, जोड़कुड़ी स्टेनशीला सोरेन, घुसरूकाटा में लक्की साधु, बगछेरा में सुमेरी बेसरा, लखियारा में प्रिती किस्कू, सीएचसी नाला में इंग्ला कुमारी आदि सेशन साइटों पर संबंधित एएनएम के द्वारा नियमित टीकाकरण किया गया।

पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त, छानबीन जारी

नाला (एप्र)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। वहीं क्षेत्र के तमाम गतिविधियों पर प्रशासनिक निगाह बनी हुई है। वहीं गस्ती के दौरान नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने नतुनडीह के समीप से पत्थर लदा बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर नाला थाना पुलिस अभीरक्षा में रखा गया है, वहीं संबंधित मामले को लेकर संबंधित वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया गया है।

शत प्रतिशत मतदान करने हेतु सेल्फी प्वाइंट का किया शुभारंभ

➲ अधिकारियों के साथ उपायुक्त ने ली सेल्फी

जामताड़ा (एप्र)। शनिवार को समाहरणालय जामताड़ा के भूतल परिसर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता एवं शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से सेल्फी अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमे जिले के वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने सेल्फी लेकर कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले भर में विभिन्न गतिविधियों किया जा रहा है, जिसके तहत आज जिला में हमलोग सेल्फी अभियान में भाग ले रहे हैं, ऐसे सेल्फी प्वाइंट जिले के महत्वपूर्ण कार्यालयों आदि स्थानों में अधिष्ठापित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि जिले में विधानसभा आम चुनाव के निमित्त द्वितीय चरण में 20 नवंबर को मतदान संपन्न होगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील कर कहा कि आप सभी अपने अधिकार को ना भूलें और लोकतंत्र के इस महापर्व के अवसर पर निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपना बहुमूल्य वोट करें एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें एवं दूसरों को भी मताधिकार के प्रति जागरूक करें। वहीं उपायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से अपील कर कहा कि सेल्फी को अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जरूर पोस्ट करें ताकि अन्य लोग भी मतदान के प्रति जागरूक हो सकें। मौके पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम, नजारत उप समाहर्ता अबिश्वर मुर्मू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, कोषागार पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बिकेश कुणाल प्रजापति सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं स्वीप कोषांग के परियोजना पदाधिकारी पूनम, एबलिन हांसदा, मीना पुजहर सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

चक्रवाती तूफान दाना से जनजीवन हुआ प्रभावित

मिहिजाम (एप्र)। चक्रवाती तूफान दाना के असर पूरे जामताड़ा जिला में देखने को मिल रहा है। इसके प्रभाव के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से लोग त्रस्त हो गये हैं, हालांकि जामताड़ा जिला प्रशासन की ओर से दाना चक्रवात को लेकर पहले से ही अलर्ट जारी कर दिया गया है। बताते चलें कि चार दिनों से जिले भर में दाना चक्रवात का असर जारी है। कभी रूक रूक कर तो कभी जोर जोर से बारिश हो रही है। स्थिति यह है कि इस बारिश का असर जन जीवन पर पड़ने लगा है। खास करके रोजमर्रा वाले दैनिक भोगी मजदूर पर इसका असर साफ दिखना शुरू हो गया है। वारिश के कारण ये सभी दैनिक भोगी मजदूर अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जिसके कारण इनके काम काज पर भी सीधा असर पड़ रहा है। हालांकि दाना चक्रवात का असर कमजोर होने के कारण क्षेत्र में अभी तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। बाबजूद जिला प्रशासन इस दिशा में अपनी नजर बनाए रखा है। वहीं मिहिजाम के दुकानदारों का कहना था कि चार दिनों से लगातार बारिश होने से इसका असर व्यवसाय पर भी पड़ा है। ग्राहक अपने घरों से निकल नहीं पा रहे हैं। लिहाजा सभी दुकानदार इसके चपेट में आ चुके हैं। दुकान खोल तो रहे हैं लेकिन रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण ग्राहक नहीं आ रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

नारायणपुर (एप्र)। गोबिन्दपुर साहेबगंज नेशनल हाईवे पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव के समीप बीते रात्रि शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद घायल व्यक्ति का इलाज सीएचसी नारायणपुर में किए जाने के बाद उसे धनबाद रेफर कर दिया गया। बतादें कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के मंझलाडीह गांव के 63 वर्षीय लालू रविदास मिरगा हटिया करने के बाद साइकिल से अपने घर जा रहा था।इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने मिरगा गांव के समीप उसे धक्का मार दिया। जिससे वह घायल हो गया।घटना के बाद अज्ञात वाहन को लोगों ने पीछा करने का कोशिश किया। परंतु वह घटनास्थल से भाग निकला। घटना के बाद घायल व्यक्ति का इलाज रात में ही सीएचसी नारायणपुर में किए जाने के बाद उसे बेहतर इलाज कराने के लिए धनबाद रेफर कर दिया।

मतदाताओं को वोट के प्रति किया गया जागरूक

जामताड़ा (एप्र)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल विभाग झारखंड एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव के निमित्त मतदाता जागरूकता के तहत विगत चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में विशेष रूप से वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को इसी क्रम में कुंडहित प्रखंड के अम्बा एवं सिमुलकोंडा गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वीआर एलईडी स्क्रीन यंत्र युक्त जागरूकता वैन में हेड माउंटेड डिस्प्ले वीआर बाक्स के माध्यम से आमजन वर्चुअल रियलटी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो वीडियो को दिखाया गया एवं पंपलेट के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

मेडिकल बोर्ड करेगा पदाधिकारियों एवं कर्मियों का चिकित्सकीय जांच

जामताड़ा (एप्र)। शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधान सभा आम निर्वाचन के निमित्त निर्वाचन कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारियों, कर्मियों के द्वारा स्वास्थ्य कारणों से आवेदन देकर निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की स्वास्थ्य जांच के लिए समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सकीय जांच की जायेगी। वैसे मतदान पदाधिकारी व कर्मी जिनके द्वारा स्वास्थ्य कारणों से निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु आवेदन दिया गया है, उक्त सभी को सूचित किया गया है कि निर्धारित तिथि को ससमय मेडिकल बोर्ड के समक्ष चिकित्सकीय जांच हेतु निर्वाचन नियुक्ति पत्र तथा चिकित्सा जांच आदि कागजातों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। यदि निर्धारित तिथि को जॉच हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं चुनाव कार्य से मुक्त नहीं किया जायेगा।

चिरेका कर्मचारियों को मिला मैन ऑफ द मंथ का अवार्ड

मिहिजाम (एप्र)। चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में सेवारत शारदा कुमारी, तकनीशियन- क इलेक्ट्रिक लोको शॉप -19 इलेक्ट्रिकल विभाग, शीर्षेंदु घोषाल सीनियर सेक्शन इंजीनियर इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप 25 मैकेनिकल विभाग, प्रद्युत चट्टोपाध्याय, जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल विभाग और पंकज कुमार इंस्पेक्टर, आरपीएफ टाउन पोस्ट, सुरक्षा विभाग को सितंबर 2024 के लिए मैन ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इनके असाधारण प्रदर्शन, समर्पित योगदान के लिए दिया गया है। हितेंद्र मल्होत्रा महाप्रबंधक ने 26 अक्टूबर को इन सभी को मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार प्रदान किया और बधाई दी। शारदा कुमारी दैनिक उत्पादन योजना टीम से जुड़ी हुई है। वह पहले से ही लोकोमोटिव उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण वस्तुओं को अग्रिम रूप से रेखांकित करने में सहायक हैं, जो समय पर सामग्री व्यवस्था में मदद करता है। समय सीमा के भीतर शॉप-19 और स्टोर विभाग के प्रगति अनुभाग के साथ समन्वय करके रिपोर्ट और डेटा तैयार करती हैं। सिरशेंदु घोषाल ने इलेक्ट्रिक लोको बोगी शॉप के दो प्रक्रियाधीन प्रस्तावों के लिए निविदा प्रक्रिया के समय पर निष्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिनमें 360 वेल्डरों के लिए एक बार का वेल्डर प्रशिक्षण और वेल्डिंग प्रक्रिया विशिष्टताओं की समीक्षा और मानकीकरण शामिल हैं। प्रद्युत चट्टोपाध्याय की देखरेख में ब्रेकडाउन कंडीशन में लोको लिफ्टिंग जैक को मरम्मत कर कुछ दिनों के भीतर उत्पादन को सौंप दिया गया, जिससे न केवल स्क्रू रॉड को क्षति से बचाया गया, बल्कि काफी मात्रा में रुपये की भी बचत हुई। पंकज कुमार ने अपने पर्यवेक्षण में रेलवे एक्ट और आरपी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कई मामले दर्ज किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तियों की गिरफ्तारी और संपत्ति की वसूली हुई है। उन्होंने, चिरेका परिसर में मवेशियों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने, चिरेका टाउनशिप में अनधिकृत संरचनाओं को करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शनों और धरनों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा नो पार्किंग क्षेत्र को बनाए रखना भी सुनिश्चित करने में भी योगदान दिया है।

मुझे टिकट मिलते ही बौखला गए हैं बाप-बेटे: सीता सोरेन

नारायणपुर (एप्र)। जामताड़ा में अपने हार को देखते हुए इरफान अंसारी और उनके पिता बौखला गए हैं। जिसको लेकर इरफान अंसारी अमर्यादित बयान बाजी कर रहे हैं। मैं इरफान अंसारी को किसी हाल में नहीं छोड़ूंगी, उस पर में केस करूंगी। उक्त बातें भाजपा नेत्री सह जामताड़ा विधानसभा की प्रत्याशी सीता सोरेन ने शनिवार को नारायणपुर प्रखंड के मोहनपुर आदिवासी टोला में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि क्या इरफान अंसारी कोई बच्चे हैं, जिन्हें क्या बोलना है क्या नहीं इसका भी ज्ञान नहीं है। मैं किस परिवार से हूं क्या वे नहीं जानते। उनके इस बयान के लिए मैं उन पर मुकदमा करूंगी। उन्होंने केवल मेरा ही नहीं बल्कि पूरे राज्य की आदिवासी महिलाओं का अपमान किया है। उनके पिता फुरकान अंसारी कहते हैं कि वोट आते ही भाजपा जात-पात की राजनीति करने लगती है, लेकिन सच्चाई तो यह है कि वर्षों से दोनों पिता पुत्र जामताड़ा में गंदी राजनीति कर रहे हैं। अब जनता जाग चुकी है। हार की बौखलाहट दोनों के चेहरे पर साफ दिख रही है। इनको इस बार की विधानसभा में करारी हार मिल रही है। मेरे उपर किये गये अमर्यादित बयान को लेकर आदिवासी समाज में उबाल है। लोग यह भी कह रहे हैं कि इरफान अंसारी को आदिवासी गांव घुसने नहीं दिया जाएगा उनका बहिष्कार होगा। कहा कि जामताड़ा में इरफान अंसारी और फुरकान अंसारी आदिवासियों को सिर्फ ठगने का काम किया है। अब आदिवासी बेटी आयी है, आदिवासियों को उचित न्याय मिलेगा।

दलित समाज के लोगों ने वोट बहिष्कार का लिया निर्णय, किया जोरदार प्रदर्शन

नारायणपुर (एप्र)। विधानसभा 2024 के दूसरे चरण का नॉमिनेशन शुरू हो चुका है। वहीं पुराने मामले भी अब सामने आने लगे हैं। जिसका नतीजा है कि विरोध प्रदर्शन और वोट बहिष्कार की घोषणा भी होने लगी है। ऐसा ही मामला नारायणपुर थाना क्षेत्र के डोकीडीह गांव के दलित समाज में देखने को मिला। जहां शुक्रवार को नारायणपुर थाना क्षेत्र के डोकीडीह गांव के दलित समाज के लोगों ने वोट बहिष्कार का घोषणा कर प्रदर्शन किया। जिसमें काफी संख्या में महिला और पुरुष शामिल थे। इसके पीछे वजह यह है कि बीते वर्ष 2023 में सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान मुस्लिम पक्ष के लोगों द्वारा मूर्ति ले जाने से रोक दिया गया था। समझाने पर प्रशासन एवं भीड़ पर लाठी, डंडे से हमला और पथराव किया गया था। जान बचाने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी थी। मामला काफी बिगड़ गया था। जिसमें नारायणपुर बीडीओ, सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी जख्मी भी हुए थे। उस समय प्रशासन की ओर से मुस्लिम पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में प्रशासनिक बैठक के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन अचानक पिछले महीने गांव के 19 लोगों के विरुद्ध नोटिस आ गया और लोगों को पता चला कि उनके विरुद्ध सरस्वती पूजा विसर्जन के दौरान कोई घटना को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मामला दायर किया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुकदमे में कुल 21 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। जिसमें से दो नाम नारायणपुर थाना प्रभारी और नारायणपुर बीडीओ का हटा दिया गया है। वही गांव के 19 लोगों का नाम मुकदमा में शामिल है। इसी के विरोध में डोकीडीह गांव के महिला और पुरुषों ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया और वोट बहिष्कार की घोषणा कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब 2023 में ही मुकदमा दर्ज किया गया था तो इतने दिनों तक मामले को दबा कर रखने की क्या जरूरत थी। चुनाव के समय ही क्यों नोटिस जारी किया गया है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाने और इंसाफ दिलाने की मांग की है।

विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

कुंडहित (एप्र)। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। चुनाव से पूर्व विधि-व्यवस्था व शांति बनाये रखने व आमजन में सुरक्षा की भावना बनाये रखने के लिए शनिवार को थाना क्षेत्र के कुंडहित बाजार, बस स्टैंड, हटिया समेत अन्य स्थानों पर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी विनय कुमार यादव कर रहे थे। इस दौरान कुंडहित पुलिस टीम के अलावा आइटीबीटी के जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे। फ्लैग मार्च में शामिल जवानों व पुलिस पदाधिकारियों ने प्रमुख चौराहे समेत विभिन्न बूथों का भ्रमण करते हुए लोगों से शांति- व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस दौरान अवैध साधनों के जरिये चुनाव पर प्रभाव डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बारे में अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता अनुपालन के संबंध में बताया। बताया जाता है कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यवस्था बनाये रखने के लिए व्यापक बंदोबस्त करना शुरू कर दिया है। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को कानून का पालन करने की अपील की गयी है। मौके पर एसआई निताई कुमार दास के अलावा पुलिस बल मौजूद थे।

एक नजर

उपायुक्त ने की खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक

साहिबगंज (एप्र)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित कायों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में खाद्य आपूर्ति के कायों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त के निदेर्शानुसार सभी खाद्य ट्रांस्पोर्ट में जीपीएस लगाने का निर्देश दिया गया था, जिसमें बताया गया की सभी वाहन में जीपीएस लगा दिया गया है। उपायुक्त ने जीपीएस के माध्यम से सभी वाहन का लाइव लोकेशन की जांच करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित दिया गया कि वह खाद्य ट्रांस्पोर्ट के चालकों का एवं वाहनों का फिटनेस की जाँच करेंगे एवं खाद्य गोदामों में आगत-निर्गत रोस्टर पंजी तैयार करेंगे। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा एवं सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थें।

तीनपहाड़ पुलिस प्रशासन ने किया संवेदनशील बूथों पर फ्लैग मार्च

राजमहल/तीनपहाड़ (एप्र)। आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण व भयमुक्त संपन्न कराने को लेकर तीन पहाड़ पुलिस प्रशासन ने शनिवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान थाना क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों एवं आस पास के इलाके का निरीक्षण किया गया। पुलिस का फ्लैग मार्च सूतियार पाड़ा, जोका, मारोपुर, मस्तापुर ,नीमगाछी एवं बाकुडी के अलावा कई बूथों का निरीक्षण किया।

स्वीप के तहत कार्यक्रम आयोजित, शत-प्रतिशत मतदान करने को ली शपथ

बरहरवा (एप्र)। स्वीप कोषांग के तहत बरहरवा प्रखण्ड में विधानसभा चुनाव -2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बूथ नंबर-145 बड़ा सोनाकड़ में ग्रामीणों को मतदाता जागरुकता शपथ दिलाया गया एवं रैली निकाली गयी। सभी को बताया गया कि आगामी चुनाव में 20 नवंबर को मतदान किया जाना है। अधिक से अधिक प्रवासी मतदाता को भी अपना मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीणों को सी-वीजील ऐप की जानकारी दी गयी। वहीं बंगाली एवं संथाली भाषाओं में स्थानीय समुदायों को जागरूक किया गया। फॉर्म-6 के माध्यम से योग्य नए मतदाताओं को पंजीकरण करवाते हुए मतदान के लिए जागरूक किया गया। वहीं 85+ आयु वर्ग एवं असमर्थ या दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया गया।

कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम आज कार्यकताओं संग करेंगी बैठक

पाकुड़(एप्र)। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम रविवार को सुबह 11:00 बजे पार्टी कार्यालय पहुंचेंगी। पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगी। जिसमें विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी। कार्यकताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिया जाएगा। बैठक में जिला कमेटी तथा प्रखंड कमेटी सहित तमाम प्रकोष्ठ और विभागों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। नगर कमेटी के पदाधिकारी एवं पंचायत अध्यक्ष तथा सभी 36 पंचायत के बूथ कमेटी के सदस्य भी शामिल होंगे। यह जानकारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मंसारुल हक ने दी है।

तालमेल बिठाकर व इमानदारी से करें दायित्वों का निर्वहन : डीसी

पाकुड़ (एप्र)। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचारू व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीएलएमटी एवं एएलएमटी के साथ बैठक हुई। बैठक में चुनाव को टीम वर्क बताते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने सभी डीएलएमटी एवं एएलएमटी की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें चुनाव के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान तालमेल के साथ काम करने से सफलता मिलेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में त्रुटि रहित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराना निर्वाचन से जुड़े हम सभी पदाधिकारियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रत्येक बिंदु पर आयोग के स्पष्ट दिशा निर्देश प्राप्त हैं स्वच्छ, निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित निर्वाचन के लक्ष्य को आयोग के स्पष्ट दिशा निदेर्शों का अनुपालन कर प्राप्त किया जा सकता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिले के पाकुड़, महेशपुर एवं लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। कई मतदान केंद्र महिलाओं की ओर से संचालित किया जाना है, जिसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी 1, पी 2 एवं पी 3 महिलाएं होंगी। इन मतदान कर्मियों का 29 अक्टूबर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डीएलएमटी एवं एएलएमटी को विषयवार महत्वपूर्ण बातों से मतदान कर्मियों को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने महिला मतदान कर्मियों को हैंडबुक को अच्छी तरह से पढ़ने एवं क्या करें और क्या नहीं करें को अवश्य बताने को कहा, ताकि दायित्व निष्पादन में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार सहित सभी डीएलएमटी एवं एएलएमटी मौजूद थे।

पाकुड़ में जनता के आशीर्वाद से फिर से होगी कांग्रेस की जीत : निशात आलम

बरहरवा (एप्र)। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक आलमगीर आलम की पत्नी सह पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम शनिवार को रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं व उनके समर्थकों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद आलमगीर आलम जिंदाबाद, निशात आलम जिंदाबाद, तनवीर आलम जिंदाबाद के नारे लगाए गए। बरहरवा रेलवें स्टेशन से वे अपने आवास इस्लामपुर सड़क मार्ग से पहुंची । पाकुड़ विधानसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में टिकट मिलने के बाद पहली बार बरहरवा पहुंचने पर निशात आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से मुझे कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया हैं। मैं प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देते हुये कहना चाहती हूं कि पाकुड़ विधानसभा में फिर से कांग्रेस की जीत होगी, और झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि अपने सुहाग के ऊपर जब भी संकट आता है तो सबसे पहले उनकी पत्नी ही खड़ी रहती है। पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में अब महिलाओं को उनका दुख दर्द सुनने के लिये मैं मैदान में आ गई हूं। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, नावीद अंजुम, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अशोक दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडु, शाहनवाज नासिर, भोला महतो, अब्दुल जब्बार, अनीता साह, मोहम्मद शफातुल्लाह, दिनेश तुरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थें।

पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

साहिबगंज (एप्र)। विधानसभा चुनाव- 2024 के परिप्रेक्ष्य समाहरणालय स्थित सिद्धो कान्हू सभागार में शनिवार को पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आदर्श आचार संहिता, मतदान दिवस मतदाता कतार प्रबंधन, 100 मीटर और 200 मीटर का महत्व, पोल सामग्री जमा करना, डाक मतपत्र (फार्म 12) में आवेदन एवं मतदान प्रक्रिया का जानकारी दी गई। मौके पर प्रशिक्षक के रूप में प्रभात कुमार सिंह, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी एवं अन्य उपस्थित थें।

बूथ मजबूती को ले झामुमों ने की बैठक

उधवा (एप्र)। प्रखंड क्षेत्र के चांदशहर पंचायत के पश्चिम टोला में शनिवार को जेएमएम पार्टी की बैठक बीस सूत्री व प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद तमरुद्दीन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में जेएमएम के दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान बूथ मजबूती को लेकर विशेष रूप से चचाएं की गई। साथ ही महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा कमिटी का गठन किया गया। बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद तमरुद्दीन शेख ने सभी कार्यकताओं को बूथ मजबूती पर विशेष रूप से बल देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ मजबूती होगी तभी हमलोग राजमहल विधानसभा चुनाव फतेह करेंगे। आगे उन्होंने कहा आगामी 20 नवंबर को राजमहल विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण की चुनाव होनी है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन समर्थित उम्मीदवार मोहम्मद ताजीउद्दीन उर्फ एमटी राजा की रिकॉर्ड मतों से जीत दिलानी होगी। इस लोकतंत्र के महापर्व में सभी सारे मतभेदों को भुलाकर आपसी भाईचारे के साथ एकजुट होकर एमटी राजा के पक्ष में मतदान कर विधानसभा भेजने का कार्य करेंगे। झारखंड में एक बार फिर से बहुमत के साथ इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सभी विकास कार्यों को गिनाया गया। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन हमेशा झारखंडियों के हित में काम करते है और वे दुख दर्द को समझते है। दिसंबर माह से सभी महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपए देने की घोषणा सीएम हेमंत सोरेन ने की है। सरकार आपके द्वार के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर आमजनों को इसका लाभ दिया है। मौके पर कीनू सोरेन, यासीन शेख, टीपू सुलतान, हफीजूर रहमान, बबुआ शेख, नेहरूल इस्लाम, शाहजहां शेख, सावन शेख, अजीजुर रहमान, जैनुल आबेदीन शेख, राजेश नदाब,बरकत शेख, केशरूल शेख, केबलु नदाब, समिउल नदाब, सरवर हुसैन, इमामुल शेख, सनवार शेख, अनवारूल शेख, जहांगीर शेख सहित अन्य उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
विलियम्स टॉउन, आर० के० मिशन स्कूल के बगल में, ई-मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

विधान सभा निर्वाचन 2024 के कार्य हेतु
अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 63/DWSD/DEO/ 2024-25 दिनांक– 26.10.2024

1	Name of the Work- Construction of new toilet, repairing of old toilet, supplying and installation of 1.5 HP submersible motor pump, 1000 ltr water storage tank, provision of water tanker etc. at required location of CAPF/SAP accommodation in Assembly Election 2024 in Deoghar Block under D.W.&S. Division Deoghar			
क० सं०	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	319175.00	6400.00	750.00	7 Days
3	परिमाण विपत्र वेबसाईट पर अपलोड की तिथि	28.10.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
4	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
5	निविदा प्राप्ति का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता देवघर अंचल, देवघर।		
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन।		
7	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।		

नोट :– अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
- आंवटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य है समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
PR 339575 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
विलियम्स टॉउन, आर० के० मिशन स्कूल के बगलमें, ई–मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

विधान सभा निर्वाचन 2024 के कार्य हेतु
अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–65/DWSD/DEO/ 2024-25 दिनांक–26.10.2024

1	Name of the Work- Construction of new toilet, repairing of old toilet, supplying and installation of 1.5 HP submersible motor pump, 1000 ltr water storage tank, provision of water tanker etc. at required location of CAPF/SAP accommodation in Assembly Election 2024 in Deoghar & Sarwan Block under D.W.&S. Division Deoghar.			
क० सं०	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	399573.00	8000.00	750.00	7 Days
3	परिमाण विपत्र वेबसाईट पर अपलोड की तिथि	28.10.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
4	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
5	निविदा प्राप्ति का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता देवघर अंचल, देवघर।		
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन।		
7	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।		

नोटः–अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
- आंवटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य है समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।
PR 339577 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
विलियम्स टॉउन, आर० के० मिशन स्कूल के बगलमें, ई–मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

विधान सभा निर्वाचन 2024 के कार्य हेतु
अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–64/DWSD/DEO/ 2024-25 दिनांक–26.10.2024

1	Name of the Work- Construction of new toilet, repairing of old toilet, supplying and installation of 1.5 HP submersible motor pump, 1000 ltr water storage tank, provision of water tanker etc. at required location of CAPF/SAP accommodation in Assembly Election 2024 in Deoghar Block under D.W.&S. Division Deoghar.			
क० सं०	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	585933.00	11800.00	1250.00	7 Days
3	परिमाण विपत्र वेबसाईट पर अपलोड की तिथि	28.10.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
4	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
5	निविदा प्राप्ति का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता देवघर अंचल, देवघर।		
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन।		
7	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।		

नोटः–अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
- आंवटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य है समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।
PR 339576 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
विलियम्स टॉउन, आर० के० मिशन स्कूल के बगलमें, ई–मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

विधान सभा निर्वाचन 2024 के कार्य हेतु
अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–62/DWSD/DEO/ 2024-25 दिनांक–26.10.2024

1	Name of the Work- Repairing/Cleaning of old toilet, Construction of new toilet as per requirement in given location, repairing of old toilet, supplying and installation of 1.5 HP submersible motor pump and 1000 ltr water storage tank at required location of CAPF/SAP accommodation in Assembly Election 2024 in Devipur Block under D.W.&S. Division Deoghar.			
क० सं०	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	697487.00	14000.00	1250.00	7 Days
3	परिमाण विपत्र वेबसाईट पर अपलोड की तिथि	28.10.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
4	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
5	निविदा प्राप्ति का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता देवघर अंचल, देवघर।		
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन।		
7	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।		

नोटः–अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
- आंवटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य है समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।
PR 339569 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
विलियम्स टॉउन, आर० के० मिशन स्कूल के बगलमें, ई–मेल: eedwsd.deoghar@gmail.com

विधान सभा निर्वाचन 2024 के कार्य हेतु
अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–61/DWSD/DEO/ 2024-25 दिनांक–26.10.2024

1	Name of the Work- Repairing/Cleaning of old toilet, Construction of new toilet as per requirement in given location, repairing of old toilet, supplying and installation of 1.5 HP submersible motor pump and 1000 ltr water storage tank at required location of CAPF/SAP accommodation in Assembly Election 2024 in Mohanpur Block under D.W.&S. Division Deoghar.			
क० सं०	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	843756.00	16900.00	1250.00	7 Days
3	परिमाण विपत्र वेबसाईट पर अपलोड की तिथि	28.10.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
4	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
5	निविदा प्राप्ति का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता देवघर अंचल, देवघर।		
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन।		
7	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।		

नोट :– अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
- आंवटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य है समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
PR 339568 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर
विलियम्स टॉउन,आर० के० मिशन स्कूल के बगलमें,ई–मेल:eedwsd.deoghar@gmail.com

विधान सभा निर्वाचन 2024 के कार्य हेतु
अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–60/DWSD/DEO/ 2024-25 दिनांक–26.10.2024

1	Name of the Work- Repairing/Cleaning of old toilet, Construction of new toilet as per requirement in given location, repairing of old toilet, supplying and installation of 1.5 HP submersible motor pump and 1000 ltr water storage tank at required location of CAPF/SAP accommodation in Assembly Election 2024 in Deoghar, Mohanpur & Sonaraitharhi under D.W.&S. Division Deoghar			
क० सं०	प्राक्कलित राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	513490.00	10300.00	1250.00	7 Days
3	परिमाण विपत्र वेबसाईट पर अपलोड की तिथि	28.10.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
4	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक।		
5	निविदा प्राप्ति का स्थान	1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता देवघर अंचल, देवघर।		
6	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.11.2024 समय 05.00 बजे अपराहन।		
7	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर।		

नोटः–अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कालित राशि एवं परिमाण घट–बढ सकती है। स्वीकृति आदेश के अन्तर्गत अनुमोदित राशि एवं परिमाण को ही मान्य समझा जायेगा।
- आंवटन प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।
- उपरोक्त वर्णित समय अवधि के अंदर कार्य करना अनिवार्य है समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण नहीं करने पर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,देवघर
PR 339567 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

एक नजर

शराबबंदी कानून को उप मुखिया ने लगाया पलीता

बरहट (एप्र)। बिहार में पूर्ण रूप से शराबबंदी है। जिसे शत -प्रतिशत पालन कराने के लिए पुलिस- प्रशासन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित की गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों को शराबबंदी को पालन करने तथा कराने के साथ - साथ शराब न पीने की शपथ दिलाई गई थी। इसके बावजूद भी एक उप मुखिया शराब के नशे में पकड़े गए । जिसने शराबबंदी के शपथ और वादे को पतीला लगा दिया है। जिसकी पहचान मलयपुर थाना क्षेत्र देवाचक गांव निवासी प्रकाश शर्मा पिता कालेश्वर शर्मा रूप में हुई है। बताया जाता है कि उप मुखिया शराब के नशे में टल्ली होकर अपने घर में उत्पात मचा रहे थे। जिसे देख घर वालों ने काफी समझाने -बुझाने का प्रयास किया, किंतु उप मुखिया का रोव कम नहीं हुआ। अंत में मुखिया के भाई राजेंद्र शर्मा ने इसकी सूचना मलयपुर पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर एएसआई प्रेमरंजन राय अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं पुलिस ने मुखिया को हो हंगामा करते पकड़ लिया तथा अपने कब्जे में लेकर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किया। जांचोपरांत शराब पिए होने की पुष्टि हुई। इसके बाद उप मुखिया को गिरफ्तार कर थाना ले आया गया। इस संबंध में मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार कहते हैं की शराब के नशे में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

पंचायत सरकार भवन के निर्माण पर लगाई रोक

खैरा/जमुई(निंस)। खैरा प्रखंड मुख्यालय स्थित खैर दुर्गा मंदिर परिसर के समीप अवैध रूप से कराए जा रहे पंचायत सरकार भवन के निर्माण पर अंचलाधिकारी के द्वारा रोक लगा दी गई है। इसे लेकर अंचलाधिकारी विश्वजीत कुमार ने बताया कि पूर्व में अंचलाधिकारी के द्वारा खैरा पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर भूमि का आवंटन किया गया था, लेकिन संवेदक के द्वारा आवंटित भूमि पर भवन का निर्माण ना करा कर अपने मनमर्जी से खैरा दुर्गा मंदिर परिसर के समीप भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है। अंचलाधिकारी ने कहा कि इसे लेकर ना तो कोई सूचना दी गई है, ना ही अधिकारियों के द्वारा कोई अनुमति लिया गया है। ऐसे में तत्काल पंचायत सरकार भवन के निर्माण पर रोक लगा दी गई है। साथ ही सैरात के कागजात की मांग की गई है, जिसको देखने के बाद ही मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

बिहार की लोकगायिका और पद्मभूषण शारदा सिन्हा एम्स में भर्ती

पटना (एजेंसी)। बिहार की लोकगायिका और पद्मभूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा को लेकर बड़ी खबर आ रही है। उनकी तबियत अचानक खराब हो गई है। जिसके बाद उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके पहले से ही वे बीते एक सप्ताह से एम्स में भर्ती है। जानकारी के मुताबिक उन्हें खाने-पीने में दिक्कतें हो रही थी। वहीं शनिवार की सुबह अचानक उनकी सेहत काफी अधिक खराब हो गई। इसके बाद इमरजेंसी वॉर्ड में उन्हें शिफ्ट करना पड़ा । कुछ समय पहले ही ब्रेन हैमरेज से उनके पति का निधन हो गया था । इसके बाद से लगातार शारदा सिन्हा काफी परेशान और चिंतित रहती थी। उनके स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर अब तक कोई बड़ा अपडेट सामने नहीं आया है । डॉक्टर्स ने अब तक शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है । डॉक्टर उनके इलाज में लगातार जुटे हुए है । गौरतलब है कि शारदा सिन्हा के गानों को छठ के त्यौहार पर काफी पसंद किया जाता है। छठ पर उन्होंने जिन गानों को गाया है, वे भक्तों में काफी पसंद किए जाते है। शारदा सिन्हा ने अपने सिंगिग करियर की शुरूआत 1980 में की थी। शारदा सिन्हा छठ के 62 गीत गा चुकी है।

गिरिराज सिंह के खिलाफ ओवैसी ने खोला मोर्चा, किशनगंज में किया परिवाद दायर

किशनगंज(एजेंसी)। अपने बयानों से सियासी चौपाल पर चर्चा में रहने वाले एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ओवैसी की तरफ से किशनगंज कोर्ट में परिवाद दायर करने वाले वकील ने का कहना है की किशनगंज दौरे के दौरान गिरिराज सिंह ने जनसभा में भड़काऊ भाषण दिए और यहां की जनता की भावनाओं को आहत किया। आरोप लगाते हुए कहा है कि जनता की भावनाओं को चोट पहुंचाई है बल्कि हमारे हिंदू भाईयों को भड़काने का काम किया है। वकील ने बताया कि सैक्सन 196,197, 199, 302 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कराया गया है और अदालत के समक्ष वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है। बता दें कि एआईएमआईएम पार्टी से जुड़े इम्तियाज आलम ने न्यायालय में परिवाद दायर किया है। शम्स आजाद ने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान सभा में मौजूद लोगों को भड़काने की नीयत से आपराधिक साजिश के तहत उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के साथ-साथ हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बयान दिए थे। वहीं, इस दौरान मौजूद एआईएमआईएम के वर्करों ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम सभी लोगों से अपील करते हैं कि ऐसे नेताओं के बयान की निंदा करें अन्यथा यहां के वातावरण को ये लोग दूषित कर देंगे।बता दें कि भागलपुर से 18 अक्टूबर को शुरू कर कटिहार, पूर्णिया और अररिया होते हुए गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा विगत 22 अक्टूबर को किशनगंज पहुंची थी। जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए बांग्लादेशी घुसपैठ सहित अन्य मुद्दों को लेकर बयान दिये थे। अब इसे लेकर एआईएमआईएम के नेताओं ने अपत्ति दर्ज की है और कंप्लेंट केस दायर किया है।

समलैंगिक संबंधों के चलते गई शिक्षक की जान

बेगूसराय (एजेंसी)। समलैंगिक संबंधों के चलते एक कोचिंग चलाने वाले शिक्षक की जान चली गई। बिहार के बेगूसराय में शिक्षक बिट्टू कुमार की हत्या कर दी गई थी। इस दिल दहला देने वाले हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताय कि टीचर की हत्या उसी के दोस्त सुमित कुमार ने की थी। समलैंगिक संबंध से अलग होने की वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया। बिट्टू कुमार की हत्या 19 अक्टूबर को हुई थी। वह सुमित के घर पहुंचा था। सुमित ने नशीली दवा देने के बाद घटना को अंजाम दिया। शिक्षक बिट्टू कुमार 19 अक्टूबर से लापता हो गया था। बिट्टू का कई टुकड़ों में कटा शव पोखर से बोरे में बंद मिला था। सिर और दोनों पैर गायब थे। बिट्टू ने कोचिंग पढ़ाने के बाद पटना जाने की बात दोस्त से कही थी। इसी के बाद से वह लापता हो गया था। एसपी का कहना है कि शिक्षक बिट्टू कुमार की हत्या 19 अक्टूबर को ही उसके साथी सुमित कुमार ने कर दी थी। इसके बाद साक्ष्य छुपाने के लिए शव को कई टुकड़ों में काटा और सर-पैर को अलग-अलग फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि सुमित और मृतक बिट्टू के बीच अप्राकृतिक संबंध था। इसी को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

शिक्षकों के साथ मारपीट व रंगदारी मांगने के मामले में दो गिरफ्तार

विद्यालय में 7 शिक्षकों के साथ की गई मारपीट

जमुई(निंस)। जिले के चकाई प्रखंड के बसतपुर गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में 7 शिक्षकों के साथ बेरहमी से मारपीट करने और 2 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिमुलतला थाना क्षेत्र के राजेश यादव उर्फ चुटरी, पिता कामेश्वर यादव गांव- लाहावन और अर्जुन पंडित, पिता भुनेश्वर पंडित,ग्राम फतेहपुर के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा बीते 22 अक्टूबर मंगलवार को बसतपुर गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सात-आठ की संख्या में पहुंचकर विद्यालय में छुट्टी होने के बाद 7 शिक्षकों के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में आरोपियों के उपर सिमुलतला थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। शिक्षकों की बेरहमी से पिटाई के बाद स्कूल पहुंचे थे शिक्षा विभाग के अपर सचिव एस सिद्धार्थ उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसतपुर के शिक्षकों के साथ मारपीट की घटना सामने आने के बाद शिक्षा विभाग के अपर सचिव एस सिद्धार्थ शिक्षकों से घटना की जानकारी लेने विद्यालय पहुंचे थे। एसीएस से बातचीत के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने घटना के बारे में बताया। विद्यालय में पुलिस की सुरक्षा मिलने के बावजूद भी दो दिनों तक विद्यालय बंद पड़ा रहा था। इसके बाद शिक्षा विभाग के अपर सचिव एस सिद्धार्थ के शुक्रवार को विद्यालय पहुंचने के दिन विद्यालय में शिक्षक और बच्चे पहुंचे थे, लेकिन शिक्षक रोते हुए दूसरे विद्यालय में अपने ट्रांसफर की गुहार लगाने लगे। शिक्षकों से बातचीत करने के बाद ऐसीएस एस सिद्धार्थ ने जमुई के डीएम अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश से घटना के बारे में जानकारी और अभी तक हुई कार्रवाई के बारे में बातचीत किया था। उन्होंने शिक्षकों को भरोसा दिलाया और कहा था कि जो भी शिक्षक को हाथ लगाएगा, या तंग करेगा, उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षकों के लिए स्कूलों में भय मुक्त वातावरण स्थापित करना चाहते हैं। शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि स्कूल में फोर्स की तैनाती की गई है पुलिस अधीक्षक पूरी सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं, विद्यालय बिना किसी डिस्टरबेंस और भय के संचालित होगा।

गायब पेंटर को पुलिस ने किया बरामद

बरहट (एप्र)। मलयपुर थाना क्षेत्र के फुलबरिया गांव से दो दिन से गायब पेंटर मिस्त्री को मलयपुर थाना की पुलिस ने शनिवार को बरहट थाना क्षेत्र में उसकी बहन के घर से बरामद कर लिया। बरामद पेंटर मिस्त्री की पहचान मलयपुर थाना क्षेत्र के फुलबरिया गांव निवासी राकेश मांझी पिता नरेश मांझी के रूप में की गई है। मलयपुर थाना में पेंटर मिस्त्री ने बताया कि वह मलयपुर के एक व्यक्ति से घर रंग रोगन के लिए कुछ पैसे एडवांस लिया था। पैसे एडवांस लेने के बावजूद वह उनके घर काम नहीं कर रहा था। डर के मारे अपनी बहन के घर बरहट भाग गया। इसी दौरान उनके पिता ने मलयपुर थाना में बेटे के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। तब मलयपुर थाना की पुलिस उसे खोजते हुए उसकी बहन के घर से बरामद कर लिया। मलयपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि पेंटर मिस्त्री को उसके परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया है।

मानसिक विक्षिप्त युवक को ग्रामीणों ने समझा बाइक चोर

पुलिस ने परिजनों को सुरक्षित सौंपा

खैरा/जमुई(निंस)। खैरा थाना क्षेत्र के सिंगारपुर गांव में एक मानसिक विक्षिप्त युवक को बाइक चोर समझकर ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन पुलिस ने इंसानियत दिखाते हुए उसे उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचा दिया। मामला सिंगारपुर गांव का है, जहां ग्रामीणों ने एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते देखा। उसे बाइक चोर समझकर पकड़ा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से बचाकर थाने ले आई। जब उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि युवक का नाम अमित कुमार है और वह भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के विशौनी गांव का निवासी है। साथ ही यह भी पता चला कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खैरा थाने के पुलिस अवर निरीक्षक विद्या रंजन कुमार और नंदकिशोर सिंह की टीम युवक को उसके गांव लेकर गई और देर रात उसके परिजनों के हवाले कर दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि उनका बेटा लंबे समय से लापता था। पुलिस की इस संवेदनशील कार्रवाई की ग्रामीणों और परिजनों ने सराहना की। इस घटना ने एक बार फिर दिखा दिया कि पुलिस न केवल कानून व्यवस्था संभालने में माहिर है, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता का भी परिचय देती है।

विद्यालय आधारित प्रोजेक्ट पर जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

गिद्धौर/जमुई (निंस)। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम अंतर्गत कक्षा 6-8 की गणित एवं विज्ञान विषय के पाठ्य पुस्तक के पाठ पर आधारित प्रोजेक्ट विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन हेतु जिलास्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन डायट सेंटर गिद्धौर में किया गया। इसका उद्घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा कुमारी, सचिन कुमार भारती, रश्मि कुमारी,वंदना कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसमें चकाई, झाझा, खैरा, सिकंदरा, जमुई, बरहट,लक्ष्मीपुर,सोनो एवं गिद्धौर प्रखंड के प्रतिभागी शामिल हुए और गणित एवं विज्ञान विषय के पाठ्य पुस्तक के पाठ पर आधारित प्रोजेक्ट विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन पर प्रतिभाग किया। सभी को इसे समुचित तरीके से विद्यालय में लागू करने के लिए निर्देशित किया गया।इसका उद्देश्य वर्ग 6-8 ओ विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि को बढ़ावा देना है।इस अवसर पर डीपीओ सीमा कुमारी,मास्टर ट्रेनर रंजय कुमार एवं शोभा कुमारी, लक्ष्मीपुर बीईओ तारकेश्वर प्रसाद मिश्र, झाझा बीईओ महेंद्र प्रसाद सिंह, सिकंदरा बीईओ रूपम कुमारी, खैरा बीईओ मुकेश सिंह, लक्ष्मीपुर बीपीएम विजय कुमार, झाझा बीपीएम राजीव रंजन, खैरा बीपीएम अवधेश कुमार,जमुई बीपीएम अंजनी प्रभात, अलीगंज बीपीएम दिव्यांशु, गिद्धौर बीपीएम मो.साजिद अंसारी, सिकंदरा बीपीएम मो. हजरत फसीही,सोनो बीपीएम प्रवीण कुमार, चकाई बीपीएम विपुल कुमार सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी, कर्मी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"

विधानसभा आम चुनाव, 2024
(कार्मिक कोषांग, पाकुड़)

—: सूचना :—

निदेशानुसार विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोशांग के पत्रांक—73, दिनांक—24.10.2024 से सूचित किया गया है कि निम्नांकित मतदान पदाधिकारी अपने प्रशिक्षण कर्त्तव्य से दिनांक—24.10.2024 को अनुपस्थित रहे। सूचना प्रकाशन के 24 घंटे के अन्दर निम्नांकित मतदान पदाधिकारी अपना स्पष्टीकरण नोडल पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग, पाकुड़ को प्रस्तुत करें कि क्यों नहीं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम—1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कारवाई प्रारंभ की जाय।

SL	Name	Designation	Pin No.	Assigned Duty	Office/School Name
01	TUHINA KHATUN	SAHAYAK ADHYAPAK	341404676	F-P2	UMS BHAWANIPUR
02	SNEHA PATEL	PHYSICAL TEACHER	341407250	F-P2	KGBV AMRAPARA
03	MEMIRANI DUTTA	ASST. TEACHER	341407267	F-P2	KGBV MAHESHPUR
04	SUSHMA EKKA	ASST. TEACHER	341407270	F-P2	KGBV MAHESHPUR
05	LEELA TIRKEY	PHYSICAL EDU. TEACHER	341407271	F-P2	KGBV HIRANPUR
06	PREMILA KISKU	PHYSICAL TEACHER	341407282	F-P2	KGBV LITTIPARA
07	KAPIL HARI	A.S.S	341400749	PO	CHC LITTIPARA
08	ABHINASH KR BASKI	AT	341401480	PO	P S LETBARI
09	UPENDRA PRASAD	F.S	341401497	PO	SOIL CONSERVATION OFFICE,
10	SUSIL MURMU	AT	341402699	PO	UPG MS BABU JHUTI
11	RANA PRATAP SAHA	TGT	341402919	PO	RK +2 HS LITTIPARA
12	RAJKUMAR SAHA	AT	341407039	PO	UMS GANDHAIPUR
13	SAMESH KUMAR SAH	SAHAYAK ADHYAPAK	341402068	P1	UMS MANJHADIH
14	SRILAL HANSDAK	SAHAYAK ADHYAPAK	341402360	P1	UPS CHODGO
15	IGNASIUS HANSDAK	SAHAYAK ADHYAPAK	341402367	P1	UPS CHHOTA MALIPARA
16	BABUNATH PAHARIYA	SAHAYAK ADHYAPAK	341402560	P1	UPS KUMARKOTA
17	SURENDRA MURMU	SAHAYAK ADHYAPAK	341404559	P2	UPS SUGNITOLA
18	SAMIM AKHTAR	SAHAYAK ADHYAPAK	341404673	P2	UMS BHAWANIPUR
19	CHANDRAKANTA SAMANTA	PGT MATH	341406795	P2	JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA BAGHSHISA HIRANPUR
20	NIRMALA MURMU	ASST. TEACHER	341403453	F-PO	MS JIDATO MISSION PAKUR
21	SMT. PRIYANKA MUKHERJEE	TGT - ENGLISH	341400525	F-P1	JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA TELIYAPOKHAR
22	NARGIS ANJUM	SAHAYAK ADHYAPAK	341401517	F-P1	U M S CHINPARA
23	MD. ZAFAR IMAM	BRP, PAKURIA	Sector No.- 21 (06-Maheshpur (ST)	Sector Officer	BRC, PAKURIA
24	SUJIT SINGH	CRP	Reserve (06-Maheshpur (ST)	Sector Officer	BRC, MAHESHPUR

PR 339560 (Election) 24-25 (D)

वरीय पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग, पाकुड़।

विधान सभा आम चुनाव, 2024 ।
Email Id : Observercellgodda@gmail.com
(निर्वाचन प्रेक्षक कोषांग, किसान भवन)

।। सूचना ।।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधान सभा आम चुनाव हेतु 16—पोड़ैयाहाट विधान सभा क्षेत्र, 17—गोड्डा विधान सभा क्षेत्र एवं 18—महागामा विधान सभा क्षेत्र के लिये **श्री सैलेन समद्दर, आई0आर0एस0, व्यय प्रेक्षक**, जो परिसदन भवन (किसान भवन), गोड्डा में आवासित है ।

कृपया विधान सभा आम चुनाव, 2024 से व्यय संबंधित शिकायत के लिए निम्नांकित पता एवं समय पर सम्पर्क करें।

क्रमांक	विधान सभा क्षेत्र का नाम	व्यय प्रेक्षक का नाम	सम्पर्क स्थल	समय	मेल/ दूरभाष
1	16—पोड़ैयाहाट 17—गोड्डा 18—महागामा	श्री सैलेन समद्दर	परिसदन भवन (किसान भवन), गोड्डा	अपराह्न 05:00 बजे से 06:00 बजे तक प्रतिदिन	Mail Id - eogodda@gmail.com Mob - 7209218566

ह0/
जिला निर्वाचन पदाधिकारी—सह उपायुक्त, गोड्डा।

PR 339559 (Election) 24-25 (D)

विधानसभा आम निर्वाचन—2024
(अतिमहत्वपूर्ण)

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,देवघर
(कार्मिक-सह-कम्प्यूटर कोषांग)
दूरभाष संख्या:—(06432-232680) फैक्स—06432—232967 ई—मेल:—(edcdeoghar@gmail.com)

प्रेस विज्ञप्ति

विधानसभा आम निर्वाचन—2024 के अवसर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों/पीठासीन पदाधिकारियों/मतदान पदाधिकारियों द्वारा चिकित्सा के आधार पर निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु प्राप्त मामलों पर विचार करने हेतु दिनांक 30.10.2024 को मेडिकल बोर्ड का बैठक निर्धारित किया गया है। साथ ही, अपने पुत्र, पुत्री एवं स्वयं की शादी एवं अन्य कार्यों से निर्वाचन कार्य से मुक्त करने हेतु प्राप्त मामलों पर विचार करने हेतु दिनांक 01.11.2024 को जाँच टीम का बैठक निर्धारित किया गया है।

निदेशानुसार, अपरिहार्य कारणवश उक्त मेडिकल बोर्ड एवं जाँच टीम की पूर्व में निर्धारित बैठक क्रमशः दिनांक 30.10.2024 एवं 01.11.2024 को संशोधित करते हुए **दिनांक 29.10.2024 को पूर्वाह्न 09:00 बजे देवघर समाहरणालय के भूतल स्थित गठित कार्मिक कोषांग, देवघर में** निर्धारित की जाती है। संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उक्त निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर अपने सभी कागजातों के साथ मेडिकल बोर्ड/जाँच टीम के समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

वरीय पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग—सह—
उप विकास आयुक्त,देवघर

PR 339553 Deoghar(24-25).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0—05/2024—25

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 04.11.2024 **(1:00 बजे अपराह्न तक)**
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 05.11.2024 **को 3:00 बजे अपराह्न तक**
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.11.2024 **को 3:30 बजे अपराह्न**
5. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर /अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : यथोक्त।
7. कार्य का विवरण :

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र की मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Sealing of Badminton Hall, Auditorium Hall and East Building Hall for Storage of BU, CU and VVPAT at Kumaitha Stadium for Assembly Election-2024 at Deoghar of for the year 2024-25	Rs. 15,00,900.00	30,100.00	5000.00	30 Days
2	Construction of Strong Room & Counting Hall for 15- Deoghar, 14-Sarath & 13-Mdhupur Assembly Election 2024 at Deoghar College Deoghar for the year 2024-25	Rs. 35,37,400.00	70,800.00	5000.00	30 Days

2. निविदा की शर्त **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, देवघर

PR 339563 Building (24-25)_D

विधानसभा (आम) निर्वाचन, 2024
(प्रशिक्षण कोषांग)

—:: आदेश ::—

विधानसभा (आम) निर्वाचन, 2024 के निमित्त चिन्हित महिला मतदान केन्द्रों पर महिला मतदान पदाधिकारियों (Po, P1, P2, P3, and Add.P2) की नियुक्ति की जाएगी। उक्त कार्य हेतु महिला मतदान कर्मियों को प्रखण्ड स्तर पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाना है।

उक्त के आलोक में निम्नवत् प्रखण्डवार प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है :—

क0	प्रशिक्षण की तिथि	समय	रिपोर्टिंग टाईम	प्रखण्ड/सबन्धित महिला मतदान पदाधिकारी	प्रशिक्षण केन्द्र का नाम	महिला मतदान कर्मियों की संख्या	कुल संख्या	कमरों की सं0
01	29.10.2024	पूर्वा0 10:00 बजे से अप0 05:00 बजे तक	पूर्वा0 09:30 बजे तक	पाकुड़ प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारी	राज +2 उच्च विद्यालय, पाकुड़	231	332	08
				हिरणपुर प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारी		101		
02				लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारी	आर0के0 +2 विद्यालय, लिट्टीपाड़ा	77	132	04
				अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारी		55		
03				महेशपुर प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारी	+2 उ0वि0विद्यालय, महेशपुर राज	193	303	08
				पाकुड़िया प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारी		110		
						कुल योग :—	767	20

संबंधित प्रखण्ड के सभी महिला मतदान पदाधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि प्रशिक्षण की निर्धारित तिथि को पूर्वा0 09:30 तक अपने निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
—सह— उपायुक्त, पाकुड़

PR 339590 (Pakur)24-25*D

एक नजर

8 लाख रुपये तक की इनकम हो सकती है टैक्स फ्री

नई दिल्ली(एजेंसी)। हर साल इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इस साल करीब 7.3 करोड़ लोगों ने आईटीआर फाइल किया है और मार्च 2025 तक यह संख्या 9 करोड़ को पार कर सकती है। यदि सरकार 8 लाख रुपये तक की सालाना इनकम को टैक्स फ्री करने का फैसला लेती है, तो यह आंकड़ा और भी तेजी से बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस छूट की मांग जोर पकड़ रही है और ऐसी संभावना है कि सरकार 60 से 80 साल के वरिष्ठ नागरिकों को यह राहत दे सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के आर्थिक विभाग की रिसर्च रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर सरकार असेसमेंट ईयर 2024-25 में आईटीआर की संख्या बढ़ाना चाहती है, तो उसे ऐसे कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों को यह छूट दी जाती है, तो रिटर्न फाइल करने वालों की संख्या में काफी बढ़ोतरी होगी। अनुमान है कि इस साल करीब 2 करोड़ और आईटीआर फाइल होंगे, जिससे वित्तीय वर्ष के अंत तक यह संख्या 9 करोड़ को पार कर सकती है। अगले साल यह आंकड़ा 10 करोड़ के पार भी पहुंच सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, असेसमेंट ईयर 2022 में कुल 7.3 करोड़ आईटीआर फाइल किए गए थे, जो असेसमेंट ईयर 2024 में बढ़कर 8.6 करोड़ हो गए। तय तारीख के बाद आईटीआर भरने वालों की संख्या में गिरावट आ रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि लोग समय पर आईटीआर फाइल करने के अनुशासन का पालन कर रहे हैं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी प्रक्रिया और फॉर्म को आसान बना दिया है, जिससे आईटीआर भरना सरल हो गया है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि सरकार को टीडीएस कटौती के दायरे में सुधार करना चाहिए और टीडीएस सर्टिफिकेट में भी बदलाव करने चाहिए।

रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा अब 15 नवंबर तक

नई दिल्ली(एजेंसी)। आयकर विभाग ने शनिवार को मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए कॉर्पोरेट्स द्वारा आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक परिपत्र में कहा कि पिछली 31 अक्टूबर की समयसीमा बढ़ाई जाएगी। मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए नयी समयसीमा अब 15 नंवबर है। बताया गया है कि कर रिटर्न दाखिल करने की यह विस्तारित अवधि कर ऑडिट रिपोर्ट पर लागू नहीं होगी। इससे पहले सितंबर में सीबीडीटी ने कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम समयसीमा सात दिन तक बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी थी।

आरबीआई ने यूएई एक्सचेंज सेंटर का प्राधिकरण प्रमाणपत्र रद्द किया

मुंबई(एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक आवशकताओं का पालन न करने के कारण यूएई एक्सचेंज सैंटर एलएलसी का प्राधिकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक के इस कदम के बाद यूएई एक्सचेंज सैंटर एलएलसी (यूएईईसी) सीमा पार धन हस्तांतरण का कारोबार नहीं कर सकेगी। यूएईईसी का पंजीकृत कार्यालय दुबई में है। उसे सीमा पार धन हस्तांतरण परिचालक (ग्राहक से ग्राहक के बीच) के लिए ओवरसीज प्रिंसिपल के रूप में प्राधिकरण प्रमाणपत्र (सीओए) जारी किया गया था। आरबीआई ने कहा कि भुगतान प्रणाली परिचालक का सीओए नियामक आवशकताओं का पालन न करने के कारण रद्द कर दिया गया है।

विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से एक लाख करोड़ से ज्यादा निकाले

नई दिल्ली(एजेंसी)। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजारों से अक्टूबर माह में अब तक एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की निकासी की है। एफआईआई ने 25 अक्टूबर तक 1,00,242.17 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। इस महीने में एफआईआई ने हर दिन शेयर बेचे हैं। विश्लेषकों के मुताबिक चीन में प्रोत्साहन उपायों की झड़ी के बाद एफआईआई एशियाई बाजार से लगातार पैसे निकालकर ड्रैगन के बाजार में लगा रहे हैं। खासकर, भारत से भारी निकासी की जा रही है। हालांकि, भारतीय बाजार को घरेलू निवेशकों से लगातार मदद मिल रही है और इन्होंने अक्टूबर में अब तक 97,090.83 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीदारी की है। इन दिनों एफआईआई ने सबसे ज्यादा बिकवाली की- 3 अक्टूबर 15,243.27 करोड़, 4 अक्टूबर 9,896.95 करोड़, 7 अक्टूबर 8,293.41 करोड़, 8 अक्टूबर 5,729.60 करोड़, 17 अक्टूबर 7,421.40 करोड़ और 23 अक्टूबर ,684.63 करोड़ रुपए। एफआईआई की लगातार बिकवाली ने रुपए को रिकॉर्ड निचले स्तर के करीब बनाए रखा है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.16 अरब डॉलर घटकर 688.27 अरब डॉलर हुआ

मुंबई (एजेंसी)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.16 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 688.27 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रहा था। हाल के दिनों में मुद्रा भंडार में आई यह सबसे बड़ी गिरावट थी। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.87 अरब डॉलर घटकर 598.24 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.79 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.44 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.8 करोड़ डॉलर घटकर 18.27 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.32 अरब डॉलर रहा।

इंडिगो को सितंबर तिमाही में 986 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 986.7 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। कंपनी ने कहा कि उसे यह घाटा ठप विमानों और ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 188.9 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि एयरलाइन की वृद्धि और विस्तार जारी रहा और सितंबर तिमाही में इसकी आमदनी 14.6 प्रतिशत बढ़कर 17,800 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से कमजोर दूसरी तिमाही में ठप विमानों और ईंधन लागत से संबंधित प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण परिणाम और भी प्रभावित हुए। हमने एक नया मोड़ लिया है क्योंकि ठप विमानों की संख्या और संबंधित लागत में कमी आनी शुरू हो गई है। सितंबर तिमाही में एयरलाइन की ईंधन लागत 12.8 प्रतिशत बढ़कर 6,605.2 करोड़ रुपये हो गई।

खुशखबरी: दिवाली से पहले दोगुना हुआ मुद्रा लोन

अब बिना गारंटी के मिलेंगे 20 लाख रुपए

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिवाली से पहले सरकार ने मुद्रा योजना के तहत लोन सीमा बढ़ा दी है। सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत लोन की सीमा को बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया है, जिसका उद्देश्य छोटे उद्यमियों को मदद करना है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को केंद्रीय बजट में इस वृद्धि की घोषणा की थी। यह कदम नए उद्यमियों को अपने उद्योगों का विस्तार करने में सहायक साबित होगा। अधिसूचना के अनुसार तरुण प्लस श्रेणी के तहत

10 लाख रुपए से अधिक और 20 लाख रुपए तक के लोन उन उद्यमियों को उपलब्ध होंगे जिन्होंने पहले का लोन सफलतापूर्वक चुका दिया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की शुरूआत 8 अप्रैल, 2015 को हुई थी। इस योजना का उद्देश्य गैर-कॉरपोरेट, गैर-कृषि छोटे और सूक्ष्म उद्यमियों को बिना गारंटी के 10 लाख रुपए तक का लोन प्रदान करना है। बैंक इस योजना के तहत तीन श्रेणियों में लोन देते हैं: शिशु: 50,000 रुपए तक, किशोर: 50,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक और तरुण: 10 लाख रुपए तक (अब 20 लाख रुपए)। इसके लिए पात्रता- उद्यमी भारत का नागरिक होना चाहिए, उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए, बैंक डिफॉल्ट हिस्ट्री नहीं होनी चाहिए। कॉरपोरेट संस्थाएं इस योजना के अंतर्गत मान्य नहीं हैं।

अफ्रीका में एयरटेल ने तीन महीने में कमाए 650 करोड़

आईपीओ के माध्यम से फंड जुटाने पर कर रही है विचार

मुंबई (एजेंसी)। दूरसंचार कंपनी एयरटेल अफ्रीका ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं, जिनमें कंपनी ने 650 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ दर्ज किया है। इस दौरान शुक्रवार को भारत के शेयर बाजार में एयरटेल के शेयरों में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके बावजूद एयरटेल अफ्रीका आईपीओ के माध्यम से फंड जुटाने पर विचार कर रही है। खबरों के अनुसार कंपनी लंदन में लिस्टिंग कराने का प्रयास कर रही है। भारती एयरटेल की टेलीकॉम यूनिट एयरटेल अफ्रीका को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7.9 करोड़ डॉलर यानी 664 करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा हुआ है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1.3 करोड़ डॉलर का घाटा हुआ था। कंपनी ने बयान में कहा कि इसका लाभ 15.1 करोड़ डॉलर के असाधारण डेरिवेटिव और विदेशी मुद्रा घाटे से प्रभावित हुआ, जो इस अवधि के दौरान नाइजीरियाई की मुद्रा नाइरा में मूल्यह्रास का नतीजा है। एयरटेल अफ्रीका की आमदनी सितंबर तिमाही में 9.64 प्रतिशत घटकर 237 करोड़ डॉलर रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 262.3 करोड़ डॉलर थी। एयरटेल अफ्रीका कि एक अधिकारी ने कहा कि हमने देखा है कि लागत को अनुकूलतम बनाने हमारे कार्यक्रम में पहले से ही प्रारंभिक सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा कर्ज, बाजार से लिये गये कुल ऋण का मात्र 11 प्रतिशत रह गया है। बहीखाते को जोखिम मुक्त करने के लिए हमारे किए गए कार्य को दशार्ता है।

नई इलेक्ट्रिक एसयूवी महिंद्रा बीई. 05 जल्द होगी लॉन्च

नई दिल्ली(एजेंसी)। स्वदेशी कार निमार्ता कंपनी महिंद्रा जल्द ही अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी महिंद्रा बीई.05 को लॉन्च करने जा रही है। यह एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी 700 का इलेक्ट्रिक वर्जन होगा और इसके लॉन्च की तारीख 26 नवंबर 2024 के आसपास निर्धारित की गई है।

महिंद्रा बीई.05 का डिजाइन फ्यूचरिस्टिक रखा गया है, जिसमें सी-शेप हेडलाइट्स और एक एयरी केबिन शामिल है। एसयूवी की पतली बॉडी पैनल, नए डिजाइन के अलॉय व्हील, स्मार्ट डोर हैंडल, पियानो ब्लैक रूफ, पिलर्स और क्लैडिंग इसे एक मस्क्यूलर लुक देने के लिए तैयार किए गए हैं। इस नई एसयूवी में अत्याधुनिक तकनीक से लैस कई फीचर्स शामिल होंगे, जिनमें ड्राइवर के लिए एक जानकारी प्रदर्शित करने वाली स्क्रीन और एक इंफोटेनमेंट स्क्रीन शामिल है। इसके डिजाइन में फिजिकल बटन की संख्या को कम रखा जाएगा, जिससे इसे एक मॉडर्न और साफ-सुथरा लुक दिया जा सके। यात्रियों की सुविधाओं का भी खास ध्यान रखा गया है, जिसमें पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स, और सुरक्षा के लिए छह एयरबैग, एडीएएस, एबीएस और ईबीडी जैसे बेहतरीन फीचर्स शामिल होंगे। महिंद्रा बीई.05 में बैटरी के दो विकल्प होंगे: 60 केडब्ल्यूएच और 79 केडब्ल्यूएच की क्षमता। एक बार फुल चार्ज करने पर यह एसयूवी 450 से 500 किलोमीटर की रेंज दे सकती है।

इसके अलावा, एसयूवी में एक ही मोटर विकल्प होगा, जो 231 हॉर्स पावर और 380 न्यूटन मीटर तक का टॉर्क प्रदान करेगा। हालांकि, महिंद्रा ने अभी तक इस इलेक्ट्रिक एसयूवी के बारे में आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की है, लेकिन इसकी संभावित लॉन्चिंग की तारीख 26 नवंबर 2024 के आसपास है। महिंद्रा की इस नई इलेक्ट्रिक एसयूवी के बाजार में आने से ग्राहकों को एक नया और आकर्षक विकल्प मिलने की उम्मीद है, जो उन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित कर सकता है।

बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा गिरावट रही

- सेंसेक्स 762 अंक टूटकर 79,298.31 पर बंद
- निफ्टी 218.60 अंक गिरकर 24,180 पर बंद

मुंबई(एजेंसी)। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से ज्यादा गिरावट देखी गई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की सतत बिकवाली से दोनों सूचकांकों में 14 महीने में सबसे लंबी साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही ब्लूचिप फर्मों के नतीजे उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने और शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन की चिंता से भी बाजार में गिरावट को बल मिला है। घरेलू शेयर बाजारों ने नए सप्ताह की शुरूआत बढ़त के साथ हुई। सोमवार को निफ्टी और सेंसेक्स दोनों सूचकांकों में मजबूती दिखी। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 545 अंक बढ़कर 81,770.02 अंक पर खुला और 73.48 अंक की गिरावट के साथ 81,151.27 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 50 इंडेक्स 102.10 अंक की बढ़त के बाद 24,956.15 अंक पर खुला और 72.95 अंक की गिरावट के साथ 24,781.10 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन घरेलू

शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार में प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स मजबूत हुए हैं। सेंसेक्स 200 अंकों बढ़कर खुला और 930.55 अंक टूटकर 80,220.72 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 24800 से अधिक बढ़कर खुला और 309 अंक गिरकर 24,472.10 पर बंद हुआ। बुधवार को भारतीय बाजारों में बिकवाली का दबाव जारी रहा क्योंकि बीयर्स लगातार सूचकांकों को नीचे खींचते दिखे। बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 299 अंक टूटकर 79,921.13 पर खुला और 138.74 अंक गिरकर 80,081.98 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 इंडेक्स 93.95 अंक की गिरावट के साथ 24,378.15 पर खुला और 36.60 अंक की गिरावट के साथ 24,435.50 पर बंद हुआ। गुरुवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 165.07 अंक टूटकर 79,916.91 पर खुला और 16.82 अंक कमजोर होकर सपाट बंद हुआ। निफ्टी 52.71 अंकों की कमजोरी के साथ 24,382.80 पर खुला और 36.10 अंक फिसलकर 24,399.40 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बेंचमार्क सूचकांक लगभग एक प्रतिशत तक नीचे आ गए। दोपहर एक बजकर 54 मिनट पर सेंसेक्स 762.22 टूटकर मनोवैज्ञानिक स्तर 80 हजार से नीचे आ गया और 79,298.31 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 272.50 अंक टूटकर 24,126.90 के लेवल पर खुला और 218.60 अंक गिरकर 24,180.80 अंक पर बंद हुआ।

सोना-चांदी दोनों में निवेश करना फायदेमंद: विशेषज्ञ

नई दिल्ली(एजेंसी)। धनतेरस के त्योहार पर भारत में जमकर खरीदारी होती है। विशेष तौर पर देखा जाए तो सोने और चांदी की कीमतें इस साल खूब बढ़ी है। वैश्विक अनिश्चितताओं और बढ़ती मांग के चलते सोना और चांदी रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। इस साल 29 मई को चांदी ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। एक जनवरी 2024 को चांदी की कीमत 73,395 रुपये प्रति किलोग्राम था। इसी तरह 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 63352 रुपये थी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि जब सोने और चांदी की मांग पीक पर होती है, तो निवेशकों को सोच-समझकर फैसले लेना चाहिए। हालांकि, मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए अभी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आने की कोई आशंका नजर नहीं आ रही है। आने वाले समय में हाजिर और वायदा बाजार में दोनों ही कीमती धातुओं की कीमतों में और मजबूती आने की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका में संभावित ब्याज दरों में कटौती के चलते सोने-चांदी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। खास बात यह है कि चांदी, जो हाल के महीनों में सोने से पीछे रही है, अब अधिक आकर्षक निवेश विकल्प बन सकती है। बाजार के जानकारों का कहना है कि चांदी दिवाली तक 1,05,000- 1,10,000 प्रति किलो तक जा सकती है। उन्होंने निवेशकों को इस मौके का फायदा उठाने और चांदी पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इसके साथ ही जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन के चलते आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है, वहीं चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा- क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता के लिए बड़ा जोखिम

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शांतिकांत दास कहा कि क्रिप्टोकरेंसी वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक स्थिरता के लिए बड़ा जोखिम है। उन्होंने कहा कि इससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है। आरबीआई गवर्नर दास ने थिंक टैंक पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में अपनी उपस्थिति के दौरान कहा कि वास्तव में मेरी राय यह है कि यह ऐसी चीज है जिसे वित्तीय प्रणाली पर हावी नहीं होने दिया जाना चाहिए। क्योंकि इसमें वित्तीय स्थिरता के बड़े जोखिम हैं और यह बैंकिंग प्रणाली के लिए भी जोखिम पैदा करता है। उन्होंने कहा इससे ऐसी स्थिति भी पैदा हो सकती है जहां केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति पर नियंत्रण खो सकता है। दास ने कहा कि सरकारें क्रिप्टोकरेंसी में संभावित नकारात्मक जोखिमों के बारे में भी जागरूक हो रही हैं और इससे जुड़े बड़े जोखिमों को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समझ होनी चाहिए। उन्होंने कहा यह ऐसा कुछ नहीं है जिसके बारे में मुझे लगता है कि यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह दृष्टिकोण बहुत लोकप्रिय नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में, यह दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत क्रिप्टोकरेंसी के बारे में सवाल उठाने वाला पहला देश था। भारत की अध्यक्षता में जी20 में इस पूरे क्रिप्टो इकोसिस्टम से निपटने के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने पर एक समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कुछ प्रगति हुई है। दास ने कहा कि मुझे लगता है कि अभी और काम करने की जरूरत है। आरबीआई के दृष्टिकोण से मुझे लगता है कि हम पहले केंद्रीय बैंकों में से एक हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी के बारे में अपनी गंभीर चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। हम उन्हें बड़े जोखिमों, वित्तीय स्थिरता के लिए बड़े जोखिमों के रूप में देखते हैं।

अदाणी की बोली के बाद केएसके महानदी के लिए अन्य बोलीदाताओं ने भी दांव बढ़ाए

नई दिल्ली(एजेंसी)। केएसके महानदी पावर का अधिग्रहण करने के लिए अदाणी समूह की तरफ से 12,500 करोड़ रुपये की बोली लगाए जाने के बाद अन्य बोलीदाता भी अपनी पेशकश संशोधित करने के लिए प्रेरित हुए हैं और इसका अंतिम आंकड़ा बहुत अधिक हो सकता है। केएसक महानदी पावर के ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) की तरफ से बोली को चुनौती देने वाली व्यवस्था शुरू किए जाने के बाद गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) की पूरी वसूली हो जाने की उम्मीद है। हालांकि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत संचालित कार्यवाही में ऐसा हो पाना लगभग दुर्लभ है। आईबीसी व्यवस्था से जुड़े सूत्रों ने केएसके महानदी को लेकर दिलचस्पी जगाने का श्रेय अदाणी समूह को दिया है। अदाणी समूह ने इस संकटग्रस्त कंपनी के लिए 12,500 करोड़ रुपये की शुरूआती ऊंची बोली लगाई है। यह बोली दूसरे स्थान पर मौजूद बोलीदाता की तुलना में 4,800 करोड़ रुपये अधिक है। इसका नतीजा यह निकला है कि एनटीपीसी समेत 10 मौलिक बोलीदाताओं में से छह ने अब अदाणी समूह की लगाई बोली के आसपास के संशोधित प्रस्ताव पेश किए हैं। यह मजबूत प्रतिस्पर्धा को दशार्ता है जिससे परिसंपत्ति मूल्य भी बढ़ेगा। उद्योग के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि यह अधिकतम मूल्य हासिल करने पर आईबीसी के जोर को दशार्ता है। अदाणी की प्रतिस्पर्धी बोली केएसके महानदी के 10,000 करोड़ रुपये के कथित नकद भंडार और 4,000 करोड़ रुपये की व्यापार प्राप्तियों को जोड़कर करीब 27,000 करोड़ रुपये हो जाती है। इसका मतलब है कि कर्जदाताओं को बकाया कर्ज के 92 प्रतिशत की वसूली हो सकती है। छत्तीसगढ़ में स्थित केएसके महानदी की स्थापित क्षमता 1,800 मेगावाट है। करीब 29,330 करोड़ रुपये के कर्ज बोझ वाली इस परियोजना को 2019 में दिवाला समाधान प्रक्रिया में लाया गया था। अदाणी पावर की 12,500 करोड़ रुपये की बोली प्रतिस्पर्धी संस्थाओं के बीच सबसे ऊंची पेशकश थी। इस प्रक्रिया में जेएसडब्ल्यू एनर्जी, जिंदल पावर, वेदांता, एनटीपीसी और कोल इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियां शामिल थीं।

चालू महीने में खाद्य तेलों का आयात बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली(एजेंसी)। वैश्विक बाजार में खाद्य तेलों की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। चालू त्योहारी सीजन में घरेलू बाजार में मांग भी तेजी दिखाई दे रही है। जिसके कारण खाद्य तेलों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पिछले महीने खाद्य तेलों के आयात शुल्क में इजाफा का मकसद आयात को हतोत्साहित करना, घरेलू उद्योग और किसानों को फायदा पहुंचाना था। जो फिलहाल पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है। आयात शुल्क में बढ़ोत्तरी के बावजूद चालू महीने में खाद्य तेल का आयात अधिक रहने वाला है। खाद्य तेल कारोबारियों के मुताबिक अक्टूबर महीने में वनस्पति

तेल का आयात 13.50 लाख टन तक पहुंचने वाला है जो अक्टूबर महीने में वनस्पति तेल के आयात का करीब 9 साल का उच्चतम स्तर हो सकता है। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ ने बताया कि रिफाइंड तेल का आयात पिछले साल के 2.88 लाख टन की तुलना में दोगुना हो सकता है जबकि पाम तेल 7.50 लाख टन होने का अनुमान है। अक्टूबर 2023 में 6.95 लाख लीटर पाम तेल का आयात हुआ था। पिछले महीने की तुलना में तीन लाख लीटर अधिक पाम तेल के आयात होने का अनुमान है। कच्चे और रिफाइंड पाम तेल का आयात घटने के कारण सितंबर में कुल खाद्य तेल आयात में 29 प्रतिशत की गिरावट रही है। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) के मुताबिक पिछले महीने कुल खाद्य तेल आयात 10.64 लाख टन रहा है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 14.94 लाख टन रहा था। केंद्र सरकार ने सितंबर के दूसरे सप्ताह में खाद्य तेलों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया गया था। सरकार ने कच्चे पाम तेल, कच्चे सोया तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर 20 फीसदी आयात शुल्क लगा दिया था। इसकी वजह से तीनों तेलों पर कुल आयात शुल्क 5.50 फीसदी से बढ़कर 27.5 फीसदी हो गया है। जबकि रिफाइंड पाम तेल, रिफाइंड सोया तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल के आयात पर 13.75 आयात शुल्क के मुकाबले अब 35.75 फीसदी आयात शुल्क लग रही है। पिछले एक महीने के दौरान सोयाबीन की वैश्विक कीमतों में करीब 16 फीसदी, सूरजमुखी में 12 फीसदी और पाम ऑयल में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसका असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिला। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 24 अक्टूबर को सोयाबीन तेल का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 137 रुपये लीटर, सूरजमुखी का 142 रुपये लीटर और पाम तेल का 123 रुपये लीटर था, जबकि एक महीने पहले यह क्रमशः 127 रुपये लीटर, 129 रुपये लीटर और 110 रुपये लीटर था, जो 10-13 रुपये लीटर की वृद्धि दशार्ता है। सरसों का तेल औसतन 164 रुपये लीटर पर बिक रहा है, जबकि एक महीने पहले यह 151 रुपये लीटर पर बिक रहा था। खाद्य तेलों की कीमतें बढ़ने की वजह से आयात शुल्क में कटौती की मांग की जा रही है। हालांकि सरकार की तरफ से स्पष्ट कर दिया गया है कि फिलहाल शुल्क में कटौती नहीं की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

यूपी से हरियाणा तक 15 लड़कियों को बनाया हवस का शिकार, सबको मार भी डाला

गुरुग्राम एजेंसी। 7 साल में 15 लड़कियों का रेप कर उन्हें मार डालने वाले वहशी दरिंदे को कोर्ट ने अब सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा कि गुरुग्राम के एक स्थानीय कोर्ट ने शुक्रवार को एक सीरियल रेपिस्ट-किलर को 6 साल की लड़की का अपहरण करने के बाद उसके साथ रेप और हत्या करने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्विनी कुमार ने 26 साल के सुनील को 2017 में गुरुग्राम के सिविल लाइंस इलाके से 6 साल की लड़की का अपहरण करने के बाद उसके साथ रेप और हत्या करने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गंज के रहने वाले सुनील को नवंबर 2018 में गुरुग्राम में तीन साल की बच्ची से बलात्कार और हत्या के एक अन्य मामले की जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि पिछले 7 साल में उसने गुरुग्राम, दिल्ली, ग्वालियर और झांसी में कम से कम 15 लड़कियों का रेप कर उनकी हत्या की है। उसने दावा किया कि वह ज्यादातर भंडारे में जाने वाली लड़कियों को निशाना बनाता था। वह उनका अपहरण करने के बाद रेप करता था। उसके बाद उनकी हत्या कर देता था। पीड़ित पक्ष की ओर से मामले का प्रतिनिधित्व एनजीओ फरिश्ते ग्रुप के वकील डॉ. अंजू रावत नेगी और कुलभूषण भारद्वाज ने किया। नेगी ने कहा कि 6 जनवरी, 2017 को मध्य प्रदेश के एक मूल निवासी ने सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी 6 साल की बेटी उस समय लापता हो गई थी, जब वह पीर बाबा के भंडारे से प्रसाद लेने के लिए निकली थी। 25 जनवरी 2017 को राजीव चौक स्थित द्रोण पार्क में पानी की टंकी में बच्ची का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम से पता चला कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसका गला घोंट दिया गया। आरोपी तक पहुंचने के लिए पुलिस ने एक विशेष जांच दल का गठन किया। नेगी ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने को कहा गया है।

नोएडा में कुत्ता घुमाने पर घमासान, 2 लड़कियों ने बुजुर्ग को पीटा; वीडियो वायरल

नोएडा , एजेंसी। नोएडा के सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में कुत्ते को घुमाने के विवाद में दो लड़कियों ने बुजुर्ग के साथ हाथापाई और मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शुक्रवार सुबह वायरल हुआ। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच थाने में समझौता हो गया। लड़कियों ने बुजुर्ग से माफी मांग ली। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लैटफॉर्म पर शुक्रवार सुबह 8 बजे के करीब 45 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ। इस वायरल वीडियो दिख रहा है कि सोसाइटी परिसर में रात के वक्त दो लड़कियां एक कुत्ते को घुमा रही हैं। सोसाइटी में खुले में कुत्ते को घुमाने का जब एक बुजुर्ग दंपती ने विरोध किया, तो दोनों लड़कियां आग बबूला हो गईं और बुजुर्ग दंपती से बहस करने लगीं। देखते ही देखते बात इस हद तक बढ़ गई कि उन दोनों लड़कियों ने बुजुर्ग दंपती से अभद्रता करते हुए हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवती कुत्ते को पकड़कर बुजुर्ग दंपती से बदतमीजी कर रही है। इसी बीच, दूसरी लड़की बुजुर्ग को थप्पड़ जड़ देती है। इस दौरान वहां मौजूद किसी शख्स ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। लोगों ने किसी तरह से उन लड़कियों को शांत कराया। मौके पर लोग जमा हो गए। इसके बाद वो दोनों लड़कियां वहां से तुरंत अपने फ्लैट में चली गईं। आरोपी लड़कियों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर सोसाइटी के कुछ लोग पीड़ित बुजुर्ग को लेकर सेक्टर-113 थाने पहुंचे। हालांकि, यहां दोनों पक्षों के बीच जब बातचीत हुई तो लड़कियों ने अपनी गलती मान ली।

'कुछ लोग माला पहनाने आए और... ' आतिशी का केजरीवाल पर हमले का दावा; भाजपा ने बताई अलग कहानी

नईदिल्ली, एजेंसी।
आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को विकासपुरी में पदयात्रा के दौरान दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला होने का आरोप लगाया। पार्टी ने हमले के पीछे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बताई और आरोप लगाया कि केजरीवाल पर यह हमला भाजपा के गुंडों ने अंजाम दिया। इस हमले को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि भाजपा की गंदी राजनीति कहां तक गिर सकती है उसका प्रमाण आज दिल्ली की जनता को मिल गया है। उधर भाजपा ने कहा कि केजरीवाल पर कोई हमला नहीं हुआ है, बल्कि ये तो जनता का विरोध है जो सामने आ रहा है। भाजपा ने हमले के पीछे की अलग ही कहानी बताई।

हमले को लेकर आतिशी ने कहा, 'भाजपा ने आज अरविंद केजरीवाल जी पर विकासपुरी की पद यात्रा में हमला करवाया। पहले अरविंद केजरीवाल पर फर्जी केस किया, उनको गिरफ्तार किया, उनकी इन्सुलिन रोक कर उनको मारने की साजिश रची और जब कोर्ट ने रिहा कर दिया तो भाजपा अपने गुंडों से हमला करवा रही है।' उन्होंने कहा, भाजपा वालों दिल्ली वाले अपने बेटे, अपने भाई पर इस हमले का बदला आने वाले चुनाव में जरूर लेंगे। हमले से जुड़ी जानकारी देते

हुए आतिशी ने दावा किया कि, 'पदयात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कुछ कार्यकर्ता माला पहनाने के नाम पर सामने आए, और फिर उन्होंने अरविंद केजरीवाल जी के खिलाफ नारे लगाए और उन पर हमला किया। इस हमले में अरविंद केजरीवाल जी को कुछ भी हो सकता था। अगर भाजपा के उन कार्यकर्ताओं के पास हथियार होते तो इस हमले में केजरीवाल जी की जान भी जा सकती थी।'

आगे उन्होंने कहा, ये बिल्कुल साफ है कि यह हमला भारतीय जनता पार्टी ने करवाया है। क्योंकि भाजपा के ही कार्यकर्ताओं द्वारा ही केजरीवाल जी पर पहले भी हमले हुए हैं और एकबार भी दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल जी पर हमला करने वालों पर कोई एक्शन नहीं लिया। आतिशी ने कहा, हर बार जब अरविंद केजरीवाल जी पर हमला हुआ है, चाहे वह दिल्ली सचिवालय में हो या चाहे वह मोतीनगर में हो, हर बार हमलावर भाजपा का निकला है। और भाजपा दिल्ली पुलिस को अपने कार्यकर्ताओं पर एक्शन नहीं लेने देती है, वरना दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा कि यह सारी साजिश भाजपा की थी। आज भी जब हमलावर की जांच होगी, दिल्ली पुलिस की जांच में भी यही निकलकर आएगा कि हमलावर भाजपा का वर्कर था। मैं चैलेंज देती हूं भाजपा को कि अगर हिम्मत है तो जांच करवाकर दिखाओ। अगर हिम्मत है तो इस हमलावर को सख्त से सख्त सजा दिलवाओ। लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि यह हमला उन्होंने ही करवाया है।

उधर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने पूर्व मुख्यमंत्री पर किसी भी तरह के हमले की खबर को मानने से इनकार किया और कहा कि यह सरकार के खिलाफ जनविरोध है, जो सामने आ रहा है। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल पर कहीं कोई हमला नहीं हुआ है, यह जनविरोध है जो चुनाव प्रचार शुरू होने से धीरे धीरे और बढ़ रहा है। अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी और उनके विधायक व्यापक एंटी-इंकबेंसी से घिरे हैं। केजरीवाल को खुद भी चुनाव नहीं लड़ना चाहिए और सभी 58 विधायकों के भी टिकट काटने होंगे। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष सचदेव ने कहा, आज विकासपुरी में, वहां की स्थानीय जनता केजरीवाल से सिर्फ पानी की समस्या की शिकायत करने गई थी। वही गंदा पानी पीने को कहा, जिस गंदे पानी को केजरीवाल ने पूरे दिल्लीवासियों को पीने पर मजबूर कर दिया है। इस पर अरविंद केजरीवाल को गुस्सा आ गया और अपनी आदत के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम को ÷हमला÷ करार दे दिया।

दिल्ली की हवा में थोड़ा सुधार, चार दिन बाद 300 से नीचे आया एक्यूआई

नईदिल्ली, एजेंसी। दमघोंटू हवा में सांस ले रहे दिल्लीवालों को प्रदूषण से थोड़ी राहत मिली है। हवा की रफ्तार तेज होने के चलते राजधानी का एक्यूआई चार दिन बाद खतरे के लाल निशान से नीचे आया। इसके चलते शुक्रवार को प्रदूषण का स्तर बेहद खराब से सुधरकर खराब श्रेणी में पहुंचा। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 270 अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है।

एक दिन पहले यह सूचकांक 306 अंक पर रहा था। वहीं, दिल्ली-एनसीआर की हवा में शुक्रवार शाम चार बजे प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 225 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 2.5 का स्तर 110 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। मानकों के मुताबिक, पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 का स्तर 60 से नीचे होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, अगले दो दिनों के बीच हवा की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहेगी। इसके चलते प्रदूषक कणों का स्तर भी बढ़ेगा। आनंद विहार पिछले कई वर्षों से प्रदूषण का हॉटस्पॉट बना हुआ है, लेकिन इस बार यहां पर प्रदूषण का स्तर लगातार ही सामान्य से ज्यादा देखने को मिल रहा है। शुक्रवार शाम चार बजे यहां का सूचकांक गंभीर श्रेणी के साथ 401 अंक पर रहा। आनंद विहार उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है और यहां पर वाहनों का आवागमन बहुत ज्यादा है। साथ ही निर्माण कार्य भी हो रहे हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि प्रदूषण के 'हॉटस्पॉट' क्षेत्रों में इसके स्रोतों की पहचान ड्रोन कैमरों की मदद से की जाएगी। राय ने कहा कि यह फिलहाल प्रायोगिक आधार पर किया जा रहा है और सफल रहता है तो अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में सुधार आएगा। 'हॉटस्पॉट' क्षेत्र से मतलब अत्यधिक प्रदूषित इलाकों से है। उन्होंने राजधानी वासियों से प्रदूषण कम करने के प्रयासों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

गर्भवती टीनेजर ने बनाया शादी का दबाव, बॉयफ्रेंड ने हत्या कर दफनाई लाश; पहचान छुपाकर की थी दोस्ती

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने 19 साल की युवती की हत्या करने और उसके शव को हरियाणा के एक सुनसान इलाके में गड्ढे में दफनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान संजू उर्फ सलीम (पीड़िता का प्रेमी), पंकज और रितिक के रूप में हुई है। मुख्य आरोपी ने अपनी पहचान छुपाकर पीड़िता से दोस्ती की थी। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक गर्भवती थी और आरोपी पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, इसलिए उसने उसे रास्ते से हटा दिया।

युवती के लापता होने के बारे में पीड़िता के भाई ने 22 अक्टूबर को पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी। तब उसने एक शख्स पर शक जताया था। उसने कहा था कि बहन के गायब होने में उस शख्स का हाथ हो सकता है, जिससे हाल ही में उसकी बहन ने दोस्ती की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि,शिकायत मिलने के बाद जांच के लिए कई टीमों का गठन किया गया था, हालांकि युवती का फोन बंद आ रहा था। फिर जांच के दौरान पुलिस ने संजू उर्फ सलीम और पंकज को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान जिन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया, दोनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 21 अक्टूबर को एक कार किराए पर ली थी और पीड़िता को उसके कुछ सामान के साथ ले गए थे। उन्होंने हरियाणा के रोहतक जिले के मदीना गांव में उसकी हत्या करने और शव को दफनाने की बात स्वीकार कर ली। जिसके बाद उनसे मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए हमारी टीम ने मदीना के सुनसान इलाके में करीब चार फुट गहरे गड्ढे से पीड़िता का शव बरामद किया।

लेडी डॉन अन्नू धनखड़ यूपी से गिरफ्तार, यूएस बसने की तैयारी में थी; दिल्ली के बर्गर किंग शूटआउट में है आरोपी

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजौरी गार्डन फूड आउटलेट हत्याकांड में फरार युवती को गुरुवार को लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार कर लिया। हिमांशु भाऊ गिरोह की सदस्य युवती अन्नू धनकड़ नेपाल जाने की फिराक में थी। इस हत्याकांड में स्पेशल सेल ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया है जबकि दो शूटर की मुठभेड़ में मौत हो चुकी है। लेडी डॉन को यूपी के लखीमपुर-खीरी जिले से भारत-नेपास सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया है। वह अमेरिका जाने की योजना बना रही थी।

डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि 18 जून की रात को राजौरी गार्डन स्थित फूड आउटल (रेस्टोरेंट) में अमन नाम के युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या कर दी गई थी। दो बदमाशों ने करीब 30 से 40 राउंड फायरिंग की थी। स्पेशल सेल ने इस मामले में बिजेंद्र नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मालूम हुआ कि हिमांशु भाऊ-साहिल रिटोलिया के कहने पर अन्नू ने अमन को हनी ट्रैप किया था।

अन्नू ही अमन को फूट आउटलेट में लेकर आई थी। स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में फायरिंग करने वाले विकास एवं आशीष को मार गिराया। लेकिन अन्नू फरार चल रही थी। डीसीपी अमित कौशिक ने बताया कि हत्याकांड के बाद अन्नू वापस मुखर्जी नगर पीजी हास्टल आई। उसने अपना सामान पैक किया और कश्मीरी गेट से कटरा के लिए बस पकड़ी। इस बीच 19 जून को हिमांशु के कहने पर कटरा से निकली। इस दौरान पुलिस को इसकी फुटेज भी मिली। लेकिन इसके बाद से वह लापता हो गई और कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस पूछताछ के दौरान, लेडी डॉन धनखड़ ने खुलासा किया कि वह हिमांशु भाऊ और साहिल रिटोलिया की दोस्त है। उन्होंने उसे अमेरिका में बसने के लिए अपने खर्च पर वीजा और अन्य दस्तावेजों की व्यवस्था करने का वादा किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया, 22 अक्टूबर को भाऊ ने उसे बताया कि मामला शांत हो गया है और पीजी खाली करने का निर्देश दिया। उसने आगे कहा कि वह दुबई के रास्ते अमेरिका जा सकती है। उसे नेपाल जाने के लिए लखीमपुर खीरी आने को कहा गया, लेकिन यहां उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। करीब चार माह तक एसीपी राहुल कुमार सिंह की टीम लगातार अन्नू की तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच 20 अक्तूबर के आसपास अन्नू सोशल मीडिया पर कुछ समय के लिए सक्रिय हुई। पुलिस ने इसके जरिए अन्नू के फोन नंबर आदि को ढूंढ़ निकाला। फिर इसके जरिए उसका ठिकाना लखीमपुरी खीरी में भारत-नेपाल सीमा के पास मिला। इसके आधार पर गुरुवार को पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मालूम हुआ कि अन्नू ने हिमांशु के कहने पर अमन को अपने जाल में फंसाया। जब हत्या हो गई तो वह हिमांशु के निर्देश पर कटरा से जालंधर, हरिद्वार और चंडीगढ़ घूमने के बाद कोटा पहुंची।

ग्लोबल हब के रूप में उबरा भारत: नौकरियों का सुनहरा अवसर, मेक इन इंडिया से मिलेंगे लाखों रोजगार

लंदन , एजेंसी।
भारत की निर्माण क्षमता सिर्फ उत्पाद बनाने की नहीं है यह सपनों को आकार देने, अवसर बनाने, और एक ऐसे राष्ट्र के भविष्य को विकसित करने के बारे में है जो दुनिया में अग्रणी बनने के लिए तैयार है। यानि ग्लोबल हब के रूप में भारत तेजी से उबर रहा है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर 2014 को मेक इन इंडिया योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य भारत को दुनिया के निर्माण का केंद्र बनाना, निवेश आकर्षित करना, नवाचार को बढ़ावा देना, और रोजगार पैदा करना था। इस कार्यक्रम के तहत भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और स्थानीय उद्योग को मजबूत किया जा रहा है।

2014 में निर्माण क्षेत्र ने भारत के जीडीपी में केवल 16 प्रतिशत का योगदान दिया था, जो 2024 में बढ़कर 17 प्रतिशत हो गया है, और 2030 तक इसे 25 प्रतिशत तक पहुँचने का लक्ष्य है।भारत के विभिन्न क्षेत्रों में इस पहल की सफलता के उदाहरण देखने को मिलते हैं, जैसे कि गुजरात का त्तढ्ढस्नञ्ज सिटी और तमिलनाडु का सेमीकंडक्टर केंद्र। मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत नीति सुधारों और रणनीतिक पहलों के चलते भारत ने एफडीआइ के मामले में भी बड़ी प्रगति की है। अप्रैल 2000 से मार्च 2024 के बीच भारत ने 990.97 बिलियन का एफडीआई प्राप्त किया है। इसके अलावा, भारतीय उद्योग में 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे लगभग 170 मिलियन रोजगार के अवसर बने हैं।नोएडा की बात करें तो, मोबाइल फोन निर्माण में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है। सरकार ने उद्योग के लिए एक अनुकूल माहौल बनाने का भी प्रयास किया है, जिसके तहत 3,500 से अधिक नियमों को सरल बनाया गया है। यह योजना भारत के निर्यात में भी महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। रक्षा क्षेत्र में भी भारत ने अपने निर्यात को बढ़ाया है। एफवाय 2024 में रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ तक पहुंच गया है। पीएलआइ योजना, जो मेक इन इंडिया 2.0 का एक महत्वपूर्ण घटक है, के तहत 14 प्रमुख क्षेत्रों में 1.97 लाख करोड़ (26 बिलियन) का निवेश किया जाएगा।भारत अब डिजिटल निर्माण में भी आगे बढ़ रहा है। 2023 तक कई भारतीय कंपनियों ने इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों को अपनाया है। भारत सरकार ने भी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत डिजिटल निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

चीन ने कहा- भारत से समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से 'सुचारू रूप से हो रही सैनिकों की वापसी

बीजिंग , एजेंसी।
चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी ''सुचारू रूप से हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी

द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को बीजिंग में पत्रकारों को बताया, ''सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।

भारत ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर चीन से हुए समझौते की 21 अक्टूबर को घोषणा की थी और बीजिंग ने एक दिन बाद इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि दोनों ''पक्ष प्रासंगिक मामलों के समाधान तक पहुंच गए हैं और वह (बीजिंग) इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए नयी दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा। भारतीय सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया, ''भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि समझौता केवल टकराव वाले इन दो बिंदुओं के लिए हुआ है तथा अन्य क्षेत्रों के लिए बातचीत अब भी चल रही है। सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस और ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर, निर्वाचक मंडल करेगा अंतिम फैसला

वॉशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दो हफ्ते से भी कम का समय बचा है। हालांकि अभी तक अमेरिका में ये तस्वीर साफ नहीं हो सकी है कि आखिर अमेरिकी जनता किसे सत्ता सौंपने जा रही है। ताजा सर्वे में दावा किया गया है कि कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है और लोकप्रिय वोटों के मामले में दोनों को 48-48 फीसदी मत मिले हैं।

हैरिस और ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर: कुछ समय पहले तक कमला हैरिस, डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाती नजर आ रहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे ही ट्रंप और कमला हैरिस के बीच का अंतर भी कम हो रहा है। यही वजह है कि दोनों के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है और कहा जा रहा है कि नतीजा किसी के भी पक्ष में जा सकता है।

यही वजह है कि अमेरिकी की विभिन्न हस्तियां भी खुलकर अपनी पसंद के उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है। अमेरिका के फिल्म अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो ने भी कमला हैरिस के समर्थन का एलान कर दिया है। इससे पहले मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट भी कमला

हैरिस के समर्थन में आ चुकी हैं। वहीं दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क खुलकर ट्रंप का प्रचार कर रहे हैं। बिल गेट्स ने भी कमला हैरिस के प्रचार अभियान को करोड़ों डॉलर का फंड दिया है।

अमेरिकी इतिहास के सबसे कड़े चुनाव में से एक: अमेरिका के मौजूदा चुनाव को इसके इतिहास के सबसे कड़े चुनाव में से एक बताया जा रहा है। बीते कुछ समय में अमेरिका में काफी कुछ घटा है, जिसमें डेमोक्रेट और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के बीच हाई प्रोफाइल बहस, डोनाल्ड ट्रंप पर दो बार जानलेवा हमला हुआ है। दोनों उम्मीदवारों द्वारा अपने प्रचार अभियानों पर करोड़ों डॉलर खर्च किए जा रहे हैं। अमेरिका के जो राज्य अहम साबित होंगे, उनमें नेवादा, नॉर्थ कैरोलिना, पेंसिल्वेनिया, विंस्कोंसिन, एरिजोना, जॉर्जिया, मिशिगन शामिल हैं।

अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के बाद लौटे नासा के अंतरिक्ष यात्री अस्पताल में भर्ती

वाशिंगटन, एजेंसी। अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को चिकित्सा संबंधी समस्या हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग आठ महीने तक रहने के बाद लौटे नासा के एक अंतरिक्ष यात्री को अज्ञात चिकित्सा समस्या के कारण अस्पताल ले जाया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इन अंतरिक्ष यात्रियों का अंतरिक्ष प्रवास बोइंग के कैप्सूल की खराबी और तूफान मिल्टन के कारण बढ़ गया था। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सप्ताह के मध्य में रवाना होने के बाद 'स्पेस एक्स' के कैप्सूल में लौटे ये अंतरिक्ष यात्री पैराशूट की मदद से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे। अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को चिकित्सा संबंधी समस्या हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अंतरिक्ष यात्री की हालत स्थिर है और उसे एहतियाती उपाय के तौर पर अस्पताल में रखा गया है।

आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय-पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक-कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक- श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

भारत 12 साल बाद घर में टेस्ट सीरीज हारा

न्यूजीलैंड ने 113 रन से जीता दूसरा मैच, 2-0 की बढ़त, सैंटनर को 6 विकेट

पुणे, एजेंसी। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हार गई है। टीम इंडिया को पुणे में खेल गए दूसरे टेस्ट में कीवियों ने 113 रन से हराया। इस जीत से कीवियों ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। आखिरी मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने 12 साल के बाद घरेलू मैदान पर कोई टेस्ट सीरीज गंवाई है। टीम को पिछली हार 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली थी। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन 359 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम दूसरी पारी में 245 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 255 रन बनाए। पहली पारी में कीवियों ने 259 और भारत ने 156 रन का स्कोर बनाया। मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 7 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए।

पाकिस्तान टीम के खत्म हुए बुरे दिन, इंग्लैंड को 2-1 से हराया

रावलपिंडी, एजेंसी। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच रावलपिंडी में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने बाजी मारकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की. ये सीरीज पाकिस्तान की टीम के लिए काफी खास रही. सीरीज का पहला मैच हारने के बाद पाकिस्तान की टीम में बड़े बदलाव किए गए थे, बाबर आजम और शाहीन अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ियों को टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया था. पाकिस्तान की टीम को इसका फायदा भी हुआ, टीम ने लगातार दो मैचों में जीत हासिल करके सीरीज अपने नाम कर ली.दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत अपने नाम की. इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने मुकाबला जीतने के लिए सिर्फ 36 रनों का टारगेट रखा था. पाकिस्तान ने इस टारगेट को 1 विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया और मैच जीतने के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम की. बता दें, पाकिस्तान ने लंबे इंतजार के बाद अपने घर पर कोई टेस्ट सीरीज जीती है. इससे पहले उसने साउथ अफ्रीका को साल 2021 की शुरुआत में अपने घर पर हराया था. यानी लगभग 4 साल के इंतजार के बाद पाकिस्तान को अपने घर पर टेस्ट सीरीज में जीत नसीब हुई है.

22 साल के जायसवाल ने रचा इतिहास

तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड, भारत के सभी बल्लेबाज रह गए पीछे

पुणे, एजेंसी। टीम इंडिया के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल के लिए ये साल काफी खास रहा है. टेस्ट फॉर्मेट में उन्होंने जमकर रन बनाए हैं और भारतीय टीम के अहम बल्लेबाज भी बन गए हैं. न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में भी यशस्वी जायसवाल ने कमाल का खेल दिखाया. वह अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. इस पारी के दौरान जायसवाल ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. वह एक खास लिस्ट में भारत के सभी बल्लेबाजों से आगे निकल गए. उन्होंने एक ऐसा कारनामा किया जो विराट कोहली भी अपने करियर में अभी तक नहीं कर सके हैं. यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे टेस्ट मैच की आखिरी पारी में 65 गेंदों पर 77 रन बनाए. इस पारी के दौरान जायसवाल के बल्ले से 9 चौके और 3 छक्के देखने को मिले. इसी के साथ उन्होंने इस साल भारत में अपने 1000 टेस्ट रन भी पूरे किए. जायसवाल घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में 1000 रन का आकंड़ा छूने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले ये कारनामा 1979 में गुंडप्पा विश्वनाथ ने किया था. गुंडप्पा विश्वनाथ अभी तक भारत के लिए घरेलू मैदान पर एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज थे, लेकिन जायसवाल उनसे आगे निकल गए हैं.

गुंडप्पा विश्वनाथ ने 1979 में घरेलू मैदान पर 1047 रन बनाए थे. वहीं, यशस्वी जायसवाल के इस साल भारत में 1056 टेस्ट रन हो गए हैं. वहीं, विराट कोहली 964 रन के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. उन्होंने ये कारनामा साल 2016 में किया था. लेकिन यशस्वी जायसवाल भारत के सभी स्टार बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं.

इस खास क्लब में बनाई अपनी जगह

यशस्वी जायसवाल एक कैलेंडर ईयर में घरेलू टेस्ट मैचों में 1000+ रन बनाने वाले दुनिया के छठे खिलाड़ी हैं. इससे पहले माइकल क्लार्क, मोहम्मद यूसुफ, ग्राहम गूच, गुंडप्पा विश्वनाथ और जस्टिन लैंगर ही ऐसा कर सके थे. वहीं, माइकल क्लार्क एक कैलेंडर ईयर में घरेलू मैदान पर 1407 रन बनाकर इस लिस्ट में सबसे आगे हैं. बता दें, टीम इंडिया को इस साल अपने घर पर अब सिर्फ 1 और टेस्ट मैच खेलना है. ऐसे में यशस्वी जायसवाल के लिए इस लिस्ट में टॉप पर पहुंचना काफी मुश्किल रहने वाला है.

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की घोषणा

नईदिल्ली, एजेंसी। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने शुक्रवार को भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की। भारत की टी20 टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की टी20 सीरीज खेलने के लिए तैयार है और 8 नवंबर को डरबन में अपना पहला ञ्20ढ्ढ खेलेगी। मयंक यादव और शिवम दुबे चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

वहीं, रियान पराग भी चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वर्तमान में वह अपनी पुरानी दाहिने कंधे की चोट का इलाज करवा रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट श्रृंखला के पूरा होने के बाद, भारत ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए तैयार है, जो 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हिस्सा है।

बता दें कि कुलदीप यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला की समाप्ति के बाद उनकी बाईं कमर की पुरानी समस्या उभर आई थी। वह इसका इलाज करवा रहे हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, मो. सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।

रिजर्व-मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई , अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैश्य, अवेश खान, यश दयाल।

भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा 2024 शैड्यूल

- 08-नवंबर-24 - पहला टी20, डरबन में
- 10-नवंबर-24 - दूसरा टी20, गक़ेबरहा में
- 13-नवंबर-24 - तीसरा टी20, सेंचुरियन में
- 15-नवंबर-24 - चौथा टी20, जोहानसबर्ग

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का शैड्यूल

- 22 से 26 नवंबर 2024- पहला टेस्ट, पर्थ स्टेडियम, पर्थ
- 06 से 10 दिसम्बर 2024 - दूसरा टेस्ट (दिन-रात), एडिलेड ओवल
- 14 से 18 दिसम्बर 2024 - तीसरा टेस्ट, गाबा, ब्रिस्बेन
- 26 से 30 दिसम्बर 2024 - चौथा टेस्ट, एमसीजी, मेलबर्न

इमर्जिंग एशिया कप के सेमीफाइनल से बाहर हुई इंडिया ए

नईदिल्ली, एजेंसी। अल अमीरात में इंडिया ए टीम को मुंह की खानी पड़ी है। इमर्जिंग एशिया कप के ग्रुप स्टेज के तीनों मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली इंडिया ए टीम जब अफगानिस्तान के सामने आई तो उन्हें 20 रन से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। इससे पहले अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए भारतीय गेंदबाजों की खूब पिटाई की। ओपनर्स जुबैद अकबरी और सेदिकुल्लाह अटल ने पहले विकेट के लिए 14.1 ओवर में ही 137 रन ठोक दिए। अकबरी ने 64 तो अटल ने 83 रन बनाए। करीम जन्नत ने भी 20 गेंदों पर 41 रन का योगदान दिया और स्कोर 206 तक पहुंचा दिया। जवाब में भारतीय टीम 7 विकेट खोकर 186 रन ही बना सकी। इंडिया ए की ओर से रमनदीप सिंह ने 64 रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए।

अफगानिस्तान ने ओपनर्स जुबैद अकबरी और सेदिकुल्लाह अटल की बदौलत मजबूत शुरूआत की। अकबरी और अटल ने अंशुल कंबोज, आकिब खान और रासिख सलाम की शुरूआती ओवरों में ही खूब रन बटोरे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 14 ओवर में ही 137 रन स्कोरबोर्ड पर टांग दिए थे। अकबरी 41 गेंदों पर 5 चौके और 4 छक्कों की मदद से 64 रन बनाकर आऊट हुए।

अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से सीएसके की पहली पसंद होंगे: हरभजन सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय स्पिन दिग्गज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2025 सीज़न से पहले सीएसके के लिए किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। हरभजन ने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सीजन में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाता हो। उनके बाद, अगला चयन रवींद्र जडेजा और फिर रचिन रवींद्र होगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के लिए, वह भी निश्चित रूप से रिटेंशन में होंगे। उन्होंने कहा,मेरा मानना है कि इन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया जाएगा। उनके अलावा, हम पथिराना को भी टीम में रख सकते हैं, जो एक बेहतरीन गेंदबाज हैंऔर अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया जाता है, तो एक आश्चर्यजनक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह संभव है कि सीएसके केवल पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन करे। इसलिए मेरे विचार से, संभावित रिटेंशन - महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ और पथिराना हैं।

टीम इंडिया में खत्म हुआ मोहम्मद शमी का सफर !

बीसीसीआई के एक फैसले से मची खलबली

नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया इस समय न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है. इसके बाद भारतीय टीम अपनी अगली टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी. 22 नवंबर से खेली जाने वाली इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है. लेकिन चौंकाने वाली बात है कि स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं होंगे. मोहम्मद शमी 2023 वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर हैं. उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान चोट लगी थी, जिसके चलते उन्होंने फरवरी 2024 में लंदन जाकर सर्जरी कराई थी. माना जा रहा था इस ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह वापसी कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है. बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के साथ-साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए भी टीम का ऐलान किया है, जहां टी20 सीरीज खेली जानी है. इस दौरान चोट के कारण टीम में ना चुने जाने वाले खिलाड़ी पर बीसीसीआई ने अलग से अपडेट भी दिया है, जिसमें कुलदीप यादव, मयंक यादव, शिवम दुबे और रियान पराग जैसे खिलाड़ी शामिल हैं. लेकिन बीसीसीआई ने अपनी प्रेस रिलीज में मोहम्मद शमी पर कोई अपडेट नहीं दिया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है.

मोहम्मद शमी ने हाल ही में एक इवेंट के दौरान अपनी चोट पर कहा था कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे के चयन के लिए अपना दावा मजबूत करने के लिए उन्हें कम से कम एक या दो घरेलू मुकाबले खेलकर फिटनेस साबित करनी होगी. लेकिन बीसीसीआई ने अचानक टीम का ऐलान करके सभी को चौंका दिया है. इतना ही नहीं, शमी को सब्जेक्ट टू फिटनेस के साथ भी सेलेक्ट नहीं किया, इसका मतलब ये है कि सीरीज के बीच में भी उनकी एंट्री मुश्किल है.



फुटबॉल लीजेंड जॉन ब्यूरिज और जो मॉरिसन ने मिनर्वा एकेडमी में लगाया स्काउटिंग कैंप

चंडीगढ़, एजेंसी। भारत की शीर्ष फुटबॉल संस्था मिनर्वा एकेडमी ने दो खेल दिग्गजों, जॉन बुरिज (बुजी) और जो मॉरिसन का एक सप्ताह तक चलने वाले स्काउटिंग और प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्वागत किया। जॉन बुरिज, प्रतिष्ठित पूर्व प्रीमियर लीग गोलकीपर, मिनर्वा के जूनियर और सीनियर गोलकीपरों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने अनुभव का खजाना लेकर आए। 20 वर्षों से अधिक के शानदार करियर, 787 मैचों और 276 क्लीन शीट के साथ उनका अनुभव शानदार है। उनके शानदार खेल करियर में वर्किंगटन एएफसी, स्टोक सिटी और यहां तक कि मैनचेस्टर यूनाइटेड, साउथेम्प्टन और न्यूकैसल यूनाइटेड जैसी टीमों में काम करना शामिल है। बुरिज ने अपने कोचिंग करियर के दौरान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एस्टन विला, बर्मिंघम सिटी और कार्डिफ सिटी जैसे प्रतिष्ठित क्लबों के साथ भी काम किया है।उनके प्रीमियर लीग रिकॉर्ड में एक खिलाड़ी के रूप में 269 मैच और कोच के रूप में 50 मैच शामिल हैं।

एक प्रसिद्ध गोलकीपर कोच के रूप में, बुरिज असाधारण प्रतिभा की खोज और विकास करने में गर्व महसूस करते हैं। भारत के नंबर एक गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को एफसी स्टैबेक और यूएफा यूरोपा लीग में मार्गदर्शन मिलने के पीछे वे ही कारण हैं। उन्होंने ओमान के दिग्गज गोलकीपर अली अल-हब्सी को भी निखारा, जिससे उन्हें प्रीमियर लीग में 25 साल का शानदार करियर हासिल करने में मदद मिली।

जो मॉरिसन एक प्रसिद्ध ब्रिटिश खेल प्रस्तुतकर्ता और टीवी होस्ट हैं। वे अपनी आकर्षक कमेंट्री और गहन विश्लेषण के लिए जाने जाते हैं। दो दशकों से अधिक के करियर के साथ, मॉरिसन ने स्काई स्पोर्ट्स, बीबीसी और आईटीवी जैसे प्रमुख नेटवर्क के साथ काम किया है, जिसमें प्रीमियर लीग, यूईएफए चैंपियंस लीग और फीफा विश्व कप जैसे हाई-प्रोफाइल इवेंट शामिल हैं। जो मॉरिसन ने मैचडे लाइव और स्पोर्ट्स सेंट्रल सहित लोकप्रिय खेल शो की मेजबानी भी की है। मॉरिसन की विशेषज्ञता और करिश्माई ऑन-स्क्रीन उपस्थिति ने उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया है, जिससे उन्हें सर्वश्रेष्ठ खेल प्रस्तुतकर्ता के लिए कई पुरस्कार नामांकन मिले हैं। फुटबॉल के प्रति उनके जुनून और उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने उन्हें मिनर्वा के प्रतिभा पूल में इस स्काउटिंग पहल पर जॉन बर्रिज के साथ साझेदारी करने के लिए प्रेरित किया।

मॉरिसन की उपस्थिति भारतीय फुटबॉल में बढ़ती रुचि और उभरती प्रतिभाओं के केंद्र के रूप में मिनर्वा की प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है।मिनर्वा एकेडमी ने अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं, विशेषज्ञ कोचिंग और जमीनी स्तर पर विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ भारतीय फुटबॉल में क्रांति ला दी है। एकेडमी ने विभिन्न आयु समूहों में भारत की राष्ट्रीय टीमों के लिए 250 से अधिक खिलाड़ी तैयार किए हैं।